जयपुर

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 15

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न व नरसंहार के विरोध में गुलाबी नगर में हुआ धरना-प्रदर्शन

जयपुर में आक्रोश का जन-ज्वार उबाल पर

वक्ता बोले- आज जात-पात में बंटने का नहीं एक होने का समय है, बांग्लादेश के हुकमरानों को कड़ा सबक सिखाया जाए

महानगर संवाददाता

जयपुर। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और वहां हिंदू समाज पर हो रहे दमन के विरोध में देशभर में जारी प्रदर्शन के बीच बुधवार को राजधानी प्रदेशभर में कई स्थानों पर धरना-प्रदर्शन हुए। जयपुर में सर्व हिंदू समाज का गुस्सा फूट पड़ा। शहर के हृदय स्थल बड़ी चौपड़ पर हुए ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन में हजारों लोगों ने आक्रोश जताया।

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार और हत्या के खिलाफ नारे लगे। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में संत-महंत, जनप्रतिनिधि, युवा, मातृ शक्ति सहित सर्व हिंदू समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। हिंदुओं को एकजुट होने के लिए बंटोगे तो कटोगे...एक रहेंगे नेक रहेंगे का नारा भी दिया गया। धरनास्थल पर बनाए गए मंच पर केवल संत-महंत बैठे।

वहीं सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, महापौर जयपुर हेरिटेज कुसुम यादव, भाजपा नेता रवि नैयर, समाजों के मुखिया नीचे सड़क पर बैठे। सभी लोगों ने एक हाथ में भगवा ध्वज तो दूसरे हाथ में सेव हिंदू इन बांग्लादेश, धर्मो रक्षति रक्षितः जात-पात की करो विदाई हिंदू-हिंदू भाई, कल नहीं कुछ हल बचेगा-आज लड़े तो कल बचेगा जैसे नारे लिखी तख्ती थाम रखी थी। जयश्री राम और भारत माता के जयकारों ने धरने के माहौल में जोश भर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि आज जात-पात में बंटने का नहीं एक होने का समय है। सभी को मिलकर एकता की ताकत दिखानी होगी। वहीं केंद्र सरकार को चाहिए कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ और मानवाधिकार परिषद में इस गंभीर प्रसंग को उठाए और उचित समाधान निकाले। प्रदर्शन में शामिल सर्व हिंदू समाज के सभी संगठनों से जुड़े लोगों ने भी मांग की कि केंद्र सरकार बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाले। वहां रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर वहां की सरकार से बात करे। केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका को बढ़ाते हुए बांग्लादेश पर दबाव बनवाए। इस मौके पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव को भेजे ज्ञापन को पढ़कर सुनाया गया। पांच सूत्री ज्ञापन में बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने की मांग मुख्य है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ धरने का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रताप भानु और राकेश कुमार शर्मा ने किया।

बोले वक्ता-बटेंगे तो कटेंगे

राजपूत सभा, जयपुर के अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई ने कहा कि हमें भूल जाने की आदत है। हमें अपना गौरव याद करना चाहिए। बांग्लादेश की सरकार भी समाज की रक्षा के लिए है उसे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को कड़ाई से रोकना चाहिए। उसे याद रखना चाहिए कि बांग्लादेश के निर्माण के लिए भारत ने साथ दिया था। अक्षयपात्र के रघुपतिदास ने कहा कि दुनिया के लोग बांग्लादेश पर दबाव डालें, जिससे बांग्लादेश में हिंदू समाज की सुरक्षा हो सके। बांग्लादेश में हिंदुओं की सरेआम हत्या की जा रही है। इस अत्याचार को तुरंत रोका जाना चाहिए। महंत विष्णु नागा ने कहा कि बांग्लादेश में जो घटनाएं हो रही हैं, उसमें वामपंथी और इस्लामी कट्टरपंथी का पूरी तरह से हाथ है। दोनों मिलकर हिंदू समाज का दमन करने में लगे हैं। हम एकजुट नहीं हुए तो ऐसी घटनाएं भारत में भी हो सकती हैं। सिंधी समाज के चंद्रप्रकाश खेतानी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि इस घटना को लेकर वैश्विक संगठनों में जिस तरह का विरोध दिखना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है। सभी संगठनों को आगे आकर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। सिख समाज के सरदार जसवीर सिंह ने कहा कि कृष्ण दास की गिरफ्तारी पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और मानवाधिकारों का हनन है। वैश्विक संगठनों को भी आगे आकर इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। गालव आश्रम के राघवेन्द्राचार्य ने कहा कि हम भ्रम में न रहें कि भारत में बहुसंख्यक हैं तो सुरक्षित हैं। हम जहां बहुसंख्यक हैं वहां भी दुखी हैं। इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण की रिहाई के लिए पूरी दुनिया में अभियान चलाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के लिए आयोजित सभा को वाल्मीकि समाज के सत्यनारायण डेनवाल, गुर्जर समाज के देवनारायण गुर्जर, माली समाज के रोशन सैनी, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, मनीष दास महाराज, अमरनाथ महाराज, महंत राकेशदास ने भी संबोधित किया।

बांग्लादेश सरकार अपने तेवर बदल ले : गोपाल शर्मा

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बांग्लादेश में आजकल जो हुकूमत सत्तासीन है, उसका उदारवादी चेहरा भले ही नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस हैं, किंतु सत्ता की वास्तविक कमान जमात ए इस्लामिया और बांग्लादेश के इस्लामी फौजी हुक्मरानों के हाथों में है। जिस दिन से शेख हसीना सत्ता से बेदखल की गई हैं, तबसे बांग्लादेश की सत्ता इस्लामी कट्टरपंथियों के हाथों में आ गई है। उसी दिन से वृशंस कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं, उनके मंदिरों, मकानों, कारखानों पर निरंतर आक्रमण किए जा रहे हैं। लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि भारत में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नरेंद्र मोदी बैठे हैं। समय रहते बांग्लादेश सरकार को अपने तेवर बदल लेने चाहिए। इसी में उसकी भलाई है। गोपाल शर्मा ने कहा कि मोहम्मद यूनुस की कथित अंतरिम सरकार दुर्दांत कट्टरपंथी हमलावरों पर कोई भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में एकदम नाकाम सिद्ध हुई है। किसी संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी भी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है, परंतु एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार से उत्पीड़न होता रहे और भारत सरकार सिर्फ देखती रहे, लंबे समय तक यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम सभी को एकजुट होकर इसका मुकाबला करना चाहिए। बांग्लादेश की आबादी 17 करोड़ है, जिसमें तकरीबन आठ फीसदी हिंदू हैं। यदि बांग्लादेश की अल्पसंख्यक आबादी पर इसी तरह के जुल्म जारी रहे और बांग्लादेश की हुकूमत इस तरह से मूकदर्शक बनी रही तो फिर बांग्लादेश में भी हिंदुओं का रहना उसी तरह नामुमकिन हो जाएगा, जिस तरह कभी पाकिस्तान में हुआ था, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के होते हुए ऐसा नहीं हो सकता।

तुरंत रिहा हों चिन्मय कृष्ण दास : बालमुकुंदाचार्य

हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। साथ ही हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बांग्लादेश का वह हिस्सा, जहां हिंदू रहते हैं, उस हिस्से को काटकर अलग देश बनाया जाए।

देवेंद्र फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के अगले सीएम

शिंदे डिप्टी सीएम बनने को तैयार, लेकिन गृह मंत्रालय पर अड़े

मुंबई (मसं.)। महाराष्ट्र में सीएम पद के नाम पर जारी सस्पेंस बुधवार को खत्म हो गया। देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, एनसीपी लीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। इसके बाद फडणवीस, शिंदे और पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस और शिंदे ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी दे दी जाएगी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम गुरुवार को शाम 5:30 बजे आजाद मैदान में होगा। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा। महायुति की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद देवेंद्र फडणवीस सीएम हाउस पहुंचे। यहां उनकी एकनाथ शिंदे के साथ 45 मिनट मीटिंग हुई। सूत्रों के अनुसार एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम बनने तो तैयार हो गए हैं, लेकिन वे गृह मंत्रालय के लिए अड़े हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा ने 9 नई नीतियों का किया अनावरण

-देखें पेज @ 2 पर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया 9 नई नीतियों का अनावरण, बोले...प्रदेश की आर्थिक प्रगति, समृद्धि और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बनेंगी नई नीतियां

'नवरत्न' से लिखा जाएगा विकास का नया अध्याय'

महानगर संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करने के लिए 9 नई नीतियों का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि ये नीतियां राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इनसे न केवल निवेश आकर्षित होगा, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नीतियां हमारे राज्य के लिए रोडमैप होने के साथ ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आने वाले निवेश की बढ़ोतरी का महत्वपूर्ण आधार भी हैं, जिनके माध्यम से राज्य में निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य की प्राप्ति में मदद मिलेगी। ये नौ नीतियां नहीं बल्कि प्रदेश के लिए नौरत्नों से कम नहीं हैं। हर एक नीति अपने आप में विकास का नया पैमाना गढ़ने वाली हैं। साथ ही हजारों लोगों को रोजगार मुहैया करवाने वाली हैं।

मददगार साबित होंगी नीतियां: दीयाकुमारी

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पहले ही साल में निवेश सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रभावी बनाने के लिए ये नीतियां मददगार साबित होंगी।

प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा प्रदेश: बैरवा

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रदेश राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से नवाचार एवं निवेश का महत्वपूर्ण केन्द्र बनकर उभर रहा है। निवेश अनुकूल नीतियां प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होंगी।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात संवर्द्धन नीति लागू की जा रही है, जिसके माध्यम से निर्यातकों की सहूलियत के लिए प्रावधान किए गए हैं। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 का निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, जनजातीय क्षेत्र विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मौजूद रहे। साथ ही, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अध्यक्ष राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अध्यक्ष राजस्थान राज्य भंडारण निगम संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा उद्योगपति एवं स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।

ये हैं 9 नई नीतियां, जिनका सीएम ने अनावरण किया है...

1 एमएसएमई नीति 2024 से मिलेगा लघु उद्योगों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान एमएसएमई नीति-2024 प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाएगी। इससे एमएसएमई को ऋण पर अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी, तकनीकी उन्नयन और गुणवत्ता प्रमाणन में सहायता मिल सकेगी।

2 निर्यात संवर्द्धन नीति 2024 से वैश्विक बाजार तक बनेगी पहुंच

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने लिए लाई गई नई नीति निर्यातकों को दस्तावेजीकरण, तकनीकी अपग्रेडेशन और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी के लिए मदद करेगी। इससे लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी और राजस्थान के उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचान बना सकेंगे।

3 एक जिला-एक उत्पाद नीति कारीगरों की आय वृद्धि में सहायक

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर एक जिले में कोई न कोई खास वस्तु का उत्पादन होता ही है। इसलिए हर जिलों के उन विशिष्ट उत्पादों और शिल्पों को बढ़ावा देने के लिए ओडीओपी नीति लाई गई है, जिससे कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों, कृषकों और उत्पाद निर्माताओं की आय में वृद्धि होगी। इस नीति की मदद से ओडीओपी उत्पादों के लिए एकीकृत बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा और इन्हें विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता भी मिलेगी।

4 हस्तशिल्प और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य में क्लस्टर आधारित विकास के जरिए शिल्पकारों और लघु उद्योगों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। इसके माध्यम से राज्य में हस्तशिल्प, हथकरघा और एमएसएमई क्षेत्र की उत्पादकता, गुणवत्ता एवं कार्यक्षमता को बढ़ाकर उन्हें वैश्विक बाजार के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

5 एवीजीसी एंड एक्सआर नीति 2024 नई तकनीक में नवाचार का आधार

एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएलिटी के क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने के उद्देश्य से एवीजीसी एंड एक्सआर नीति-2024 लागू की जा रही है। यह नीति प्रदेश की स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी। साथ ही, इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अटल इनोवेशन स्टूडियो और एक्सेलेरेटर स्थापित किए जाएंगे।

6 नई पर्यटन इकाई नीति 2024 रोजगार सृजन में सहायक

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का अहम योगदान है। प्रदेश में टूरिज्म को नई दिशा देने के लिए राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2024 लाई गई है। इस नीति के माध्यम से पर्यटन से जुड़े निवेशकों व उद्यमियों को आकर्षित करते हुए निजी क्षेत्र में पर्यटन इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया गया है।

7 एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 से होगा हरित ऊर्जा का विस्तार

प्रदेश अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में अग्रणी राज्य है और यहां सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की असीमित संभावनाएं हैं। राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के एमओयू के साथ ही, राइजिंग राजस्थान प्री समिट में ऊर्जा के क्षेत्र में साढ़े छह लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौते किए। प्रदेश में अक्षय ऊर्जा, बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

8 नवीन खनिज नीति 2024 में रोजगार और राजस्व वृद्धि का लक्ष्य

सीएम शर्मा ने कहा कि राजस्थान देश के प्रमुख खनिज उत्पादक राज्यों में से एक है। यहां 82 तरह के खनिजों के भंडार हैं, जिनमें से 58 का व्यावसायिक स्तर पर खनन हो रहा है। नई खनिज नीति के माध्यम से प्रदेश की जीडीपी में खनिज क्षेत्र की वर्तमान 3.4 प्रतिशत की भागीदारी को वर्ष 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 8 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

9 प्रदेश में एम-सेण्ड के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

निर्माण कार्यों में बजरी के स्थान पर एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एम-सेण्ड नीति-2024 लागू की गई है। इससे प्रदेश में एम-सेण्ड के उपयोग व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और निर्माण लागत में कमी आएगी।

राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर शहर के दोनों नगर निगम अलर्ट मोड पर

ग्रेटर निगम में डिवाइडरों की सफाई के लिए लाए ग्लोबर मशीन, हेरिटेज निगम ने बनाई क्यूआरटी टीम

आयोजन को लेकर हेरिटेज व ग्रेटर मेयर निकली शहर दौरे पर, अधिकारियों ने संभाला मोर्चा

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजधानी जयपुर में आगामी 9 दिसम्बर से होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियां चरम पर है। इसी कड़ी में शहर के दोनों नगर निगम भी साफ सफाई को लेकर अलर्ट मोड पर है। शहर की सफाई व्यवस्था को और ज्यादा बेहतर बनाने की कवायद में बुधवार को ग्रेटर निगम में दो नई ग्लोबर मशीन लाई गई। इसके अलावा नगर निगम हेरिटेज ने भी शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाने की कड़ी में क्यूआरटी टीम का गठन किया है, जो पूरे 12 घंटे अलर्ट मोड पर रहेगी।

पौधों के बीच फंसे कचरे को भी संग्रहण करेगी ग्लोबर मशीन,

नगर निगम ग्रेटर के बेड़े में बुधवार को 2 नई ग्लोबर मशीनों को शामिल किया गया। इस अवसर पर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भी मशीन से ट्रायल लिया। मेयर ने बताया कि ग्लोबर मशीन के जरिए शहर के डिवाइडरों को बेहतर तरीके से संवारा जा सकेगा। मशीन डिवाइडर में गहराई तक फंसे कचरे को भी संग्रहण करेगी। मशीन की खास बात ये रहेगी कि ये डिवाइडर के मध्य लगे पौधों को बिना कोई नुकसान पहुंचाए कचरा निकालेगी। इसके अलावा निगम बेड़े में 6 नए हुपर भी शामिल किए गए हैं।

हेरिटेज निगम: 16 कर्मचारी 12 घंटे रहेंगे अलर्ट

राईजिंग राजस्थान समिट से पूर्व शहर को चमकाने की कवायद में बुधवार को हेरिटेज निगम में क्विक रेसपांस टीम का गठन किया गया है। इसके तहत हेरिटेज निगम के 16 कर्मचारियों की टीम लगातार 12 घंटे अलर्ट मोड पर रहेगी। आमजन से आने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान करने के उद्देश्य से बनाई गई टीम लोगों से सफाई को लेकर डेली फीडबैक भी लेगी। नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि क्विक रेसपॉस टीम प्रतिदिन संबंधित अधिकारी को शिकायतों के होने वाले समाधान को लेकर भी अपडेट करेगी।

हेरिटेज मेयर ने परकोटा में देखी सफाई व्यवस्था

हेरिटेज नगर निगम मेयर कुसुम यादव ने बुधवार को शहर के परकोटा एरिया में सफाई व्यवस्था को देखा। मेयर ने चौड़ा रास्ता के विभिन्न मार्गों में सफाई व्यवस्था को देखा ।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ की पीएम मोदी से मुलाकात

राइजिंग राजस्थान समेत अन्य विषयों पर हुई चर्चा

महानगर संवाददाता

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बुधवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने प्रदेशाध्यक्ष को उपचुनाव की जीत की बधाई दी। वहीं, दोनों के बीच राइजिंग राजस्थान को लेकर चर्चा हुई। साथ ही राज्य सरकार के 1 वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित राजस्थान के लिए विशेष रूप फोकस करने के निर्देश दिए। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात ऊर्जा से भरपूर होती है। जहां हमें उनके नेतृत्व में काम कर नया विजन मिलता है।

डेलीगेट्स को मिलेगा राजस्थानी व्यंजनों का स्वाद

- विदेशी निवेशकों को परोसे जाएंगे 50 से अधिक राजस्थानी व्यंजन
- राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर तैयारियां तेज

महानगर संवाददाता

जयपुर। शहर में आयोजित होने जा रही राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में शामिल होने वाले 1 हजार विदेशी निवेशकों और 160 स्टेट गेस्ट 50 से अधिक राज्य के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखेंगे। इस समिट में मेहमानों को दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी, बाजरे की रोटी, मिर्ची बड़ा, लहसुन की चटनी और मालपुआ जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। इसके अलावा, स्थानीय मिठाइयां जैसे घेवर, फीणी और रबड़ी भी मेनू का हिस्सा होंगी। राज्य सरकार का फोकस है कि विदेशी निवेशक न केवल यहां संभावनाओं को देखें, बल्कि यहां के खान-पान, संगीत और परंपराओं को महसूस करें। उधर, विभाग ने राजस्थान के अनूठे व्यंजनों को खास बनाने के लिए विशेषज्ञ शेफ और पारंपरिक रसोइयों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी है।

रसोई में पारंपरिक शैली का उपयोग

समिट के लिए खाना बनाने में राजस्थानी शैली का उपयोग होगा। व्यंजन लकड़ी के चूल्हे और परंपरागत बर्तनों में बनाए जाएंगे, ताकि उनकी वास्तविकता और प्रामाणिकता बरकरार रहे। राजस्थान की मशहूर कच्छी घोड़ी, कालबेलिया नृत्य और लोक संगीत के बीच इन व्यंजनों का स्वाद मेहमानों के अनुभव को और भी खास बनाएगा।

विदेशी निवेशकों के लिए खास आयोजन

राइजिंग ग्लोबल समिट में 160 से अधिक स्टेट गेस्ट और निवेशकों के शामिल होने की उम्मीद है। इन मेहमानों को केवल व्यंजनों का स्वाद ही नहीं मिलेगा, बल्कि उन्हें राजस्थान की पारंपरिक मेहमानवाजी का अनुभव भी कराया जाएगा। आयोजन के दौरान जयपुर के प्रमुख होटलों में सांस्कृतिक डिनर गाला आयोजित किया जाएगा, जहां भोजन के साथ-साथ मेहमानों को राजस्थान की सांस्कृतिक झलक दिखाई जाएगी।

मीटर में रिमोट डिवाइस लगाकर बिजली चोरी करते पकड़ा

महानगर संवाददाता

जयपुर। जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने राजधानी के रामगंज इलाके में छापामार कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी करने का खुलासा किया है। सतर्कता शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा और अधीक्षण अभियंता बीएल शर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

सहायक अभियंता सतर्कता पुखराज मीना ने बताया कि रामगंज ई-द्वितीय उपखण्ड क्षेत्र के अंजता विहार में दिल्ली रोड स्थित प्लाट नं. 25 के परिसर में जांच की गई तो बिजली मीटर में डिवाइस लगी हुई मिली। यहां रिमोर्ट से मीटर को बन्द कर बिजली चोरी करते हुए पाया गया। मौके पर उपभोक्ता रियासुद्दीन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि रिमोट से मीटर बन्द हो जाता है और सप्लाई चालू रहती है। इस पर टीम ने मीटर और रिमोट को जब्त कर वीसीआर भरी। साथ ही, कनेक्शन को काटकर 1,06,034 रुपए का जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार प्लाट नं. 28-ए, अजन्ता विहार के परिसर की भी जांच की गई, जिसमें मीटर टैम्पर्ड करके विद्युत चोरी की जा रही थी। मौके पर वीसीआर भरी गई और कनेक्शन को काटकर 33,576 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सतर्कता शाखा विद्युत चोरी रोकने के लिए सभी सतर्कता अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जांच की जा रही है। विद्युत मीटर के साथ छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी करने वालों की धरपकड़ आगे भी जारी रहेगी।

कविता शर्मा ने एसएचओ बनने के लिए लगाए फर्जी दस्तावेज: डॉ. मीणा

- एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले पर फिर गरमाई सियासत

महानगर संवाददाता

जयपुर। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामला अब सरकार के लिए गले की फांस बनता जा रहा है। एसआई भर्ती मामले में बुधवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। मीणा ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से मुलाकात कर महेश नगर थाना अधिकारी कविता शर्मा की शिकायत की। उन्होंने कहा कि कविता शर्मा ने एसएचओ बनने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया है। इस मामले की जांच की जानी चाहिए। साथ ही आरोप लगाया कि कविता शर्मा ने स्पोर्ट्स के फर्जी दस्तावेज से नौकरी प्राप्त की है, जिसकी जांच एटीएस में लंबित है और शिकायत को सही माना है। मीणा ने कहा कि जिस पुलिस अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट दी हुई है, उसे फील्ड पोस्टिंग देना गलत है।

मीणा काबीना मंत्री, शिकायतों की होगी जांच

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा सरकार के काबीना मंत्री हैं और उनकी शिकायतों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से कदम उठाए थे और पूरे मामले की जांच के आदेश किए गए हैं।

मीणा ने की मामले की जांच की मांग

मीणा के इस बयान ने पुलिस विभाग को सकते में डाल दिया है। महेश नगर थाने की एसएचओ कविता शर्मा का नाम अचानक सुर्खियों में आ गया है। उनके पद को लेकर उठे सवाल अब पुलिस विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। किरोड़ी मीणा का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

आरोप: कुछ अधिकारी मेरी छवि खराब करने में जुटे

मीणा ने कहा कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री और उनके बीच गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी छवि खराब करने के लिए सरकार की इंटेलिजेंस ने गलत इनपुट दिए हैं। मीणा ने इस रिपोर्ट को निराधार बताते हुए कहा कि यह उनकी छवि खराब करने का षड्यंत्र है।

मेघावी छात्राओं को 14 को मिलेगी स्कूटी

महानगर संवाददाता

जयपुर। प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में अध्ययनरत मेघावी छात्राओं को 14 दिसम्बर को सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में स्कूटी वितरित की जाएगी। कॉलेज शिक्षा निदेशालय ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि उनके कॉलेजों में कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना और देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत इस वर्ष के लिए चयनित छात्राओं के दस्तावेज नोडल कॉलेजों को भेजे जाएं, ताकि इन छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया जा सके।

गौरतलब है कि राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में 12 से 17 दिसम्बर तक राज्यस्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी के तहत यह स्कूटी वितरण कार्यक्रम भी होगा।

स्टेडियम में विकसित खेल सुविधाओं का खिलाड़ियों को मिले फायदा: राठौड़

महानगर संवाददाता

जयपुर। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम का औचक निरीक्षण कर परिसर में अवस्थित खेल सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनका अधिकाधिक खिलाड़ियों को फायदा मिले, इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश प्रदान किए।

स्टेडियम के दौरे पर आए खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने परिसर में स्थित कैटेफेरिया में मौजूद खिलाड़ियों से बात करते हुए वहां मिलने वाली सुविधा की जानकारी लेकर संचालक द्वारा दी जा सुविधाओं का भी जायजा लेते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाए जाएं। इस दौरान स्विमर्स ने चौगान स्टेडियम स्थित ऑल वेदर पूल को ट्रेनिंग के लिए उपलब्ध करवाने का निवेदन किया। इसके लिए उन्होंने सचिव, राज्य क्रीड़ा परिषद को वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि गुरुवार को स्वच्छता अभियान के तहत होमगार्ड के जवानों द्वारा श्रमदान के माध्यम से स्टेडियम परिसर की साफ-सफाई अभियान को अंजाम दिया जाएगा। इस मौके पर जनसम्पर्क अधिकारी तेजराज सिंह, सदस्य सचिव-राज्य युवा बोर्ड कैलाश चंद पहाड़िया, पुनःनियुक्त खेल अधिकारी करण सिंह, स्टेडियम सुपरवाइजर अतुल कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

हाल ही 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने सहित चार देशों की यात्रा करके लौटे हैं विधानसभा अध्यक्ष

सदन की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विधायकों को लिखा व्यक्तिगत पत्र : देवनानी

महानगर साक्षात्कार

मोहन लाल शर्मा

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रदेश की जनता की आवाज सदन में अधिक से अधिक रखी जाए, इसके लिए उन्होंने विधानसभा सदस्यों को सदन में अधिक से अधिक उपस्थिति के लिए पत्र लिखा है। विधानसभा की कार्रवाई के दौरान कई सदस्यों की उपस्थिति बहुत कम देखने को मिलती है, जिससे वे अपने क्षेत्र की बात सदन में नहीं उठा पाते हैं। विधानसभा अध्यक्ष के इस प्रयास से विधानसभा के आगामी नए सत्र की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निश्चित रूप से बढ़ेगी और विधायक अपने-अपने क्षेत्र की बात सदन में रखेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी हाल ही ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधि करने सहित चार देशों की सफल यात्रा करके लौटे हैं। देवनानी ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया, जापान, इंडोनेशिया और सिंगापुर की संसदीय प्रणाली सहित वहां की संस्कृति सहित विभिन्न पक्षों को जाना है। राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली सहित इन देशों की संसदीय प्रणाली पर वासुदेव देवनानी ने महानगर टाइम्स के साथ विशेष बातचीत की, जिसके प्रमुख अंश:-

■ विधानसभा सत्र की वर्ष 1990 तक पांच साल में 200 से 300 बैठकें होती रही हैं। अब 150 बैठकें भी नहीं होती हैं। नियमित सत्र और कार्रवाई की बैठक अधिक हो, इसके लिए क्या करेंगे।

ये सही है कि विधानसभा सत्र की बैठकों में पहले के मुकाबले बहुत कमी आई है। 16वीं विधानसभा के पहले ही साल में इसे 30 बैठकों तक किया गया है। अब



मेरा प्रयास रहेगा कि इसे किसी तरह 40 बैठकों तक लेकर जाया जाए। उन्होंने कहा कि पहली बार जीतकर आए विधायकों को भी वे अधिक से अधिक बोलने का अवसर देने का प्रयास करते हैं, जिससे उनके क्षेत्र की आवाज भी सदन में उठ सके।

■ एक साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। यह कार्यकाल कैसा रहा।

पहले ही साल में सदन में कई नवाचार करते हुए सदन की गरिमा बढ़ाने में मैंने अपना योगदान दिया है। पहली बार सर्वदलीय बैठक बुलाई। लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों के साथ मेरे अच्छे संबंध रहे हैं। पक्ष-विपक्ष ने जो मुझ पर विश्वास किया, उस पर खरा उतरने का प्रयास किया है। कई बार सदन में अवरोध आया तो मैंने चैंबर में सदस्यों को बुलाकर समाधान निकाला। मेरा लक्ष्य है कि साल में तीन सत्र हों।

■ विधानसभा पेपर लैस होने जा रही है। जो विधायक टेक्नो-फ्रेंडली नहीं हैं, उनके लिए क्या व्यवस्था की जाएगी इस सिस्टम के आने के बाद।

करीब 15 करोड़ रुपए खर्च कर विधानसभा को हाईटैक बनाया जा रहा है। हर सीट पर आईपैड होगा और विधायक उसी से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। नए साल में आयोजित होने वाला सत्र पूरी तरह से पेपरलैस होगा। ई-विधान से विधानसभा सदन व विधानसभा सचिवालय को डिजिटल किए जाने वाले कार्य को 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद विधायकों की ट्रेनिंग होगी। जब सत्र चलेगा तो जिस कंपनी ने यह प्रोजेक्ट लागू किया है, उसकी टीम भी सदन में मौजूद रहेगी। जैसे ही किसी विधायक को बीच सदन में कोई समस्या आएगी तो तत्काल उसका समाधान किया जाएगा। इस टीम को भी सदन के कायदे-कानून सिखाए जाएंगे कि किसी तरह से चलते सदन में उन्हें सदस्यों की मदद करनी है। सहयोगी के रूप में एक वर्ष के लिए 25 लोग लगाए जाएंगे।

■ आप हाल ही चार देशों की यात्रा से लौटे हैं। उन देशों की संसदीय परंपराओं और विधायिका का अपने यहां से तुलनात्मक अध्ययन किस तरह करते हैं।

भारत का संविधान और लोकतंत्र सर्वश्रेष्ठ है। भारतीयों ने इन देशों में अपनी पहुंच बनाई है अपनी कर्मशीलता के दम पर। संसदीय परंपराएं हमारे यहां ज्यादा अच्छी हैं। जापान की संसद में दोनों सदनों की स्थिति भारत जैसी है। हमारे यहां शून्यकाल, प्रश्नकाल और खुली बहस होती है, वहां उतना नहीं है। हालांकि वहां लोगों में अनुशासन बहुत ज्यादा है।

■ बांग्लादेश में जिस तरह के हालात हुए हैं, ऐसे में वहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं पर आप क्या कहेंगे।

जो लोग कह रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है, वह केवल जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। उन्हें आसपास के राष्ट्रों में जाकर हालात देखने चाहिए। हमारे पड़ोसी मुल्क में जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं, उनके साथ गलत व्यवहार हो रहा है। उन्हें मारा जा रहा है। मंदिर तोड़े जा रहे हैं, जबकि भारत में अल्पसंख्यकों का सम्मान होता है। कानून सभी के लिए समान है। हमारे देश या किसी भी राज्य में सत्ता परिवर्तन होता है तो वह आराम से होता है। वर्ष 1975 में इंदिरा गांधी की इमरजेंसी को छोड़ दें तो लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन अच्छे से हुआ है। यही हमारे लोकतंत्र की मजबूती है। हालांकि ऐसा अन्य देशों में नहीं है। ऐसे में जो लोग हमारे यहां लोकतंत्र को खतरे में बताते हैं, उन्हें बांग्लादेश के हालात देख लेने चाहिए।

■ बांग्लादेश मामले में भारत सरकार को हिंदुओं के लिए क्या करना चाहिए।

बांग्लादेश में हो रहा घटनाक्रम पीड़ादायक है। वहां अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। भारत सरकार भी हिंदुओं के लिए प्रयत्न कर रही है। संयुक्त राष्ट्र को भी इसमें कठोर कदम उठाने चाहिए। वहां कत्लेआम हो रहा है। जो हमारे लिए सोचनीय है। सरकार चिंतित है, लेकिन जल्द ही कुछ कठोर निर्णय करना होगा।

बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड गाड़ी चलाई तो कटेगा चालान

आरटीओ चलाएगा आज से दो दिवसीय सघन अभियान

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजधानी जयपुर सहित आस-पास के इलाकों में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय की ओर से गुरुवार से सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बिना नंबर प्लेट और बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, ओवरलोड चल रहे वाहनों के जरिये होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव की दिशा में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर की ओर से सघन अभियान चलाने का निर्णय किया गया है। कई बार नंबर प्लेट नहीं होने या उनके नंबर अपठनीय स्थिति में होने के चलते दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को सहायता नहीं मिल पाती है। ऐसे में आरटीओ प्रथम कार्यालय की ओर से बिना नंबर और बिना पंजीयन के सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहनों के खिलाफ दो दिवसीय सघन अभियान चलाया जाएगा। इन वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ प्रथम राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि बिना नंबर प्लेट और बिना पंजीयन के चल रहे ट्रकों पर कार्रवाई करने के लिए परिवहन अधिकारी प्रवर्तन और सभी उडनदस्तों को निर्देश दिए गए हैं। रोड सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए 5 और 6 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी राइजिंग राजस्थान समिट के चलते भी ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर खास नजर रखी जाएगी।

कार्ड नहीं तो प्रवेश नहीं

बाहरी लोगों के प्रवेश को लेकर आरटीओ जयपुर प्रथम कार्यालय के अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया है। कार्यालय में गुरुवार से कार्ड नहीं तो गार्ड नहीं अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत अब ऑफिस और फ्लाइंग में बिना आईकार्ड के किसी कर्मचारी भी को प्रवेश नहीं देंगे। इस सख्ती का कारण अनधिकृत लोगों का प्रवेश कार्यालय परिसर में रोकना है। यदि कार्यालय के कर्मचारी अपना आईडी कार्ड साथ में रखेंगे, तो उन्हें इस अभियान से कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

जनता को देंगे एक साल के काम का हिसाब : भजनलाल शर्मा

राज्य सरकार की वर्षगांठ के आयोजनों की समीक्षा

महानगर संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान, महिला, मजदूर तथा युवाओं का सशक्तीकरण ही राज्य सरकार का विजन है। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम, नई योजनाएं तथा नवाचार भी इन वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए राज्य सरकार एक वर्ष में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रख रही है। साथ ही राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी जाएगी।

सीएम भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य सरकार को एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 12 से 17 दिसंबर तक राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए और इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लाभार्थियों एवं आमजन की सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग अपनी प्रत्येक गतिविधि के लिए जिम्मेदारी तय करे तथा उनकी लगातार समीक्षा भी करे, ताकि सभी कार्यक्रम सुनियोजित ढंग से आयोजित हो सकें।

रोजगार उत्सव से करीब 1.5 लाख युवा होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा रोजगार उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। इसके तहत युवाओं को नियुक्ति पत्र तथा नई भर्तियों की सौगात दी जाएगी। इससे लगभग 1 लाख 5 हजार युवा लाभान्वित होंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भर्तियों की विज्ञप्तियों में तेजी लाई जाए। उन्होंने इस दौरान दी जाने वाली नियुक्तियों की स्थिति को लेकर भी समीक्षा की।

एक लाख लखपति दीदियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की पहली वर्षगांठ पर एक लाख लखपति दीदी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार रुपए प्रति समूह रिवॉल्विंग फंड का हस्तांतरण, बालिकाओं को स्कूटी वितरण, महिला हेल्पलाइन एप का शुभारंभ, नमो ड्रोन दीदी का सम्मान, राजसखी पोर्टल का शुभारंभ जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने में महती भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित हो रहे रन फॉर विकसित राजस्थान, राज्यस्तरीय विकास प्रदर्शनी, किसान तथा महिला सम्मेलन, रोजगार उत्सव, विभिन्न लोकार्पण-शिलान्यास कार्यों सहित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।

राजस्थान सफाई कर्मचारी भर्ती रद्द, स्वायत्त शासन विभाग ने जारी किया आदेश

महानगर संवाददाता

जयपुर। प्रदेश में 23,820 पदों पर होने वाली सफाई कर्मचारी भर्ती को रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को स्वायत्त शासन विभाग की ओर से 29 सितंबर को जारी भर्ती विज्ञप्ति को वापस लेने के आदेश जारी किए गए। यह तीसरी बार है जब इस भर्ती को रोका गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ और प्रशासन के बीच अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण जयपुर के हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की भर्ती स्थगित करने का समझौता हुआ था।

लगातार मिल रही थी शिकायतें

विभिन्न नगरीय निकायों से फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनाए जाने की शिकायतें लगातार आ रही थीं। इसके बाद विवाद हो गया था। अब डीएलबी ने इस भर्ती विज्ञप्ति को ही वापस ले लिया है। इस संबंध में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने आदेश जारी किए हैं।

अनुभव प्रमाण पत्र समय पर जारी क्यों नहीं किए : हाईकोर्ट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने सफाईकर्मी भर्ती-2024 में समय पर अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने, उन पर प्रति हस्ताक्षर नहीं होने और ऑनलाइन अपलोड होने में परेशानी होने सहित अन्य मुद्दों को लेकर राज्य सरकार से 6 दिसंबर तक पूछा है कि अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र समय पर जारी क्यों नहीं किए गए। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश पूजा, सुमन व अन्य की याचिकाओं पर दिए।

ये तीसरा मौका जब रोकी गई भर्ती

इस भर्ती को पहले भी दो बार रोका जा चुका है। इस बार आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जयपुर को छोड़कर अन्य सभी नगरीय निकायों में 7 दिसंबर को लॉटरी निकाली जानी थी, लेकिन एन मौके पर राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया।

उपजा विरोध भी

कर्मचारी नेता राकेश मीणा ने कहा कि यह बेरोजगारों के साथ अन्याय है। सरकार को बिना किसी दबाव में आए पहले से बनाए गए नियमों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए थी।

हवाएं बढ़ाएंगी प्रदेश में सर्दी, 2 से 4 डिग्री की गिरावट संभव

महानगर संवाददाता

जयपुर। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं से प्रदेश के पारे में गिरावट आएगी। आगामी दिनों में प्रदेश के पारे में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आएगी। 6.2 डिग्री के साथ माउंट आबू की रात सबसे सर्द रही। प्रदेश में बाड़मेर शहर सबसे गर्म रहा।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम शुष्क बना हुआ है। प्रदेश में तेज सतहीं हवाएं चलेंगी। इससे प्रदेश के पारे में गिरावट आएगी। आगामी 24 घंटे तापमान में ज्यादा परिवर्तन की संभावना नहीं है। राज्य के अधिकांश भागों में हवा में आर्द्रता की औसत मात्रा 60 से 95 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गई। भीलवाड़ा और माउंट आबू का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं प्रदेश के 6 शहरों का रात का पारा 11 डिग्री से नीचे रहा। इसमें वनस्थली, सीकर, चित्तौड़गढ़, चूरू, बारां और करौली शामिल हैं। बाड़मेर का अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया।



हवाओं से गिरा जयपुर का दिन का पारा

जयपुर में दिनभर मध्यम गति की हवाएं चलीं। इससे जयपुर के दिन के पारे में गिरावट आई है। जयपुर के दिन के पारे में एक डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 27.8 और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार हवाओं से आगामी दिनों में जयपुर के पारे में और गिरावट आएगी।

जरूरतमंदों को बांटे कंबल, हाथियों को खिलाया हरा चारा और गुड़

जयपुर (मसं)। वी यूनाइट फाउंडेशन की ओर से बुधवार को सवाई मानसिंक अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर असहाय व जरुरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। फाउंडेशन सचिव पंडित विजय शर्मा ने बताया कि असहाय लोगों को कंबल वितरण के साथ ही आमेर में हाथियों को हरा चारा और गुड़ खिलाया गया। इसके साथ ही पक्षियों को दाना डाला गया। फाउंडेशन हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए संभव प्रयास करता है। इस दौरान तनीषा तंवर, भरतराज, शक्ति सिंह, आशीष शर्मा, यश बग्गा, रीमा अग्रवाल, अंकिता शर्मा, अभिषेक, कुनाम राठौड़, प्रथम मिश्रा, आर्यन, यशिका, मोना शर्मा, चारु बग्गा, मन्नत सहित अन्य मौजूद रहे।

हिन्दू वाहिनी के साहू प्रदेश सचिव नियुक्त

जयपुर (महानगर संवाददाता)। हिन्दू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने बनवारी लाल साहू को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। मिश्रा ने बताया कि साहू का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा।

एरियल केबल एवं पोल्स को हटाया

नगर निगम ग्रेटर की कार्रवाई

महानगर संवाददाता

जयपुर। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए नियम विरुद्ध लगाए गए एरियल कैबल को हटाने को लेकर बुधवार को नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुकमणि रियाड़ के निर्देश पर कार्रवाई की गई। निगम टीम ने बुधवार सुबह 10 बजे सेभारत सेतु फ्लाईओवर से सहकार मार्ग सर्किल, सहकार मार्ग से टोंक रोड, अभिमन्यु मार्ग, के.वी. बजाज नगर वाया अभिमन्यु मार्ग से जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल, एयरपोर्ट एवं स्टेट हेंगर रोड, स्टेट हेंगर से तारो की कूंट टोंक रोड, वहां से कुम्भा मार्ग, सीतापुरा पुलिया, सांगानेरी गेट से अजमेरी गेट, रामबाग व अन्य मार्गों पर कार्रवाई की गई। मालवीय नगर जोन में उक्त कार्रवाई उपायुक्त राजस्व प्रथम, लाइसेंस, होर्डिंग शाखा, गैराज शाखा, विद्युत शाखा एवं सतर्कता शाखा द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

आयुक्त ने बताया कि विभिन्न टेलीकॉम प्रदाता कम्पनी एवं अन्य डिजिटल कैबल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा नगर निगम के विद्युत पोल्स पर लगाई गई अवैध एरियल केबल एवं अवैध क्रॉसिंग को संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चलाकर हटाया गया। इसके साथ ही ऐसे स्थानों पर विजिलेंस टीम द्वारा गश्त भी करवाई जाएगा, जिससे अवैध केबल लगने की पुनरावृत्ति ना हो सके। उन्होंने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा बिना अनुमति के लगाए जाने वाली एरियल कैबल को हटाने की कार्यवाही के साथ ही संबंधित सेवा प्रदाता कम्पनी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाती रहेगी।

संस्कृत शिक्षा में 3003 पदों पर होगी सीधी भर्ती

महानगर संवाददाता

जयपुर। संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा कुल 3003 पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। इसके लिए अर्थना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भेज दी गई है। संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर संस्कृत शिक्षा विभाग में विभिन्न वर्गों में अध्यापक की भर्ती की जाएगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजी अर्थना के अनुसार अध्यापक एल-1 तथा अध्यापक एल-2 के लिए कुल 2759 पदों पर भर्ती की जाएगी। शारीरिक शिक्षक थर्ड ग्रेड के लिए 179 पदों पर भर्ती होगी। पुस्तकालय अध्यक्ष थर्ड ग्रेड के लिए 48 पद तथा प्रयोगशाला सहायक के लिए 17 पदों पर भर्ती की जाएगी।

शिक्षा संकुल में पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में भामाशाह सम्मान समारोह

शिक्षक अनुभव का भंडार, प्रेरक बनकर आगामी पीढ़ी को करें प्रेरित : दिलावर

महानगर संवाददाता

जयपुर। शिक्षा संकुल स्थित स्कूल शिक्षा परिषद सभागार में बुधवार को पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने की। 'राजकीय विद्यालयों के विकास में भामाशाह और प्रेरक शिक्षक' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत राजकीय विद्यालयों के प्रेरक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राज्य की शिक्षा में गुणवत्ता पर भी चर्चा हुई।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने शिक्षकों को 'अनुभव का भंडार' बताते हुए उनके प्रेरक योगदान की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों से आगामी पीढ़ी को प्रेरित करने और कमजोर व अभावग्रस्त क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने की अपील की। शिक्षा मंत्री ने शिक्षक समाज की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राइजिंग राजस्थान समिट-2024 के तहत तीन एमओयू भी साइन किए गए। इससे पहले पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने शिक्षा मंत्री को साफा और स्मृति चिह्न भेंट किए।

'प्रदेश की शिक्षा को देश की बनाएं श्रेष्ठ शिक्षा'

शिक्षा मंत्री ने कहा कि श्रेष्ठ शिक्षकों को अपनी आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके लिए 40 की उम्र के बाद शिक्षकों को स्वयं आकर प्रदेश की शिक्षा को देश की श्रेष्ठ शिक्षा बनाने पर प्रयास करना चाहिए। अपनी श्रेष्ठता का लाभ कमजोर बच्चों एवं अभावग्रस्त विद्यालयों में देकर ऐसा किया जा सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि शिक्षा का मतलब है दिशा देने वाला, संस्कार देने वाला, जागृति लाने वाला और ये सभी गुण एक शिक्षक में मौजूद हैं। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के जीवन में दिशा, संस्कार और जागरूकता का संचार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल शिक्षकों का सम्मान है, बल्कि शिक्षा की श्रेष्ठता, भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत और समग्र विकास की दिशा में एक कदम साबित होगा।

16 से अधिक शिक्षक सम्मानित

राजकीय विद्यालयों में विकास के लिए 15 लाख रुपए से अधिक राशि भामाशाहों के जरिए लाने वाले प्रेरक शिक्षकों का सेमिनार में सम्मान किया गया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया एवं शिक्षकों का हौसला बढ़ाया। सेमिनार में 16 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा मंत्री ने पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान द्वारा इस तरह के आयोजन पर खुशी जताते हुए सम्मानित लोगों में स्वयं को सम्मानित करने पर आभार जताया।

सच्ची घटनाओं और तथ्यों पर आधारित है 'द साबरमती फाइल्स': दीया कुमारी



महानगर संवाददाता

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ एंटरटेनमेंट पैराडाइस में फिल्म 'द साबरमती फाइल्स' को देखा और फिल्मांकन की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि विपक्ष बरसों से तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर गलत नेरेटिव सेट करने में लगा रहा। द साबरमती फाइल्स फिल्म तथ्यों और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसे सभी को देखना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती हैं और द साबरमती फाइल्स ने अपनी इस भूमिका को बखूबी निभाया है। फिल्म के कलाकारों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म के अभिनेताओं की जितनी तारीफ की जाए, कम ही होगी। इससे जनता को सच्चाई का पता लगेगा कि किस तरह वहां पर विभत्स घटनाओं को विपक्ष ने अपने स्तर पर अपने वोट बैंक को प्रभावित करने के लिए उसका नेरेटिव ही बदलवा दिया था।

एनसीसी कैडेट्स ने मनाया नौसेना दिवस

महानगर संवाददाता

श्रीमाधोपुर। एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में तिरंगा फहराकर नौसेना दिवस मनाया। 3 राज बटालियन सीकर द्वारा संचालित एनसीसी की एक बटालियन, जिसमें 80 कैडेट्स शामिल हैं, उन्होंने नौसेना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया।

प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट, ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, जीसीआई अनीता दुसाद, खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने तिरंगा पहरा कर और एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगे को सलामी देकर नौसेना दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व एनसीसी कैडेट राहुल गढ़वाल जो वर्तमान में आर्मी में पद स्थापित हैं, ने एनसीसी कैडेट्स को सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

विद्यार्थियों को वितरित किए जूते-जुराब

महानगर संवाददाता

बस्सी। बस्सी कस्बे की झर बावड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को भामाशाह अर्जुनलाल मीणा व उत्तमलाल मीणा के द्वारा जरूरतमंद परिवारों के 53 बालक-बालिकाओं को जूते-जुराब वितरित किए गए। इस मौके पर एसडीएमसी सदस्य भगवान सहाय मीना, हरिनारायण गुप्ता भी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीराम मीणा व समस्त स्टाफ द्वारा भामाशाह अर्जुनलाल मीणा व अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

दिलाया योजनाओं का लाभ

महानगर संवाददाता

नवलगढ़। ग्राम पंचायत ढाणिया ढाका की ढाणी, बाय, बिरोल ग्राम पंचायतों में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिनेश सुण्डा प्रधान पंचायत समिति नवलगढ़ उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करना हमारा कर्तव्य है। शिविर में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु परिवारों का घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड इत्यादि कार्य किए जाएंगे। शिविर में रणजीताराम सैनी सहायक विकास अधिकारी, नेमीचन्द सहायक विकास अधिकारी, दिक्षांत शर्मा वरिष्ठ सहायक, सुशीला देवी सरपंच ढाणिया नवलगढ़, विनोद चौबदार ग्राम विकास अधिकारी, ओमप्रकाश सांखणिया, सीमा कनिष्ठ सहायक, संदीप शर्मा, अनिल सैनी पटवारी, डॉ. मुकुल कुमार पीएचसी कैरू, बबीता, सुमन, अनुराधा, रंजू देवी ए.एन.एम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नशे के विरोध में मुहिम शुरू

महानगर संवाददाता

बाड़मेर सामाजिक सरोकार और नवाचार के प्रतीक ग्रुप फॉर पीपल सरहदी बाड़मेर जिले के युवाओं में मादक पदार्थों के प्रचलन के खिलाफ जनजागरण अभियान का आगाज कर रहा है, जिसके तहत शहर में विभिन्न कार्यक्रम श्रृंखलाबद्ध तरीके से आयोजित किए जाएंगे। ग्रुप अध्यक्ष जसपाल सिंह डाबी ने बताया कि ग्रुप संस्थापक चन्दनसिंह भाटी के निर्देशानुसार बाड़मेर जिले के युवाओं के बीच नशीले और मादक पदार्थों के अत्यधिक प्रचलन को लेकर व्यापक जन जागरण अभियान का आगाज किया जा रहा है। जनजागरण का आगाज गुरुवार प्रातः दस बजे मेडिकल कॉलेज में 'नशा जीवन का नाश' विषय पर सेमिनार संवाद कार्यक्रम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नशा विरोधी मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। सेमिनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाओं से संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रुप सरंक्षक रावत त्रिभुवन सिंह राठौड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पालिचमी, डॉ. हितेंद्र पुरोहित, डॉ. बीएल मंसुरिया, डॉ. गिरीशचंद्र बनिया, आजाद सिंह राठौड़, दीपक कड़वासरा सहित विषय विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। इससे पूर्व गुरुवार को आयोजित होने वाले सेमिनार के पोस्टर का विमोचन बुधवार प्रातः मुख्य कार्यकारी अधिकारी पालिचमी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, कोषाधिकारी जसराज चौहान, सांख्यिकी अधिकारी जसवंत कुमार द्वारा किया गया।

जिले में अवैध खनन के विरुद्ध जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अभियान

129 प्रकरण दर्ज, 47.10 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूली

24 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज, 10 बड़ी मशीनें और 66 वाहन जब्त

महानगर संवाददाता

भीलवाड़ा। जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिले में खनिजों के अवैध खनन/निर्गमन/भंडारण के विरुद्ध 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलाए गए अभियान में कुल 129 प्रकरण बनाए जाकर 10 बड़ी मशीनें तथा 66 अन्य वाहन डंपर, ट्रोले एवं टैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए तथा 47.10 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। अभियान के दौरान 24 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई।

खनि अभियंता ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान के दौरान 24 घंटे नियमित मॉनिटरिंग की गई एवं समय-समय पर आवश्यक निर्देश दिए गए। अभियान में उपखण्ड स्तरीय टीमों का गठन किया गया, जिनमें राजस्व विभाग के उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, परिवहन विभाग के परिवहन निरीक्षक, खान विभाग के सहायक खनि अभियंता/खनि कार्यदेशक, वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी तथा पुलिस विभाग के पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना अधिकारियों

को शामिल किया गया। संयुक्त दलों द्वारा दिन एवं रात्रि में आकस्मिक चैकिंग एवं दबिश देकर कार्यवाही की गई, जिससे खनिज माफियों में हड़कंप मचा हुआ है तथा अवैध खनन पर अंकुश लगा है।

उपखण्डवार की गई कार्यवाहियों के अनुसार उपखण्ड क्षेत्र आसींद में अवैध खनन/निर्गमन के 8 प्रकरण बनाए जाकर 6 वाहन जब्त किए गए। भीलवाड़ा उपखण्ड में कुल 27 प्रकरण बनाए गए, जिनमें 2 जेसीबी मशीन तथा 15 अन्य वाहन जब्त किए गए एवं 3 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई। गंगापुर उपखण्ड में तीन प्रकरण एवं एक धारा 177 का प्रकरण बनाया गया तथा एक जेसीबी मशीन जब्त की गई। बिजौलिया उपखण्ड क्षेत्र में कुल 11 प्रकरण बनाए गए तथा एक जेसीबी मशीन जब्त की गई। गुलाबपुरा उपखण्ड क्षेत्र में कुल 13 प्रकरण बनाए गए एवं 10 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई तथा 1 जेसीबी मशीन एवं 12 अन्य वाहन जब्त किए गए। हमीरगढ़ क्षेत्र में 10 प्रकरण बनाए गए एवं 2 प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई तथा 2 मशीनें एवं 8 वाहन जब्त किए गए। करेड़ा क्षेत्र में 6 प्रकरण बनाए जाकर दो जेसीबी मशीनें एवं 8 अन्य वाहन जब्त किए गए। एक प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई। मांडल उपखण्ड क्षेत्र में 11 प्रकरण बनाए जाकर 5 वाहन जब्त किए गए एवं 1 प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई। मांडलगढ़ क्षेत्र में 16 प्रकरण बनाए जाकर 2 जेसीबी मशीन एवं 8 वाहन जब्त किए गए। 6 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई। रायपुर उपखण्ड क्षेत्र में 20 प्रकरण बनाए जाकर 2 जेसीबी मशीन एवं 10 अन्य वाहन जब्त किए गए। खान विभाग की ओर से ओ.पी. काबरा, एस.एम.ई भीलवाड़ा एवं अविनाश कुलदीप, एस.एम.ई. (सतर्कता), भीलवाड़ा द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग की गई।

ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को लगाई लताड़

जनसुनवाई में छाया बिजली-पानी और सड़क का मुद्दा

महानगर संवाददाता

रामगढ़ पचवारा। उपखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में बुधवार को लालसोट विधायक रामविलास मीणा, पंचायत समिति प्रधान डॉ. कौशल्या मीणा की अध्यक्षता में लोगों के अभाव अभियोग सुने गए। इस दौरान बिजली-पानी व सड़क सहित ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक रामविलास मीणा ने झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर वन विभाग के अधिकारियों को लताड़ लगाई।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने थाना रामगढ़ पचवारा से एसडीएम कार्यालय तक सड़क चौड़ाईकरण के उपरांत बिजली के पोल ऊंचे कराने की मांग की। इस पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली के पोल पर कैबल लगाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी की पाइपलाइन बिछाने के दौरान जगह-जगह रोड तोड़ देने तथा कई ग्राम पंचायतों के गांवों में पाइप लाइन नहीं पहुंचने का मुद्दा भी छाया रहा। मामला उस समय गरमा गया, जब विधायक के सामने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता ने शिकायत पर यह कह दिया कि हमने तो ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया है।

ग्राम पंचायत अमराबाद सरपंच राकेश हल्कारा ने जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत टूटी पड़ी सड़कें और ग्राम पंचायत के गांव देलाल, बाढ़ देलाल में कई घरों में आज तक पाइपलाइन नहीं पहुंचने पर जोर-शोर से विरोध किया। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने विधायक के समक्ष कहा कि जो पाइपलाइन बिछाई गई थी, उसमें जॉइंट आज तक नहीं जोड़े गए, जिसके कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। हल्कारा ने बताया कि ग्राम पंचायत में आने वाले एक-एक गांव और ढाणियों का सर्वे करवाया गया, लेकिन उसके बाद भी जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत उन गांवों में पाइप लाइन नहीं बिछाई गई। वहीं विधायक ने मामले की जांच कर एसडीएम को समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान वार्ड पार्षद पुष्पा देवी ने सैनी समाज की गरीब महिला के साथ जमीन की रजिस्ट्री किसी दूसरे के नाम हो जाने की शिकायत की, इस पर तहसीलदार को विधायक ने जांच करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा थाने में झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर वन विभाग के अधिकारियों को लताड़ लगाई गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण मीणा, विकास अधिकारी योगेशकुमार मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, राहुवास तहसीलदार रामस्वरूप मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड़, पंचायत समिति अतिरिक्त विकास अधिकारी बच्चूसिंह मीणा, वन संरक्षण सुशील व रामकिशन मीणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहायक अभियंता राजकुमार मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

क्षेत्र में अब गोवंश नहीं रहेगा भूखाः रामविलास

लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर की पहल निशक्त गोवंश की भूख को मिटाएगी। पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई के उपरांत लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर में कहा कि निशक्त गोवंश को चारे के लिए 30 लाख का जन सहयोग इकट्ठा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति लालसोट व रामगढ़ पचवारा में निशक्त घूम रहे गोवंश के लिए दानदाताओं, भामाशाहों व पंचायत समिति के कार्मिकों से जनसहयोग कर चारा की व्यवस्था की जाएगी।

'ख्वाजा साहब के उर्स में की जाए पुख्ता व्यवस्था'

कांग्रेसियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता

अजमेर। विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के आगामी सालाना उर्स में जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था करने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेसियों ने जिला कलेक्टर अजमेर लोक बंधु को ज्ञापन सौंपा।

बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय निवासी महेंद्रसिंह रलावता के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और आगामी ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स पर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की।

जिला कलेक्टर को दिए पत्र में बताया कि उर्स मेला क्षेत्र में वार्ड सं. 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 69 व 70 आते हैं। उर्स से पूर्व मेला क्षेत्र में सफाई कराते हुए आम रास्ते पर जमा मलबा व कचरा तुरंत प्रभाव से हटवाने व उर्स अवधि में 24 घण्टे राउंड द क्लॉक मेला क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था, जायरीनों के आने-जाने के सुविधार्थ मेला क्षेत्र में निर्माण कार्यों पर पूर्णतः रोक लगवाई जाए। वहीं विद्युत, टेलीफोन व कैबल के लटके हुए तारों को दुरुस्त कराएं। पर्याप्त रोड लाइट के लिए स्थायी व अस्थायी विद्युत व्यवस्था की जाए। सड़कों पर पेचवर्क कराया जए। मेला क्षेत्र में जल सप्लाई की लाइनों के लीकेज को दुरस्त कर आवश्यकतानुसार समय पर जलापूर्ति करने को पेयजल विभाग को पाबंद करें। आवश्यक सुरक्षा बंदोबस्त के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस इम्दाद लगाएं। मेला क्षेत्र में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाएं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में मेला अवधि में खाद्य सामग्री की जांच करवाएं ताकि जायरीनों को गुणवत्ता पूर्ण सामग्री उपलब्ध हो। सर्दी को देखते हुए आने वाले जायरीनो के लिए रेन बसैरे की मेला क्षेत्र में व्यवस्था करें। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद खान, वरिष्ठ पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, मुनीरचंद तंबोली, मुख्तियार नवाब सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।

निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविरः 96 मरीजों की जांच, 59 का ऑपरेशन के लिए चयन

श्रीमाधोपुर (मसं)। जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, राजेन्द्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर की ओर से बुधवार को श्रीमाधोपुर के स्व. चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में '63वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर' का आयोजन हुआ। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर में 96 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 59 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया, जहां चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी तथा चश्मे भी निशुल्क दिए जाएंगे।

इस मौके पर शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ. प्राची दवे, अजीतसिंह तंवर, खेता राम, प्रमोद, योगिता, जान्हवी, रामेश्वरी, पूर्व सहप्रातंपाल डॉ. माधव सिंह, पूर्व सहप्रान्तपाल गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व सचिव सुशील कुमार सैनी तथा गोकुल शर्मा व अन्य सदस्यों ने सेवाएं दी। शिविर में पिछले कैंप के ऑपरेशन हो चुके मरीजों को निशुल्क चश्मे दिए गए।

सीकर में हिंदू समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

विश्व हिंदू परिषद की चेतावनीः 100 करोड़ हिंदुओं का सामना करने के लिए रहें तैयार

महानगर संवाददाता

सीकर। बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सीकर में सर्व हिंदू समाज ने विशाल आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान लोगों ने कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। आक्रोश रैली रामलीला मैदान से शुरू होकर जाट बाजार, तापड़िया बगीची, रेलवे स्टेशन, कल्याण सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।

लोहागर्ल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर किए जा रहे हमले से न केवल उनकी धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार खतरे में हैं, बल्कि यह एक गहरी मानवीय त्रासदी भी बन गई है। आए दिन हिंदू लोगों पर जानलेवा हमले होते हैं और महिलाओं- बेटियों के साथ बलात्कार किए जा रहे हैं। समाज के लोग अब इन घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक राजेंद्र मूंडरू ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर केंद्र सरकार भी मौन है। भारत सरकार इस मामले को प्राथमिकता से उठाए और बांग्लादेश सरकार के साथ कूटनीति की चर्चा कर हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग और महासचिव इस विषय पर तत्काल हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव डालें।

राजेंद्र मूंडरू ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत देश के सनातनी हिंदू, बांग्लादेश को चेतावनी दे रहे हैं कि अगर हिंदू जाग गया तो शस्त्र हाथ में लेकर बांग्लादेश को भी चेताया जाएगा। आज तो सिर्फ हनुमान चालीसा पढ़कर केंद्र सरकार को चेताया जा रहा है। इसलिए हिंदू समाज के साथ हो रहे अत्याचार को बांग्लादेश बंद करें, नहीं तो भारत के हिंदुओं का सामना करने के लिए तैयार रहें।

'पर्यटन सीजन की समाप्ति से पहले लपका मुक्त होगा जैसलमेर'

आईजी विकास कुमार बोले- भविष्य में सैलानियों को नहीं होगी परेशानी

महानगर संवाददाता

जैसलमेर। इस पर्यटन सीजन के समाप्त होने से पहले ही जैसलमेर शहर लपका मुक्त हो जाएगा। यह कहना है जोधपुर पुलिस रेंज आईजी विकास कुमार का। अपनी जैसलमेर यात्रा के दौरान आईजी विकास कुमार ने बताया कि सैलानियों को परेशान करने वाले लपकों से जैसलमेर को मुक्त करने का कार्यक्रम जारी है और बहुत जल्द हम जैसलमेर को लपकों से मुक्त करेंगे।

आईजी ने बताया कि जैसलमेर में पर्यटन के लिए नासूर बन चुके लपकों को लेकर पुलिस काम कर रही है और बहुत हद तक इसमें सफल भी रही है। आने वाले सैलानियों को परेशान करने वाले और पर्यटन की छवि को खराब करने वाले बदमाशों को लेकर पुलिस प्लान कर रही है। ऑपरेशन वेलकम के तहत जैसलमेर पुलिस लगातार प्रयास कर रही है और लपकों पर सख्त कार्रवाई करके लपकागिरी को खत्म करने में लगी हुई है।

जैसलमेर यात्रा पर आए आईजी जोधपुर पुलिस रेंज विकास कुमार ने लपकों की समस्या पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने प्लानिंग के तहत कानूनी कार्रवाई कर उनको किस तरह से पर्यटन को खराब करने से रोका जाए, इसको लेकर लगातार काम करने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस साल पर्यटन सीजन के समाप्त होने से पहले ही जैसलमेर को लपका मुक्त कर देगी। हालांकि इस सीजन में जैसलमर पुलिस ने ऑपरेशन वेकलम अभियान के तहत अब तक 60 से भी ज्यादा लपकों को पकड़ा है।

लपकों से ऐतिहासिक शहर शर्मसार

लपकागिरी करने वाले युवा चंद कमीशन के पैसे की खातिर सैलानियों को भ्रमित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। जैसलमेर दुर्ग और यहां के दर्शनीय स्थलों के बारे में नकारात्मक बातें कहने से भी नहीं कतराते हैं। इस सबसे जैसलमेर का पर्यटन व्यवसाय ही नहीं, पूरा ऐतिहासिक शहर शर्मसार हो रहा है। लपकों की समस्या कितनी बड़ी है, इसका पता उन गाइडबुक्स फॉर पर्यटन आधारित वेबसाइट का अध्ययन करने पर चल जाता है, जिसमें उनकी वजह से पूरे जैसलमेर पर्यटन के बारे में नेगेटिव कमेंट्स लिखे मिलते हैं।

तारों से टकराकर इजिप्शियन वल्चर की मौत

जैसलमेर (मसं)। जिले की फतेहगढ़ तहसील के देगराय ओरण के पास भीखसर गांव की सरहद के किनारे बुधवार को हाइटेंशन लाइनों से टकराकर एक इजिप्शियन प्रजाति के गिद्ध की मौत हो गई। इलाके में घूमते पशुपालक पृथ्वी सिंह ने मृत गिद्ध को देखा। उन्होंने पक्षी प्रेमी सुमेर सिंह सांवता को इसकी जानकारी दी। मौके पर आए पक्षी प्रेमी ने वन विभाग को मृत गिद्ध की जानकारी दी। सुमेर सिंह ने बताया कि गिद्ध बिजली के तारों के नीचे गिरा मिला है। इस तरह से प्रवासी पक्षियों की मौत से पक्षी प्रेमी नाराज हैं। पक्षी प्रेमियों का कहना है कि इलाके के हाइटेंशन लाइनों को भूमिगत करने के लिए कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

सीताराम विवाह महोत्सव

राम जी धनुवा तोड़ दिया रे, सीता जी से नाता जोड़ लिया रे...

महानगर संवाददाता

जयपुर। समाज श्री सीताराम जी की ओर से छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीताराम जी में मनाए रहे 45 दिवसीय सीताराम विवाह महोत्सव में बुधवार को घनुष यज्ञ बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। मंदिर महंत नन्द किशोर शर्मा ने धनुष यज्ञ शालाकों को सुंदरता से सजाया। रामप्रसाद अग्रवाल, प्रभु तांबी, रामशरण हल्दिया, अवधेश पौद्दार, रमेश बाईजीवाले, बृज बिहारी, गिरधारी प्रजापति, साक्षी गोपाल विजय, लक्ष्मीनारायण काकड़े वाले ने तोड़ दिया तोड़ दिया रे राम जी धनुवा तोड़ दिया रे, सीता जी से नाता जोड़ लिया रे..., ओ धनुष बड़ों विकराल रघुवर छोटो सो...पद गाकर ठाकुरजी को रिझाया। प्रसंगानुसार राजा जनक के आमंत्रण पर राम-लक्ष्मण गुरु की आज्ञा लेकर स्वयंवर में शामिल होते है। किसी के भी धनुष उठाने में भी समर्थ नहीं होने पर राम धनुष भंग करते हैं। चारों ओर हर्ष का वातावरण बन जाता है। इसी बीच भगवान परशुराम और लक्ष्मण का संवाद होता है।

संस्था के मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि 5 दिसंबर को शाम 6 बजे से रामजी का तिलक एवं मेहंदी मटकोर महोत्सव मनाया जाएगा।

श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन-2024 का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्रील प्रभुपाद भगवान कृष्ण के शुद्ध भक्त हैं। उनके दिखाए भक्ति मार्ग पर चलकर ही भक्त आध्यात्मिक प्रगति कर सकते हैं और भगवान का साक्षात्कार कर सकते हैं। भक्त ग्रथों को पढ़कर भक्ति पथ पर आगे बढ़ सकते हैं और भगवद धाम जाने का मार्ग सुनिश्चित कर सकते हैं। इस उद्देश्य के साथ जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में श्रील प्रभुपाद बुक मैराथन 2024 का शुभारम्भ किया गया।

हरे कृष्ण मूवमेंट की बुक मैराथन का प्रारंभ गुप्त वृंदावन धाम के कृष्ण हॉल में हुआ। उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने बताया 1972 में श्रील प्रभुपाद ने भक्ति वेदांता बुक ट्रस्ट की स्थापना की थी। यह बुक मैराथन वैश्विक पहल का हिस्सा है। इस वर्ष पिछले वर्ष के 1 लाख पुस्तकों के वितरण के रिकॉर्ड को पार करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह मैराथन दो महीने तक चलेगी। 23 फरवरी 2025 को परिणाम और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन होगा। विजेताओं को पुरस्कारों में टेबलटॉप कैलेंडर, विशेष जप किट, फोटो फ्रेम, टी-शर्ट, और मधु पंडित प्रभु द्वारा हस्ताक्षरित पवित्र पुस्तकें दी जाएंगी।

अन्य प्रतिभागियों को स्पेशल बैग, गोल्ड मेडल और बैक टू गॉडहेड, यात्रा का टिकट प्रदान किया जाएगा। गुप्त वृन्दावन धाम में हरे कृष्ण मूवमेंट की बुक मैराथन के सुपर 3 विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

पारिवारिक फिल्म 'तेरे मेरे बीच में' का पोस्टर लॉन्च

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री राधा गोविंद फिल्म्स की ओर से निर्मित हिंदी फिल्म तेरे मेरे बीच में का फ र्स्ट लुक बुधवार को द आंगन मानसरोवर में जारी हुआ। इस अवसर पर फिल्म से जुड़े कलाकार उपस्थित रहे। लेखक- निर्देशक धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया फिल्म की कहानी एक परिवार के इर्द गिर्द रची गई है जिसमें पति-पत्नी के सम्बन्धों को रेखांकित करते हुए यह संदेश दिया गया है कि किसी भी जोड़े को मुकम्मल परिवार बनाने के लिए अपनी अति महत्वाकांक्षी सोच को ताक में रखना पड़ता है।

फिल्म की निर्माता माया देवी उपाध्याय और सहनिर्माता प्रेम शर्मा हैं। फिल्म का छायांकन पंछी गौतम और प्रोडक्शन कंट्रोलर अनुज शर्मा हैं। मुख्य भूमिकाओं में कपिल वशिष्ठ, स्नेह साहनी, चारु शर्मा, पारुल वत्स और मंजु वशिष्ठ हैं। फिल्म जल्द सोनोटेक चैनल पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी।

भारतीय नौसेना दिवस मनाया



महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री भवानी निकेतन सीनियर सैकंडरी विद्यालय में एनसीसी की नेवल विंग की ओर से भारतीय नौसेना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना अग्रवाल ने एनसीसी एनओ सुमन शर्मा के तत्वावधान में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा भारतीय नौसेना में भागीदारी के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। भाषण व पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर के भाग लिया।

राइजिंग राजस्थान : पर्यटन स्थलों पर रहेंगे खास इंतजाम

पर्यटन विभाग की पहल : समिट में आने वाले प्रतिनिधियों के किट में रहेगा जयपुर का नक्शा

महानगर संवाददाता

जयपुर। प्रदेश सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट ग्लोबल समिट का आयोजन 9 से 11 दिसंबर के बीच राजधानी जयपुर में होने जा रहा है। इसे देखते हुए जयपुर के पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटन विभाग की ओर से खास इंतजाम किए जा रहे हैं, जिनकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

दरअसल, जयपुर के किले-महल और सांस्कृतिक विरासत विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां दुनियाभर से पर्यटक हवामहल, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय, आमेर महल और विश्व धरोहर जंतर-मंतर की खूबसूरती और कला को देखने के लिए आते हैं। ऐसे में राइजिंग राजस्थान समिट में आने वाले देशी-विदेशी मेहमानों को जयपुर की यात्रा करवाने के लिए पर्यटन विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण ने भी खास इंतजाम किए हैं। विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि राइजिंग राजस्थान में आने वाले प्रतिनिधियों के लिए जयपुर के दर्शनीय स्थलों की यात्रा करवाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी प्रमुख स्मारक पर गाइड्स को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो आने वाले मेहमानों को मुफ्त सेवाएं देंगे। इससे उन्हें राजस्थान की संस्कृति और विरासत को समझने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि सभी स्टेट गेस्ट का स्मारकों में प्रवेश भी निःशुल्क रहेगा। इसके साथ ही जयपुर के बारे में जानकारी देने के लिए एक विस्तृत नक्शा भी प्रिंट करवाया गया, जो आने वाले सभी डेलीगेट्स के किट में रखा जाएगा।

स्वागत को तैयार है जयपुर

देशी-विदेशी मेहमानों के स्वागत को लेकर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 64 लाख रुपए की लागत से मुख्य सड़कों, सर्किलों, चौराहों एवं मीडियन का शरद ऋतु के सीजनल फुलवारियों से सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि शहर की मुख्य सड़कों टोंक रोड, जेएलएन मार्ग, विभिन्न चौराहों, आरओबी और अंडरपासों पर रंग रोगन, चित्रकारी के कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही नगर निगम जयपुर हेरिटेज और ग्रेटर की ओर से भी सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था के लिए डंपिंग यार्डों को हटाने का काम किया जा रहा है। इसमें जेडीए ने सभी प्रमुख सड़कों के मीडियन, छोटी चौपड़, चौपड़, बड़ी चौपड़, स्टेच्यू सर्किल, जवाहर सर्किल, सेंटल पार्क, एयरपोर्ट रोड, रामनिवास बाग सहित प्रमुख स्थानों पर फुलवारी लगाई जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिया सातवां संकल्प

'राइजिंग राजस्थान' में दिखेगी कला एवं संस्कृति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने बुधवार को सातवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की अनूठी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की उत्कृष्ट कला एवं गौरवशाली संस्कृति का प्रदर्शन आयोजन की भव्यता को बढ़ाएगा। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कला एवं संस्कृति की लोकप्रियता बढ़ेगी।

बड़ी संख्या में लोगों ने ज्योति कलश की पूजा की

ज्योति कलश यात्रा पर बरसाए श्रद्धा के फूल

दीपयज्ञ में अर्पित की आहुतियां

महानगर संवाददाता

जयपुर। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 2400 तीर्थों का जल एवं रज संग्रहित कर विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, मानव कल्याण एवं गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ज्योति रथ कलश यात्रा ने बुधवार को 28 वें दिन न्यू सांगानेर रोड को गायत्रीमय बना दिया। यात्रा का एसबीबीजे कॉलोनी, उदय नगर, गणेश नगर, राजेंद्र प्रसाद नगर एवं कृष्णापुरी में भक्तिभाव से स्वागत किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता नवल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोगों ने ज्योति कलश की पूजा की। ज्योति कलश के दर्शन करने के लिए लोग उमड़ पड़े। लोगों ने गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए पुष्प वर्षा के साथ ज्योति कलश का स्वागत किया। रथ के साथ चल रहे गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने हम सुधरेंगे युग सुधरेगा हम बदलेंगे युग बदलेगा जैसे नारों से आसपास का वातावरण गायत्रीमय बना दिया। इंजीनियर्स कॉलोनी स्थित चंद्रा पैराडाइज, सियाराम पैराडाइज, उन्नति कलेक्शन, ग्रीन विलाज अपार्टमेंट, मेट्रो प्राइम अपार्टमेंट में सामूहिक रूप से रथ यात्रा का कई देर तक स्वागत हुआ। मोहननगर के हनुमंतेश्वर मंदिर और बलदेवनगर के राधा गोविंद मंदिर में भक्तों ने सामूहिक स्वागत किया। शाम को गोविंददेवजी ठाकुरजी मंदिर में दीपयज्ञ हुआ। सैकड़ों की संख्या में दीपक जलाकर विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां प्रदान की गई।



इसलिए निकाली जा रही है यात्रा

गायत्री परिवार के जोन प्रभारी एवं मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि रथ यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार में 1926 से प्रज्वलित अखंड दीपक के 2026 में 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य एवं गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की सहधर्मिणी एवं महान साधिका भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में आयोजित की जा रही है। गायत्री परिवार जयपुर शहर जिला संयोजक केदार शर्मा ने बताया कि जयपुर शहर में यात्रा का शुभारंभ 6 नवंबर को हुआ था। यात्रा 8 दिसंबर तक जयपुर शहर में आयोजित होगी। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में ज्योति रथ कलश यात्रा का संचालन होगा। यात्रा का समापन बसंत पंचमी 2026 में होगा

टेम्पल कनेक्ट मीटः एक मंच पर आए प्रदेश के 30 से अधिक मंदिरों के महंत

महानगर संवाददाता

जयपुर। टेम्पल कनेक्ट की ओर से होटल ग्रेंड उनियारा में बुधवार को टेम्पल कनेक्ट मीट्स का आयोजन किया। इसमें जयपुर सहित पूरे राजस्थान के 30 से अधिक मंदिरों के महंतों को एक मंच पर लाया गया। टेम्पल कनेक्ट और आईटीसी एक्स के फाउंडर गिरीश वासुदेव कुलकर्णी और आईटीसीएक्स की राष्ट्रीय आयोजन समिति की सदस्य आचार्या हिमानी शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से फरवरी 2025 में तिरुपति में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो (आईटीसीएक्स)-2025 के लिए प्रदेश के मंदिर प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि जयपुर, राजस्थान को सांस्कृतिक गौरव प्राप्त है क्योंकि इसे छोटी काशी माना जाता है। इस कार्यक्रम में मंदिर के संरक्षक और ट्रस्टियों की उत्साही भागीदारी देखी गई। जिन्होंने मंदिर प्रबंधन पर अपने दृष्टिकोण साझा किए और आईटीसीएक्स 2025 के मिशन के साथ जुड़ने में गहरी रुचि व्यक्त की। इस ऐतिहासिक सभा ने भारत के आध्यात्मिक और मंदिर प्रशासन तंत्र में राजस्थान

के महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में गिरिश वासुदेव कुलकर्णी ने मन्दिरों के उत्थान और नवीनीकरण की तकनीक की आवश्यकता को समझाया। साथ ही आगामी कार्यक्रम का निमंत्रण राजस्थान के सभी मंदिरों को दिया। इस कार्यक्रम का समन्वय आईटीसीएक्स की राष्ट्रीय आयोजन समिति की सदस्य आचार्या हिमानी शास्त्री और आईटीसीएक्स राजस्थान की क्षेत्रीय आयोजन समिति के आचार्य अनुपम जौली ने किया। इस अवसर पर आचार्य गोपाल शरण महाराज, महामंडलेश्वर मुरली मनोहर दास, पं. संतोष कुमार व्यास, आचार्य संतोष कुमार भट्ट, नटवर लाल पंचा, पं. गौरव शर्मा, आचार्य देव शर्मा, महंत किशोरी शर्मा, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे सहित अनेक मंदिरों के महंत और पुजारी उपस्थित रहे।

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी के उत्पादों पर 50 प्रतिशत की छूट

महानगर संवाददाता

जयपुर। बजाज नगर स्थित राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ में संस्थाओं के सहयोग से खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024-25 का 13 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में 190 स्टॉल लगाई गई है जिसमें 120 स्टॉल प्रांत की खादी संस्थाओं द्वारा सूती, ऊनी, पोली, रेशमी उत्पादों की बिक्री एवं 70 स्टॉल ग्रामोद्योगी संस्थाओं के उत्पादों की बिक्री की लगाई गई है। राज्य सरकार की ओर से 2 अक्टूबर से 30 जनवरी तक प्रांतीय उत्पादन पर 35 प्रतिशत छूट की घोषणा करने से इसमें 5 प्रतिशत एम.डी.ए. एवं 10 प्रतिशत विपणन विकास जोड़कर इस प्रकार कुल 50 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को दी जा रही है। पर प्रांतीय उत्पादन पर 25 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को दी जा रही है। 2 दिसम्बर, 2024 तक प्रदर्शनी में 2.20 करोड़ की बिक्री हुई है। जिसमें सूती, ऊनी, पोली, रेशमी उत्पादों की 1.70 करोड़ एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों की 50 लाख की अब तक बिक्री हुई है।

संत जेवियर विद्यालय में 'विराट कवि सम्मेलन' आयोजित

महानगर संवाददाता

जयपुर। संत जेवियर विद्यालय जयपुर में 'विराट कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक व जोश के साथ भाग लिया। बच्चों ने कविताओं के विभिन्न रंग बिखेरे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक विष्णु शरण शर्मा व सरोज नौटियाल ने किया। मुख्य अतिथि आयकर विभाग के चीफ कमिश्नर नरेंद्र कुमार बालोदिया और विशिष्ट अतिथि वेदांत भारद्वाज उद्यमी, समाजसेवी एवं अध्यक्ष गौड़ ब्राह्मण महासभा रहे।

वार्षिकोत्सव के लिए दिया प्रथम पूज्य को निमंत्रण

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर का 20वां वार्षिकोत्सव भजन संध्या के साथ 15 दिसंबर को विभिन्न सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन 15 दिसंबर को दोपहर 12:15 बजे से शाम 7:15 बजे तक शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के दीप स्मृति ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसी कड़ी में संस्था के प्रमुख सदस्यों ने प्रथम पूज्य मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर विघ्न विनाशक गणपति को प्रथम निमंत्रण दिया। मोती डूंगरी गणेश जी के अलावा आराध्य देव गोविंददेवजी, चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी, श्याम बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी, सत्यनारायण गुप्ता, अरुण तिवारी, राम मनोहर खंडेलवाल, सुशील पारीख,नरेश गुप्ता, सूरज कुमावत, दिनेश गुप्ता, तरुण सोनी, एकता खंडेलवाल, शैलजा गुप्ता, सुनीता शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव से पूर्व करेंगे सेवा कार्य

श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर के 20वें वार्षिकोत्सव से किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में संचालित मां भगवती उच्च प्राथमिक विद्यालय के अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों को स्टेशनरी और पाठ्य सामग्री भेंट की जाएगी।

सजेगा सांवरे का मनमोहक दरबार

श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी ने बताया कि वार्षिकोत्सव पर श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाकर फूलों से आकर्षक शृंगार किया जाएगा। अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर पुष्प और इत्र वर्षा के बीच श्याम प्रभु को रिझाया जाएगा। कोलकाता से संजू शर्मा के अलावा जयपुर के शुभम शर्मा, तृप्ति केशव लड्ढा, महेश परमार, अभिषेक नामा, गिरिराज शरण, गोपाल सैन, राजेश आटोलिया, निशा-गोविंद सहित अन्य मीठे- मीठे भजनों से श्याम प्रभु को रिझाएंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क पास के माध्यम से होगा।

माध्यमिक विद्यालय में 125 बालक-बालिकाओं को बांटे स्वेटर

जयपुर (मसं)। जवाहर नगर स्थित राजकीय सिंधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में ऑल इंडिया सिंधु कल्चर सोसाइटी और सिंधु संघ, महानगर के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय में अध्ययनरत 125 बालक-बालिकाओं को स्वेटर बांटे गए। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष दिलीप गुरसहानी, सिंधु संघ के अध्यक्ष जेठानंद ठारवानी, महासचिव महेंद्र लाला, तुलसी संगतानी और राजा राम भाटिया द्वारा स्वेटर वितरित किए। उपप्रधानाचार्या नीता भाटिया ने इस कार्य के लिए सोसाइटी के अध्यक्ष श्री चंद दीवान और महासचिव मूलचंद बसंतानी का आभार जताया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका हीना सामनानी, पार्वती मोटवानी, देवेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

बांग्लादेश की सख्ती से कसें नकेल

हिंदुओं पर हो रही बर्बरतापूर्ण घटनाएं अब बर्दाश्त से बाहर

बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन और उनके भारत में शरण लेने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर जिस तरह लगातार हमले हो रहे हैं, इस्कॉन से जुड़े धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी उसकी अगली कड़ी है। दास की जमानत याचिका खारिज होने के बाद उनके वकील की निर्मम हत्या असहिष्णुता की पराकाष्ठा को ही दर्शाती है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि वहां अल्पसंख्यक किन भयावह स्थितियों का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों पर हमले तक किए गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के पैरोकार दास को कथित रूप से बांग्लादेशी झंडे का अपमान करने तथा राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने के कारण बांग्लादेश और सीमा पार भारत में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। दरअसल, इस अशांति का संदर्भ लगातार अल्पसंख्यक उत्पीड़न के पैटर्न में निहित हैं। बांग्लादेश के संवैधानिक आश्वासन के बावजूद वहां के हिंदू, जो कि आबादी का लगभग नौ फीसदी हैं, लगातार हिंसा, बर्बरता और सामाजिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। वहां हिंदुओं के घरों व मंदिरों पर भीड़ पर हमलों की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। जिसमें हसीना सरकार के पतन के बाद खासी तेजी आई है। आधिकारिक रूप से इस्लामिक धर्म वाले इस देश में यह स्थिति अल्पसंख्यकों की व्यापक असुरक्षा को दर्शाती है। अल्पसंख्यक संगठनों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगाए जाने के बाद विश्वास बहाली की जिम्मेदारी कार्यवाहक सरकार पर है। जिसका दायित्व बनता है कि उत्पीड़न के शिकार लोगों को न्याय दिलाने के लिए विशेष न्यायाधिकरण के जरिए यथाशीघ्र कार्रवाई करे। यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो अशांति के बढ़ने का खतरा बना रहेगा। मौजूदा घटनाचक्र से बांग्लादेश की प्रगतिशील लोकतंत्र की छवि कमजोर हुई है। निस्संदेह, वहां सभी अल्पसंख्यकों के लिए शांति और सुरक्षा एक जीवंत वास्तविकता होनी चाहिए। ढाका सरकार को छात्र आंदोलन के जरिए हुए राजनीतिक परिवर्तन के बाद पनप रही कट्टरता पर अंकुश लगाना चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं गाहे-बगाहे आती रही हैं। पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर गंभीर चिंता जताई थी। यहां तक कि ट्रांसपेरंसी इंटरनेशनल ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान अल्पसंख्यकों पर बढ़े हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट में हसीना सरकार के पतन के बाद के एक पखवाड़े में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के दो हजार से अधिक मामलों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट इस बात पर भी चिंता जताती है कि ऐसे मामलों में अपराधियों की पहचान होने के बावजूद उन्हें दंडित नहीं किया गया। बल्कि इसके बहाने राजनीतिक विरोधियों को ही निशाना बनाया गया। ऐसी हिंसा के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की तरफ से भी तल्ख प्रतिक्रिया दर्ज की गई है। यह विडंबना ही है कि जिस बांग्लादेश की स्थापना भारत के त्याग व बलिदान के चलते एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हुई थी, आज वहां यूनुस सरकार उन मूल्यों को ताक पर रख रही है। भारत सरकार के विरोध के बावजूद यूनुस सरकार किसी भी तरह से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी देने को तैयार नहीं है। बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि जब-जब सेना के हाथ में सत्ता की बागडोर आई है, तो कट्टरपंथियों को संरक्षण मिला है। ऐसे में फौज द्वारा गठित अंतरिम सरकार से इस दिशा में किसी बड़ी पहल की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। भारत सरकार को राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों से अंतरिम सरकार पर दबाव बनाना होगा ताकि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दे। तभी कट्टरपंथियों की निरंतर जारी हिंसा पर अंकुश लगाने की उम्मीद की जा सकती है। इसके साथ ही पाक समर्थित कट्टरपंथी संगठनों पर भी नियंत्रण करने के लिए दबाव बनाने की जरूरत है। वैसे अंतरिम सरकार के अड़ियल रवैये को देखते हुए बहुत ज्यादा उम्मीद इस दिशा में नजर नहीं आ रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का दबाव इस दिशा में एक उपाय हो सकता है। जिस व्यक्ति ने पाकिस्तान से बांग्लादेश को अलग करने के लिए अमेरिका में बांग्लादेश इंफोरमेशन सेंटर की स्थापना कर उसका नेतृत्व किया, वही आदमी पाकिस्तान से अपना समुद्री रूट खोलकर आज इसलामाबाद का मोहरा और वाशिंगटन का पिछलग्गू बन गया है। यूनुस नेल्सन मंडेला द्वारा शुरू किए गए समूह 'द इल्डर्स' के संस्थापक सदस्यों में थे, जिसका गठन दुनिया की सबसे कठिन समस्याओं से निपटने के लिए हुआ था और जिसमें इनसे इनके ज्ञान, स्वतंत्र नेतृत्व और ईमानदारी की अपेक्षा थी। जबकि यूनुस अपने ही देश में उस सांप्रदायिक भेदभाव वाली सोच के मुखिया हैं, जहां हर 100 नागरिकों में से आठ सुरक्षित जीवन जीने के अपने अधिकार से वंचित हैं। पिछले चार महीने में वहां अनेक प्रसिद्ध हिंदू और अल्पसंख्यक नेताओं को हास्यास्पद आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। फिर से एकजुट हुए सीआईए-आईएसआई गठजोड़ के मोहरे यूनुस ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को कभी विराम नहीं दिया। आज बांग्लादेश का नेतृत्व 84 साल का यही व्यक्ति कर रहा है, जिसकी पहचान एक कट्टरवादी उन्मादी की है। उन्होंने बांग्लादेश के पिता और दशकों से उसके मित्र रहे भारत को सबसे घृणास्पद शत्रु में बदल दिया है। यूनुस ने इस तथ्य की अनदेखी कर दी कि बांग्लादेश के विकास के लिए भारत ने 10 अरब डॉलर से ज्यादा की मदद की है। जेहादियों ने इसकी भी अनदेखी की कि बांग्लादेश में बिजली की कुल खपत का 25 प्रतिशत भारत मुहैया कराता है। मोदी विरोधी, उदारवादी सहयोगी नेटवर्क ने बगैर जिम्मेदारी के यूनुस को अपना एजेंडा चलाने की छूट दे रखी है। यूनुस के नेतृत्व में शेख हसीना के ज्यादातर कैबिनेट मंत्रियों को मार दिया गया है या जेल में डाल दिया गया है। न्यापालिका को भी अपने हिसाब से ढाल लिया गया है। पाकिस्तान परस्त तत्वों का गुस्सा शेख हसीना से ज्यादा भारत पर केंद्रित दिखा। यूनुस ने खालिदा जिया समेत अनेक भारत-विरोधियों को जेल से रिहा किया। हिंदू प्रतिरोध को बलपूर्वक कुचल दिया गया। इस्कॉन पर प्रतिबंध लगा दिया गया, यह अनीति और अन्याय की पराकाष्ठा है।

बांग्लादेश के संवैधानिक आश्वासन के बावजूद वहां के हिंदू, जो कि आबादी का लगभग नौ फीसदी हैं, लगातार हिंसा, बर्बरता और सामाजिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। वहां हिंदुओं के घरों व मंदिरों पर भीड़ पर हमलों की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। जिसमें हसीना सरकार के पतन के बाद खासी तेजी आई है। आधिकारिक रूप से इस्लामिक धर्म वाले इस देश में यह स्थिति अल्पसंख्यकों की व्यापक असुरक्षा को दर्शाती है। अल्पसंख्यक संगठनों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगाए जाने के बाद विश्वास बहाली की जिम्मेदारी कार्यवाहक सरकार पर है। जिसका दायित्व बनता है कि उत्पीड़न के शिकार लोगों को न्याय दिलाने के लिए विशेष न्यायाधिकरण के जरिए यथाशीघ्र कार्रवाई करे।

घटते हिंदू बढ़ता खतरा...

नागार्जुन

ईसाई मिशनरियां पूरे देश में तेजी से पैर पसार रही हैं। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर में जड़ें जमाने के बाद अब उन्होंने उत्तर भारत में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कन्वर्जन के साथ गांवों में चर्च भी बनाए जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों की खबरों पर निगाह डालें तो चर्च का प्रपंच अच्छे से समझ में आ जाएगा। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि चर्च मिशनरियों के निशाने पर हिंदू समाज विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज है।

कन्वर्जन के लिए मिशनरियों को स्थानीय चर्च से पैसे मिलते हैं। ये चर्च मिशन नाम से संस्था बनाते हैं, जिन्हें दान के माध्यम से धन प्राप्त होता है। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर राजनेताओं और संबंधित राज्य सरकारों से भी इन्हें संरक्षण और आर्थिक सहायता मिलती है। अगर चर्च के आसन्न खतरे को समझना है तो खासतौर से पूर्वोत्तर के राज्यों का अवलोकन करना होगा, जहां तीन राज्यों का पूरी तरह ईसाईकरण हो गया है और बाहरी शक्तियों की सहायता से ईसाई बहुल क्षेत्रों को काट कर अलग ईसाई देश बनाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

60 वर्ष में 16 प्रतिशत घटे हिंदू: कुछ समय पूर्व झारखंड उच्च न्यायालय में बांग्लादेशी मुसलमानों की घुसपैठ और संथाल प्रमंडल में जनसांख्यिकीय परिवर्तन के षड्यंत्र की जांच कराने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इस पर उच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा था। केंद्र सरकार ने 12 सितंबर, 2024 को इस मामले में एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसमें कहा गया है कि 1951 की तुलना में 2011 तक संथाल क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति (एसटी) की आबादी 16 प्रतिशत कम हो गई है, जबकि ईसाई आबादी 6,000 गुणा बढ़ गई है।

यानी इन 6 दशक में हिंदुओं की आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई। 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में हिंदुओं की आबादी 23,22,092 थी। इसमें हिंदू 90.37 प्रतिशत जबकि ईसाई मात्र 0.18 प्रतिशत थे। 2011 में इस क्षेत्र की आबादी बढ़कर 69,69,097 हो गई, लेकिन हिंदू घटकर 67.95 प्रतिशत और ईसाई बढ़कर 4.21 प्रतिशत हो गए। जनजातीय आबादी में गिरावट का मुख्य कारण ईसाइयों द्वारा कन्वर्जन कराना है। प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार, 0.4 प्रतिशत हिंदू ईसाई बन चुके हैं। इनमें 48 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति से थे, जबकि अनुसूचित जनजाति से 14 प्रतिशत और 26 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग से थे। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ईसाई मत में कन्वर्ट होने वाले तीन चौथाई यानी 74 प्रतिशत हिंदू अकेले दक्षिण भारतीय राज्यों से हैं।

प्यू रिसर्च सेंटर ने नवंबर 2019 से मार्च 2020 के बीच देशभर के अलग-अलग हिस्सों में एक सर्वेक्षण किया था। इसमें 17 भाषाओं के लगभग 30,000 लोगों से बातचीत के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की थी। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की सदस्य शमिका रवि ने एक शोध पत्र में बताया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत (84.68 प्रतिशत से 78.06 प्रतिशत) घट गई। इन 65 वर्षों में ईसाई आबादी 2.24 प्रतिशत से बढ़कर 2.36 प्रतिशत हो गई, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई। उल्लेखनीय है यहां मिशनरियों द्वारा कराए जा रहे कन्वर्जन पर गौर किया गया है।'

कन्वर्जन की रफ्तार: जोशा प्रोजेक्ट की वेबसाइट, जो अमेरिका से संचालित होती है, के अनुसार भारत में हर वर्ष लगभग 24 लाख लोगों को ईसाई बनाया जा रहा है। इस पर दी गई जानकारी के अनुसार भारत की वर्तमान जनसंख्या 143 करोड़ है, जिसमें 6.7 करोड़ से अधिक लोगों को कन्वर्ट किया जा चुका है। इस हिसाब से 4.7 प्रतिशत लोग ईसाइयत में कन्वर्ट हो चुके हैं। अब ईसाई मिशनरियां 95.3 प्रतिशत यानी 136 करोड़ लोगों तक पहुंच बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस कन्वर्जन की रफ्तार कल्पना से भी अधिक है। हिंदुओं को प्रति वर्ष 3.9 प्रतिशत की दर से ईसाई बनाया जा रहा है, जबकि कन्वर्जन की वैश्विक दर 2.6 प्रतिशत ही है। इस हिसाब से भारत में प्रत्येक 100 में से 4 हिंदू ईसाई बन रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब देश के कई राज्यों में कन्वर्जन विरोधी कानून हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, झारखंड, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा शामिल हैं। बीते वर्ष महाराष्ट्र ने भी कन्वर्जन विरोधी कानून लाने की घोषणा की थी।

जोशुआ प्रोजेक्ट की वेबसाइट के अनुसार, कन्वर्जन के लिए देश में 2,272 जातियों का एक समूह बनाया गया है, जिसमें हर वर्ग के समुदाय के लिए एक एजेंट नियुक्त किया गया है। यह 'गिरोह' पूरे देश में फैला हुआ है। वेबसाइट पर यह भी बताया गया है कि किस जाति की आबादी कितनी है। उदाहरण के लिए, इस वेबसाइट के अनुसार देश में 79,000 अघोरी हैं, लेकिन चर्च के एजेंट अभी तक इन तक पहुंच नहीं बना सके हैं।

वेबसाइट के अनुसार, संथाल, कुई खोंड, उरांव, शबर, बोडो, अरिएंग, टिपेरा, बधिर, मुंडा, वानियान, गामित और खरिया जातियां भी मिशनरियों की 'न्यूनतम पहुंच' में हैं। वहीं, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की मूल निवासी आदि-आंध्र जाति, जिसकी कुल आबादी 3.45 लाख है, 0.85 प्रतिशत कन्वर्ट हो चुकी है। बता दें कि भारत सरकार ने इसे अनुसूचित जाति के

रूप में वर्गीकृत किया है। आदि-आंध्र जाति को जिन इलाकों में पूरी तरह कन्वर्ट किया जा चुका है, उसका नाम बदल कर 'आदि-आंध्र क्रिश्चियन' कर दिया गया है। आदि द्रविड़ या आदि द्रविड़र जिन्हें (पेरियार भी कहा जाता है) तमिलनाडु के मूल निवासी हैं और सनातन धर्म को मानते हैं।

मिशनरियों ने 7.39 लाख आदि द्रविड़ को ईसाई बनाने के बाद उन्हें 'आदि द्रविड़ क्रिश्चियन' नाम दिया है। इसी तरह, आदि पासी जिनकी आबादी देश में मात्र 3,400 है, उनमें से लगभग 20 प्रतिशत और असम की अहोम जनजाति में से 3.34 प्रतिशत को कन्वर्ट किया जा चुका है। मिशनरियों ने जनजातीय समाज में पहुंच बनाने के लिए उनकी परंपराओं की तर्ज पर प्रार्थनाएं भी गढ़ ली हैं। कन्वर्जन की गतिविधियां जनजातीय समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं को खत्म कर रही हैं। वेबसाइट के अनुसार, ये मिशनरियां 2,272 जातियों में से अभी तक 31 के बीच पहुंच बना चुकी हैं।

विडंबना तो यह कि चर्च मिशनरियां हिंदुओं का कन्वर्जन ही नहीं कर रही, बल्कि उनकी परंपरा और पहचान को भी मिटा रही हैं। इसके अलावा, उत्तर भारत में कार्यरत सभी चर्चों को एक बैनर के तले लाने का प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में मिजोरम के मुख्यमंत्री पी.यू. लालदुहोमा द्वारा अमेरिका में दिए गए एक बयान से इसकी पुष्टि होती है। उन्होंने इंडियानापोलिस में आयोजित ईसाइयों के एक कार्यक्रम में कहा था कि उत्तर भारत के चर्चों को चर्च आफ नॉर्थ इंडिया के बैनर तले लाने का प्रयास किया गया, जो सफल नहीं हुआ। हालांकि, दक्षिण भारत में विभिन्न चर्चों ने मिल कर चर्च ऑफ साउथ इंडिया का गठन किया है, जबकि पूर्वोत्तर में पहले से ही बैपटिस्ट और लैटिन कैथोलिक ईसाईयों के चर्चों का संगठन है। इसी वर्ष अक्टूबर में 'विश्वव्यापी ईसाई एकता आंदोलन' के तहत 8 विभिन्न चर्चों ने मिल कर मिजोरम काउंसिल ऑफ चर्चेज की स्थापना की है।

ऐसे कर रहे कन्वर्जन: ईसाई मिशनरियां लोगों की आर्थिक परेशानी और बीमारी को दूर करने का लालच देकर उन्हें कन्वर्ट कर रही हैं। इसके लिए पादरी गांव-गांव जाकर प्रचार करते हैं और ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक गांव में एक व्यक्ति को 'प्रचारक' बनाया जाता है और उसे प्रार्थना के लिए घंटी, सील-मोहर उपलब्ध कराई जाती है। इस 'प्रचारक' का काम लोगों को चर्च ले जाना तथा ईसाइयत अपनाने के लिए प्रेरित करना होता है। यदि उसके माध्यम से कोई कन्वर्ट होता है तो उसे 2,000 रुपए और वह किसी की ईसाई से शादी कराता है, तो 1500 रुपए मिलते हैं। कन्वर्जन कराने वाले एजेंट का काम बीमार-परेशान लोगों का पता लगाकर उन्हें प्रार्थना सभा तक लाना होता है, जहां जादू-टोने से कथित तौर पर लोगों को ठीक करने के दावे किए जाते हैं।

एक सर्वेक्षण के अनुसार, अकेले छत्तीसगढ़ में बीते एक दशक में 50,000 लोगों को ईसाई बनाया जा चुका है, जबकि झारखंड में प्रधानमंत्री आवास दिलाने का लालच देकर लोगों को बरगलाया जा रहा है। इस वर्ष फरवरी में झारखंड के हजारीबाग जिले में हर माह 15,000 रुपए देकर कन्वर्जन कराने वाले गिरोह का खुलासा हुआ था। जिले के मंडई गांव के रंजीत कुमार सोनी को ईसाई बनने के लिए प्रति माह 15,000 रुपए, परिवार के सदस्यों को मुफ्त इलाज और शिक्षा का लालच दिया गया था। साथ ही, उससे कहा गया था कि यदि वह हर महीने दो हिंदू परिवारों को कन्वर्ट कराता है तो अलग से 10,000 रुपए दिए जाएंगे। जब रंजीत ने अपना धर्म छोड़ने से इनकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इस मामले में 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी।

इससे पहले मार्च 2022 में झारखंड में ही 5,000 रुपए और मुफ्त इलाज का प्रलोभन देकर ईसाई बनाने का मामला सामने आया था। ईसाई पादरी रवि और विश्वजीत सिंह पर आदिवासियों के साथ सिखों को भी कन्वर्ट करने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया था। लेकिन बाद में पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। आलम यह है कि झारखंड के छोटे शहरों व गांवों में सक्रिय मिशनरियां गरीब व कमजोर लोगों, विशेषकर जनजातीय लोगों को उनकी बात न मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देती हैं। इसलिए डर के मारे ईसाई बन रहे हैं।

सितंबर 2021 में एक दलित महिला ने एक ईसाई के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि उसे और उसके परिवार को कन्वर्ट होने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां तक कि उनकी नाबालिग बच्ची का यौन उत्पीड़न भी किया जा रहा था, जिसके कारण बच्ची सदमे में थी। यह मामला गुमला जिले के जमडीह गांव का था।

मिशनरियों के हमदर्द: उधर मिशनरियों को देश में स्थानीय स्तर पर सरकारी सहूलियतें और सहयोग भी मिल रहा है। इसमें ओडिशा की पूर्ववर्ती बीजद सरकार और झारखंड की झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार आगे रही हैं। ओडिशा में सरकारी पैसे से चर्च बनाए गए। तत्कालीन बीजद सरकार ने 2022-23 में सुंदरगढ़ के बालशंकरा में एक चर्च के नवीनीकरण के लिए 4 लाख रुपए दिए थे। यह राशि मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत दी गई। इससे पहले, मिशनरीज आफ चैरिटी के एफसीआरए पंजीकरण को नवीनीकृत करने और इसके विदेशी वित्तपोषण में प्रभावी कटौती को लेकर 2022 में केंद्र सरकार के फैसले के कुछ दिन बाद ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा संचालित संस्थाओं को मुख्यमंत्री राहत कोष से 78.76 लाख रुपए देना मंजूर किया था।

इससे भी पहले जून 2015 में जनजातीय मामलों के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ओरांव ने बीजद सरकार पर वनवासियों के कल्याण कार्यक्रमों के लिए केंद्र से मिलने वाले अनुदान को खर्च न करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि 2014-15 के दौरान केंद्र सरकार ने वनवासियों के विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों के लिए 421 करोड़ रुपए का अनुदान दिया था, लेकिन राज्य सरकार आधी धनराशि भी खर्च नहीं कर सकी। इससे पता चलता है कि राज्य सरकार को जनजातीय समाज की कितनी चिंता थी!

दरअसल, मिशनरियां अपनी हमदर्द सरकारों से मिलने वाले पैसे से मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाकर गांवों में बीमार लोगों का पता लगाती हैं और फिर इलाज के बहाने उन्हें कन्वर्ट करती हैं। झारखंड की बात करें तो यह एक तरह से ईसाई मिशनरियों की प्रयोगशाला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) शुरू से ईसाइयों की समर्थक रहा है। इसलिए उसके शासन काल में मिशनरियों को भरपूर खाद-पानी मिला, जिसका परिणाम कन्वर्जन में बेतहाशा वृद्धि के रूप में सामने आया है।

ऐसे ढेरों मामले हैं, जिनसे पता चलता है कि 2005 से 2024 के बीच राज्य में हेमंत सोरेन और शिबू सोरेन के कार्यकाल में न केवल ईसाइयत को बढ़ावा दिया गया, बल्कि मिशनरियों को आर्थिक सहायता देकर कन्वर्जन के लिए प्रोत्साहित किया गया। हेमंत सोरेन, उनके दिवंगत भाई दुर्गा सोरेन व बसंत सोरेन ने दुमका के एक मिशनरी स्कूल में पढ़ाई की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समय-समय पर दिए गए बयानों से यह पुष्टि होती है कि ईसाइयों के प्रति उनका रुख कैसा है।

17 नवंबर, 2021 को रांची के गोस्सनर कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में हेमंत सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र में मिशनरियों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा था, 'मिशन के स्कूलों और कॉलेजों में अनुशासन व सम्मान के साथ शिक्षा दी जा रही है। राज्य में शिक्षा के स्तर को देखा जाए तो 50 प्रतिशत से अधिक योगदान मिशन का रहा है। संक्रमण काल में मिशन का आदिवासी, पिछड़ों, अल्पसंख्यक सहित अन्यों के विकास में सराहनीय सहयोग रहा।'

8 नवंबर, 2022 को रांची में इंटरनेशनल पेंटाकोस्टल होलीनेस चर्च (आईपीएचसी) के शताब्दी समारोह में उन्होंने कहा था,'मिशनरी संस्थाएं राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में कठिन जीवन बिता रहे लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दे रही हैं। मुझे कई जगह मिशनरी संस्थाओं के साथ काम करने तथा विकास योजनाओं पर चर्चा करने का अवसर मिला है। राज्य के आदिवासियों व मूलवासियों में जो शैक्षणिक व बौद्धिक विकास हुआ है, उसमें कहीं न कहीं मिशन संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सुदूर क्षेत्रों में जहां मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की कमी है, वहां मिशन संस्थाओं ने सकारात्मक कार्य कर मील का पत्थर स्थापित किया है।'

राशिफल

आज दिनांक 5 दिसंबर, 2024, गुरुवार, विक्रम संवत् 2081, मार्गशीर्ष माह, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, उत्तरा आषाढा नक्षत्र, वृद्धि करण, धृति योग, राहुकाल: दोपहर 1:37 से 2:57 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:58 बजे, सूर्यास्त शाम 5:36 बजे, चंद्रोदय सुबह 10:28 बजे, चंद्रास्त रात 9:25 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर: 11:56 से 12:38, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:23 से 6:11 बजे तक, चंद्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

मेष: आज अपने इष्ट देव पर भरोसा रखें और इष्ट देव के मंत्र का जाप करें। घर में नवीनीकरण और सजावट से संबंधित बदलाव हो सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर किसी से मतभेद करना उचित नहीं है। आज आप अपने साथी के साथ आगे बढ़ने के बारे में सोचने वाले हैं। विवाहित लोगों का गृहस्थ जीवन बहुत अच्छा रहेगा।

वृषभ: आज का दिन आपके लिए अनुकूल साबित होगा। आज आपका मन किसी पुराने शौक को पूरा करने का करेगा। कोई नया और महत्वपूर्ण व्यक्ति आपके जीवन में कदम रख सकता है। आपका प्रेम जीवन उन्नति की ओर अग्रसर होगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। आज खुद को उत्साही लोगों के साथ घेरें, आपका राशिफल आपको नई चीजों को आजमाने की सलाह देता है। अगर आपको अपनी मां की सेवा करने का मौका मिल रहा है, तो उसे जाने न दें। आज आपको धन कमाने के नए विचार आएंगे, जिन पर आप विचार भी करेंगे।

कर्क: आज धन संबंधी मामलों में किसी पर भी अधिक भरोसा न करें। वर्तमान स्थिति में संपत्ति की बिक्री से अच्छे लाभ की उम्मीद है। कंप्यूटर और मीडिया से जुड़े व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे। आजीविका संबंधी कार्ययोजना बनाएं।

सिंह: आज आप जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। रिश्तेदार या दोस्त आज आपको कोई बड़ा सरप्राइज दे सकते हैं। मां आज आपका मनपसंद खाना बनाएगी, जिससे आप खुश हो जाएंगे। शादीशुदा लोगों का दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आपके रिश्ते में फिर से रोमांस देखने को मिलेगा, हल्के-फुल्के खर्चे भी होंगे।

कन्या: आज आपके आसपास चहल-पहल रहेगी। अपने विचारों को सकारात्मक दिशा दें। घर में जिम्मेदारियों को बांटने के बारे में खुलकर बात करें। आज आपको अचानक से कोई लाभ मिलेगा, जिससे ईश्वर पर आपकी आस्था मजबूत होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को हल्की-फुल्की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

तुला: आज का दिन आपके लिए उन्नति का दिन रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको किसी और के जीवन से अपनी तुलना करने से बचना होगा। घर से बाहर निकलने से पहले जरूरी सामान जरूर ले लें।

वृश्चिक: आज आप जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। रिश्तेदार या दोस्त आज आपको कोई बड़ा सरप्राइज दे सकते हैं। आज फिर आपके रिश्ते में रोमांस देखने को मिलेगा, हल्के-फुल्के खर्चे भी होंगे। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

धनु: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से आपका व्यक्तित्व और निखरेगा, साथ ही जनसंपर्क भी मजबूत होगा। किसी को प्रभावित करने के लिए कुछ नया सोचें। प्रॉपर्टी या पैसों के लेन-देन को लेकर बहुत सावधान रहें।

मकर: आज का दिन आपके लिए विशेष भाग्यशाली रहने की उम्मीद है। भावनात्मक समस्याओं का तुरंत समाधान खोजने की कोशिश करनी होगी। अनावश्यक विवादों से दूर रहने की कोशिश करें। आज आप कुछ धन लाभ की उम्मीद कर सकते हैं।

कुंभ: आज मेहनत के हिसाब से धन लाभ की स्थिति बनी हुई है। रेस्टोरेंट चलाने वाले लोगों को आज सामान्य से ज्यादा मुनाफा होगा। व्यापार में अपने काम के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत है। युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं।

मीन: आज अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें। आज आपको व्यवसाय में मार्केटिंग से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे। आज आप दूसरों का काम बनाने के लिए अपना काम छोड़ देंगे, लेकिन आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है।

भलाई का जज्बा

प्रेरक प्रसंग

एक बार एक राजा ने एक कैदी को मौत की सजा सुनाई। सजा सुनकर कैदी आप खो बैठा। वह बादशाह को गालियां देने लगा। कैदी दरबार के आखिरी कोने में खड़ा था। इसलिए उसकी गालियां बादशाह को सुनाई नहीं पड़ रही थीं।

इसलिए बादशाह ने अपने वजीर से पूछा कि वह क्या कह रहा है? इस पर वजीर ने बताया, 'महाराज, कैदी कह रहा है कि वे लोग कितने अच्छे होते हैं जो अपने क्रोध को पी जाते हैं और दूसरों को क्षमा कर देते हैं।'

यह सुनकर बादशाह को दया आ गई और उसने कैदी को माफ कर दिया। लेकिन दरबारियों में एक व्यक्ति था जो वजीर से जलता था। उसने कहा, 'महाराज, वजीर ने आपको गलत बताया है।'

'यह व्यक्ति आपको गंदी गंदी गालियां दे रहा है। आप इसको माफ मत करिए।' उसकी बात सुनकर बादशाह गुस्सा हो गया और दरबारी से बोला-

'मुझे वजीर की बात ही सही लगी। क्योंकि इसने झूठ भी बोला है तो किसी की भलाई के लिए। इसके अंदर भलाई का जज्बा तो है। जबकि तुम दरबार में रहने के योग्य नहीं हो। तुम्हें तुरंत बेदखल किया जाता है।'

सीख- इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमेशा अपने व्यवहार और वाणी से दूसरों की भलाई के बारे में ही सोचना चाहिए।

सुडोकु 1953

	6			2	5			
						8		
		5	3			1		4
3		1					4	
				5	1		6	
				4	6		1	9
				7				3
5				3				

संकेत: आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

सुडोकु 1952 का हल

8	6	3	9	1	4	7	2	5
9	7	4	8	2	5	1	3	6
1	2	5	6	3	7	4	9	8
2	4	7	1	5	8	3	6	9
3	1	8	4	6	9	2	5	7
5	9	6	2	7	3	8	1	4
4	8	1	3	9	6	5	7	2
6	5	2	7	4	1	9	8	3
7	3	9	5	8	2	6	4	1

प्रदेश समाचार

श्री-श्रीजी विवाह मंगल महोत्सव शुरू

महानगर संवाददाता

श्रीमाधोपुर। मंदिर श्री गोपीनाथ जी में श्री-श्रीजी विवाह मंगल महोत्सव (विवाह पंचमी) के कार्यक्रम मंगलवार से प्रारंभ हो गए हैं, जो आगामी 7 दिसंबर तक चलेंगे। मंदिर श्री गोपीनाथ जी के महंत डॉ. मनोहरशरण दास ने बताया कि मंगलवार को गौरी गणेश, आचार्य एवं कमला पूजन, धन बट्टी, तिलक एवं श्री सीताराम विवाह रस चर्चा, प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को हल्दी बुकावन, चढ़ावन, उबटन स्नान, रामलला नेहछू जावक, विवाह रस चर्चा आदि का कार्यक्रम हुआ। गुरुवार को मेहंदी, परीछन, बारात की तैयारी और श्री सीताराम विवाह रस चर्चा का कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को बारात भ्रमण (मंदिर), जनवा सा प्रवेश, परीछन सियाजू आगमन, लौकिक-वैदिक विवाह भामर दुधाभाती, जोनार, विवाह रस चर्चा, पाणिग्रहण संस्कार और मंगल बधाई गान किए जाएंगे। साथ ही प्रातः 5 बजे पंचामृत अभिषेक, नवीन पोशाक, 8.30 बजे भव्य श्रृंगार आरती, दोपहर 11 बजे राजभोग अर्पण सेवा, शाम 5 बजे से उत्थापन सेवा एवं रात्रि में पाणिग्रहण संस्कार और मंगल बधाई गान का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शनिवार को द्वार छेकाई, कोहबर प्रवेश, भाति मिलन, कुवर कलेवा, राजभोग, होली कार्यक्रम के साथ ही प्रातः 5 बजे मंगल आरती एवं पोशाक आरोहण, 8.30 बजे भव्य श्रृंगार आरती, दोपहर 11 बजे राजभोग व कुवर कलेवा, दोपहर 12.30 बजे शोभायात्रा (नगर भ्रमण), एक बजे महिला मंगल संगीत गान, शाम 4.30 बजे प्रसाद, 6.40 बजे संध्या महा आरती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नवनिर्मित पंचायत भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

विकास में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसरः रामविलास मीणा

महानगर संवाददाता

रामगढ़ पचवारा। उपखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत ढोंलावास में बुधवार को 46 लाख की लागत से बने नवीन ग्राम पंचायत भवन का लालसोट विधायक रामविलास मीणा व पंचायत समिति प्रधान डॉ. कौशल्या मीणा ने उद्घाटन किया। समारोह के दौरान लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने ग्राम पंचायत ढोलावास में 20 लाख की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नवीन ग्राम पंचायत भवन के उद्घाटन से पूर्व लालसोट विधायक का महिलाओं ने गीत गान करते हुए स्वागत किया। समारोह के दौरान सरपंच छनमन देवी, जिला परिषद सदस्य श्री नारायण मीणा, पंचायत समिति सदस्य मनीषा देवी, पूर्व सरपंच लल्लूराम मीणा, समाजसेवी डॉ. मोहनलाल मीणा, बद्री मीणा, रामकेश चौधरी, रामसहाय रैगर, बालूराम डीलर सहित ग्राम पंचायत सरपंच भांवता, पालूंदा, राहुवास सहित पंचायत समिति सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

आज करेंगे 56 लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन

लालसोट विधायक रामविलास मीणा गुरुवार को 56 लाख की लागत से बने नवीन ग्राम पंचायत व लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे। ग्राम पंचायत जगनेर तुरकान सरपंच राकेश मीणा ने बताया कि गुरुवार को लालसोट विधायक रामविलास मीणा व पंचायत समिति प्रधान डॉ. कौशल्या मीणा 46 लाख की लागत से बनी नवीन ग्राम पंचायत जगनेर तुर्कान व 10 लाख की लागत से बनी लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे।

पानी की टूटी राइजिंग लाइन, नहीं आया नलों में पानी

दो लाख लीटर क्षमता वाली पानी की 2 टंकियों में नहीं हुआ भराव

महानगर संवाददाता

रामगढ़ पचवारा। उपखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर से एसडीएम कार्यालय तक सड़क चौड़ाईकरण के दौरान बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा पोल शिफ्टिंग करते हुए पानी की में राइजिंग लाइन टूट जाने से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया, जिसके कारण मुख्यालय पर बनी एक-एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी की 2 टंकियों में भराव नहीं होने से बुधवार को नलों में पानी नहीं आया। गौरतलब है कि थाना रामगढ़ पचवारा से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तक 1 वर्ष से पानी की मैन राइजिंग लाइन 7 जगह से टूटी होने से रोज हजारों लीटर पानी सड़क के किनारे बह जाता है, जिससे सर्दियों में भी कई घरों में नल से पानी नहीं पहुंचता। पावर हाउस के पास पानी की मैन राइजिंग लाइन टूटी होने से हजारों लीटर पानी का भराव बना हुआ है, जिससे कभी भी अर्थ बनकर बिजली कर्मचारियों की जान जोखिम में डाल सकता है। ग्रामीणों के कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग की आंखें नहीं खुली। अधिशासी अभियंता हनुमानप्रसाद मीणा ने बताया कि पानी की राइजिंग लाइन को जल्दी ही जोड़ दिया जाएगा और शहर की पानी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

स्वर्ण नगरी कोहरे की गिरफ्त में, पहली बार ठंड का अहसास

महानगर संवाददाता



जैसलमेर। बुधवार अलसुबह कोहरे ने शहर को अपने आगोश में ले लिया, जिससे विजिबिलिटी कम हो गई। कोहरे के कारण ठंड का असर बढ़ गया। जिले में लगातार दो दिन से तापमान में कमी आ रही है। कोहरे के कारण लोगों को हेड लाइट जलाकर चलना पड़ा। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर के दूसरे सप्ताह में कड़ाके की ठंड का असर दिखेगा। दरअसल, जैसलमेर जिले में मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। साथ ही तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। मंगलवार को सुबह हल्का कोहरा छाया रहा, वहीं बुधवार को भी कोहरे का असर रहा। सुबह सर्दी का असर तेज रहा।

जायसवाल को नुकसान, कोहली को भी झटका

आईसीसी टेस्ट रैंकिंगः जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार

विशेष संवाददाता

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारी के बावजूद यशस्वी जायसवाल को ताजा टेस्ट रैंकिंग में नुकसान हुआ है। उनके अलावा विराट कोहली को भी झटका लगा है। अब वह एक स्थान के नुकसान के साथ 14वें पायदान पर पहंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह शीर्ष स्थान पर काबिज हैं।

भारतीय टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा चुका है। पर्थ में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने 295 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शतकीय पारियां खेलने वाले यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को आईसीसी की ताजा रैंकिंग में नुकसान झेलना पड़ा है। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 161 रन की पारी खेली थी। वहीं, विराट कोहली ने 100* रन बनाए थे। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में जायसवाल 825 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। अब उनकी जगह इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, किंग कोहली 689 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 14वें नंबर पर पहुंच गए।

शीर्ष 10 में सिर्फ दो भारतीय बल्लेबाज

पर्थ टेस्ट में ऋषभ पंत का बल्ला कुछ खास नहीं चला। पहली पारी में उन्होंने 37 और दूसरी पारी में सिर्फ एक रन बनाया। हालांकि, इससे उनकी रैंकिंग पोजीशन में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। वह 736 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ छठे पायदान पर काबिज हैं। शीर्ष 10 में पंत और जायसवाल ही दो भारतीय बल्लेबाज हैं।

बुमराह का जलवा बरकरार

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह 883 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले मैच में कुल आठ विकेट चटकाए थे। वहीं, अश्विन को इस मैच में आराम मिला था। वह चौथे पायदान पर बने हुए हैं। दिग्गज स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का लाभ हुआ है और वह छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में 794 अंक हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच कल से खेला जाएगा दूसरा टेस्ट

एडिलेड पिच से तेज गेंदबाजों व स्पिनर्स को मिलेगी मदद

पिच क्यूरेटर का बड़ा खुलासाः कंगारुओं ने तैयार किया अनोखा प्लान

विशेष संवाददाता

एडिलेड। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर से एडिलेड में डे/नाइट टेस्ट खेला जाएगा। एडिलेड की पिच के हेड क्यूरेटर डेमियन हफ ने बताया कि पिच पर छह मिलीमीटर घास का उपयोग किया जाएगा। इस प्लान के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे टेस्ट में भारत को हराना चाहेगी।

गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2020 में एडिलेड में ही पिंक बॉल टेस्ट खेला गया था। तब पैट कमिंस (4 विकेट) और जोश हेजलवुड (5 विकेट) की घातक गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम अपने टेस्ट इतिहास के सबसे छोटे स्कोर 36 रन पर ऑलआउट हो गई।

बहरहाल, भारतीय टीम इस समय विश्वास से भरी हुई है। जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में भारत ने पर्थ में कंगारुओं को रिकॉर्ड 295 रन से मात देकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। अब नियमित कप्तान रोहित शर्मा लौट चुके हैं, जिनकी अगुवाई में भारतीय टीम अपनी बढ़त दोगुनी करना चाहेगी।

पिच के हेड क्यूरेटर ने क्या कहा

डेमियन हफ ने कहा, 'सभी चीजें समान लग रही हैं, तो निश्चित ही घास लगाई गई, घास कवर का उपयोग किया गया, अच्छी गहराई तक नमी, लेकिन पिच सूखी और मजबूत है। तेज गेंदबाजों को तो मदद मिलेगी ही, स्पिनर्स भी इस पर टर्न और बाउंस कराने में कामयाब होंगे। हमारे लिए यह भी जरूरी है कि कुछ साझेदारियां हो और खिलाड़ी अपने शॉट्स खेल सके। घास की ऊंचाई पिच पर करीब सात मिलीमीटर थी, जिसे अभी छह मिलीमीटर कर दिया गया है।

पिच का रवैया

हफ ने कहा कि ग्राउंड स्टाफ ने ऐसी पिच देने की कोशिश की है, जहां गेंद और बल्ले के बीच अच्छी प्रतियोगिता हो सके। वैसे, नई गेंद के साथ लाइट्स में बैटिंग करना मुश्किल है और इसलिए भी क्योंकि दोनों टीमों के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण हैं। पिच बदलने की संभावना के बारे में हफ ने कहा कि पिच के रवैये बदलने का आकलन नहीं कर सकते, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में हमेशा पिच बदलते देखना चाहते हैं। एडिलेड पिच से तेज गेंदबाजों व स्पिनर्स को मदद मिलेगी, लेकिन गेंद पुरानी होगी तो यहां बल्लेबाजों को मदद मिल सकती है।

'मुआय थाई बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप'

आईआईएस विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

महानगर संवाददाता

जयपुर। दो गोल्ड और चार सिल्वर मेडल के साथ आई.आई.एस., मानसरोवर के विद्यार्थियों ने 'मुआय थाई बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के लिए एक नया इतिहास रच दिया।

नई दिल्ली के 'सिरि फोर्ट स्टेडियम' में 28 से 30 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी शामिल हुए। आई.आई.एस. के विद्यार्थियों अभ्युदय प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश के विरुद्ध और नव्यांश चौधरी ने उत्तर प्रदेश के विरुद्ध खेलते हुए विभिन्न आयु वर्गों के फाइनल्स में स्वर्ण पदक हासिल किए। इनके साथ ही रिया येयेंद्र, सृष्टि खंडेलवाल, यशस्वी जैन एवं चार्ली शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किए।

9 से 12 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित 'आई.एस.एस.ओ. बैडमिंटन नेशनल चैंपियनशिप' में भी 'आई.आई.एस.वल्र्ड स्कूल' की छात्रा अद्विका अग्रवाल ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया था। आशी तिवारी, अमेया सोनी और अद्विका अग्रवाल के सम्मिलित प्रयासों से विद्यालय ने टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता एवं प्रधानाचार्या निधि मिश्रा ने पदक विजेता सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

सचिन ने बेटी सारा को बनाया अपने फाउंडेशन की डायरेक्टर

महानगर संवाददाता

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर फाउंडेशन की नई डायरेक्टर बनाई गई हैं। यह फाउंडेशन गरीब बच्चों की भलाई से जुड़े काम करता है। इसकी जानकारी खुद सचिन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। इससे पहले सचिन की पत्नी अंजलि इस फाउंडेशन की डायरेक्टर थीं। सचिन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा एसटीएफ में डायरेक्टर के रूप में शामिल हो गई हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री हासिल की है।' सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन की शुरुआत साल 2019 में सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर ने की थी। मुंबई में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाली सारा तेंदुलकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 7.3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर हैं। सारा पहले से ही एसटीएफ के कामों में सहयोग करती रही हैं।

भारत ने यूएई को 10 विकेट से हराया

अंडर-19 एशिया कपः कल सेमीफाइनल में श्रीलंका से होगा सामना

विशेष संवाददाता

शारजाह। अंडर-19 एशिया कप में बुधवार को शारजाह में भारत ने यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। जीत के लिए मिले 138 रन के लक्ष्य को भारत ने 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंद में 76 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इसके अलावा आयुष म्हात्रे ने 51 गेंद में 67 रन बनाए।

इस जीत के साथ टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई है। छह दिसंबर को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाने हैं। अंतिम चार में भारत का सामना श्रीलंका से शारजाह में होगा। यह मैच शुक्रवार को भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े 10 बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम ग्रुप ए में फिलहाल शीर्ष स्थान पर है। उसके तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट +2.558 है। वहीं, पाकिस्तान की टीम दो मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर है। उसका आखिरी मैच जापान से है। ग्रुप बी से श्रीलंका और बांग्लादेश की टीम क्वालिफाई कर चुकी है। ग्रुप ए से क्वालिफाई करने वाली दूसरी टीम बांग्लादेश से दुबई में भिड़ेगी। फाइनल आठ दिसंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा।

13 वर्षीय वैभव ने लगाए छह छक्के

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई थी। आर्यन सक्सेना नौ रन और अक्षत राय 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। याइन राय खाता नहीं खोल सके थे। डीसूजा 17 रन, कप्तान अयान खान पांच रन और उदिश सूरी 16 रन बनाकर आउट हुए थे। नूरुल्लाह अयोबी नौ रन, मुदित अग्रवाल चार रन और अली असगर शम्स दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। टीम के लिए रायन खान ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। भारत की ओर से युद्धाजीत गुहा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला। जवाब में भारत के लिए आयुष ने 51 गेंद में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 67 रन और वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंद में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से 76 रन की नाबाद पारी खेली।

हेनरिक क्लासेन को मिली कमान

नई दिल्ली। एडेन मार्करम की गैर-हाजिरी में हेनरिक क्लासेन को आगामी पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है। बुधवार को क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। एनरिक नॉर्खिया और तबरेज शम्सी की वापसी हुई है। वहीं, इस सीरीज में कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स और मार्को यानसन खेलते हुए नहीं दिखाई देंगे।

टी20 टीमः हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीत्जके, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्खिया, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, एंडिले सिमलेन, रासी वैन डेर डुसेन।

बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराया

2 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से ड्रॉ

किंग्स्टन। बांग्लादेश ने किंग्स्टन टेस्ट में वेस्टइंडीज को 101 रन से हरा दिया है। इस जीत से बांग्लादेशी टीम 2 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ कराने में कामयाब हो गई है। टीम को पहले मुकाबले में 201 रन की पराजय झेलनी पड़ी थी। अब दोनों टीमों के बीच 8 दिसंबर से 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी जाएगी। मुकाबले के चौथे दिन बांग्लादेश ने 193/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने दूसरी पारी में 268 रन बनाते हुए विंडीज को 287 रन का टारगेट दिया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 185 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में एक विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम ने दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, जॉयडन सिल्स प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

पांच दिवसीय एसएफए चैंपियनशिप का भव्य समापनः साहनी भाई-बहनों ने जीता अनोखा 'गोल्डन' डबल

कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल ने जीता ओवरऑल खिताब

महानगर संवाददाता

जयपुर। साहनी भाई-बहनों ने एसएफए चैंपियनशिप 2024 जयपुर में कई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करके धमाल मचा दिया और बुधवार को समापन समारोह में उन्हें गोल्डन गर्ल और गोल्डन बॉय का खिताब दिया गया। जगतपुरा स्थित जयश्री पेड़ीवाल ग्लोबल स्कूल की छात्रा आरना साहनी ने टेबल टेनिस में 3 पदक जीतकर गोल्डन गर्ल का खिताब जीता, जबकि उनके भाई आरव ने फुटबॉल और टेबल टेनिस में 3 पदक जीतकर गोल्डन बॉय का खिताब जीता। कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल ने 270 अंक जुटाकर शानदार जीत हासिल की और ओवरऑल चैंपियन बना। चित्रकूट का जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल दूसरे स्थान पर रहा, जबकि जगतपुरा का जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

जयपुर में चैंपियनशिप के अंतिम दिन फुटबॉल टूर्नामेंट का

शानदार समापन हुआ, जिसमें चित्रकूट के जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल ने मैदान पर दबदबा बनाते हुए 14 में स्वर्ण पदक जीता। कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल, मानसरोवर ने लड़कों के अंडर-16 और अंडर-18 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। शतरंज में, एसएस इंटरनेशनल स्कूल के राघव शर्मा ने लड़कों की अंडर-11 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। एसएस इंटरनेशनल स्कूल की ईशू शर्मा ने लड़कियों की अंडर-11 श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। खो-खो के मैदान में, रवींद्र इंटरनेशनल स्कूल ने लड़कों की अंडर-14 श्रेणी में जीत हासिल की, जबकि गवर्नमेंट सी.सेकेंडरी स्कूल ने लड़कों की अंडर-18 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। सेंट पॉल स्कूल दुर्गापुरा को बैडमिंटन में सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार दिया गया। एनबीएफ पब्लिक स्कूल ने कबड्डी और खोखो में अच्छा प्रदर्शन किया। विजेता कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल ने शतरंज, स्केटिंग और टेनिस में अपना दबदबा बनाया।

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गौमांस के उपभोग पर मौजूदा कानूनों में संशोधन को दी मंजूरी, मंत्री बोले- कांग्रेस फैसले का स्वागत करे या पाकिस्तान जाए

असम में होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक कार्यक्रमों में गौमांस पूर्ण प्रतिबंध

महानगर संवाददाता

गुवाहाटी। असम सरकार ने बुधवार को रेस्तरां, होटल, सार्वजनिक समारोहों और अन्य सामुदायिक स्थानों पर गौमांस परोसने और खाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य कैबिनेट की बैठक में गौमांस के उपभोग पर मौजूदा कानूनों में संशोधन को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद सरमा ने कहा कि असम में हमने फैसला किया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गौमांस नहीं परोसा जाएगा और न ही किसी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर इसकी अनुमति दी जाएगी। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। सीएम ने बताया कि यह फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया है। अब राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गौमांस नहीं परोसा जा सकेगा।

राज्य में गौमांस प्रतिबंध की घोषणा करते हुए जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि कांग्रेस इस फैसले का स्वागत करें या पाकिस्तान जाए। दरअसल, सामगुरी सीट पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान हुआ था। 23 नवंबर को रिजल्ट आने के बाद कांग्रेस की हार पर सांसद रकीबुल हुसैन ने भाजपा पर बीफ बांटने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बीजेपी की बैठक के बाद मीडिया से कहा कि वे राज्य में गौमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कांग्रेस इसे लिखित में दें।

पहले मंदिरों के पास गौमांस खाने पर रोक थी अब पूरे राज्य में बैन

सीएम सरमा ने कहा कि पहले मंदिरों के पास गौमांस खाने पर रोक थी, लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया है। आप इसे किसी भी सामुदायिक या सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। सीएम सरमा ने इस बात पर जोर दिया कि नया प्रावधान राज्य में मवेशी हत्या रोकने के सरकार के उद्देश्य के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा और रकीबुल हुसैन जो चाहते थे, वह अब पूरा होगा। इसलिए हमें उम्मीद है कि कांग्रेस इस फैसले में हमारा समर्थन करेगी।

'क्या मतदाताओं को गौमांस देकर चुनाव जीत सकते हैं'

सीएम सरमा ने पूछा था कि क्या गौमांस देकर सामगुरी सीट जीती जा सकती है। सरमा ने कहा था कि मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गौमांस देकर सामगुरी जीत रही थी। वह सामगुरी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गौमांस देकर सामगुरी जीती जा सकती है। इस साल धुबरी लोकसभा सीट से 10.12 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीतकर हुसैन सांसद बने है। इससे पहले वे लगातार पांच बार सामगुरी से विधायक रहे थे।

'हिंदू, मुस्लिम-ईसाई सभी खाना बंद करें गौमांस'

सीएम सरमा ने कहा कि मैं रकीबुल हुसैन से कहना चाहता हूं कि गौमांस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने खुद कहा है कि ये गलत है। उन्हें मुझे केवल लिखित में देने की जरूरत है। भाजपा और कांग्रेस को गौमांस के बारे में नहीं बोलना चाहिए। बीजेपी, एजीपी, सीपीएम कोई भी ऑफर नहीं कर पाएगा और हिंदू, मुस्लिम और ईसाई सभी को गौमांस खाना बंद कर देना चाहिए।

क्या कहता है असम मवेशी संरक्षण अधिनियम

असम में गौमांस का सेवन गैरकानूनी नहीं है, लेकिन असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 उन क्षेत्रों में मवेशी वध और गौमांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है, जहां हिंदू, जैन और सिख बहुसंख्यक हैं और किसी मंदिर या वैष्णव मठ के पांच किलोमीटर के दायरे में हैं। बीते दिनों सीएम सरमा ने कहा था कि अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बोरा मांग करें तो वह असम में गौमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं।

मुश्किल में फंसी कर्नाटक सरकार का बड़ा कदम

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के तहत दी गई 48 जमीनों का आवंटन रद्द

महानगर संवाददाता

बंगलूरू। कर्नाटक में इन दिनों जमीन घोटाले का मुद्दा छाया हुआ है। मुडा और वाल्मिकी कॉरपोरेशन घोटाले को लेकर सिद्धारमैया सरकार विपक्ष के निशाने पर है। अब कर्नाटक सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया। उसने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा आवंटित 48 भूखंडों का आवंटन रद्द कर दिया है। इन भूखंडों को पिछले साल 23 मार्च को एक प्रस्ताव द्वारा आवंटित किया गया था।

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के सूत्रों के अनुसार ये भूखंड मैसूर शहर के दत्तागली में स्थित है। शहरी विकास विभाग के आदेश के बाद एमयूडीए ने आवंटन रद्द किया है। सूत्रों ने बताया कि कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन करने की वजह आवंटन रद्द किया गया है। हालांकि उन्होंने आवंटन में हुए उल्लंघनों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। उपायुक्त जी. लक्ष्मीकांत रेड्डी, जो मुडा के अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने कहा कि पिछले साल 21 मार्च के मुडा प्रस्ताव के आधार पर लिए गए सभी फैसलों को रद्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन भूखंडों को विवादित 50:50 अनुपात योजना के तहत आवंटित नहीं किया गया था, जिसकी जांच लोकायुक्त के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भी की जा रही है।

आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम को भी मैसूरु के प्रमुख इलाके में एमयूडीए द्वारा किए गए आवंटन से 14 भूखंड का लाभ प्राप्त हुआ। शहरी विकास विभाग का मुडा प्रस्ताव रद्द करने का आदेश इस साल आठ अप्रेल को मुडा के तत्कालीन आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद आया है। आदेश में तत्कालीन आयुक्त के जवाब को भी खारिज कर दिया गया था।

आप विधायक बाल्यान जमानत मिलने के बाद फिर गिरफ्तार

जबरन वसूली मामले में मिली थी जमानत, मकोका प्रकरण में वापस पकड़ा

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को जमानत मिलते ही दिल्ली पुलिस ने बुधवार को फिर गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया है। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाल्यान को राउज एवेन्यू कोर्ट से क्राइम ब्रांच ऑफिस ले जाया जा गया। बुधवार को ही उन्हें जबरन वसूली मामले में जमानत मिली थी। दरअसल, क्राइम ब्रांच ने आप एमएलए नरेश बाल्यान को साल 2023 के जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। इसी दिन भाजपा ने बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी किया था। भाजपा का कहना है कि नरेश का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं। वो हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन करते हैं।

बाल्यान ने ऑडियो को बताया फेक

बाल्यान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में अमित के पोस्ट को रिट्वीट किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस ऑडियो को गलत बताते हुए सभी चैनलों से फर्जी खबर को हटवाया था। ये कई साल पुराना मामला है। जब केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर भाजपा को घेरा तो ये कई साल पुरानी फर्जी खबर लेकर आए हैं।

गैंगस्टरों के साथ वसूली करने का आरोप

भाजपा-आईटी सेल के हैड अमित मालवीय ने बाल्यान का कथित ऑडियो शेयर करते हुए लिखा कि नरेश बाल्यान का गैंगस्टरों के साथ ऑडियो कॉल वायरल किया, जिसमें वे दिल्ली के बिल्डरों और व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली में जबरन वसूली का नेटवर्क चला रहे हैं और फिर खराब कानून व्यवस्था के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं। आप ने दिल्ली को भ्रष्टाचार के दलदल में तब्दील कर दिया है। आप विधायक नरेश बाल्यान के करीबी सहयोगी का गैंगस्टरों के साथ ऑडियो कॉल भी अब सार्वजनिक हो गया है।

घोटालों-गुंडों की पार्टी बन चुकी आप : भाजपा

बीजेपी नेता वीरेंद्र सचदेवा और गौरव भाटिया ने हाल ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अब एक घोटालेबाज और गुंडों की पार्टी बन चुकी है। नरेश बाल्यान गैंगस्टरों के साथ मिलकर वसूली करवा रहा है और नागरिकों को डरा-धमका रहा है। सचदेवा और भाटिया ने सवाल उठाया कि अगर नरेश बाल्यान के खिलाफ आप कार्रवाई नहीं करती है तो यह माना जाएगा कि पार्टी की भी इसमें मिलीभगत है।

दिल्ली में अगले साल होगा विधानसभा चुनाव

दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। इलेक्शन कमीशन मौजूदा सदन के पांच साल के कार्यकाल के खत्म होने की तारीख से पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराता है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ 8 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था।

पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह पर फायरिंग

बाल-बाल बचे, स्वर्ण मंदिर के बाहर दे रहे थे सेवा, हमलावर खालिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

अमृतसर। अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में बुधवार को पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल पर खालिस्तानी आतंकी ने फायरिंग कर दी। सुखबीर सिंह बादल स्वर्ण मंदिर के गेट पर सेवादार बनकर बैठे थे। डेरा सच्चा सौदा के मुखी राम रहीम को माफी देने को लेकर सिखों की सर्वोच्च अदालत अकाल तख्त ने उन्हें यह सजा दी थी।

वारदात के समय हमलावर ने जैसे ही उन पर गोली चलाई, उसी समय सिविल वर्दी में तैनात उनके सुरक्षाकर्मियों ने उसका हाथ पकड़कर ऊपर उठा दिया, जिससे गोली मंदिर की दीवार पर जा लगी। इससे सुखबीर बादल बाल-बाल बच गए। इसके बाद हमलावर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सुखबीर सिंह बादल को तुरंत सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। स्वर्ण मंदिर के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अमृतसर पुलिस ने गोल्डन टेंपल के पास से एक संदिग्ध एनआरआई को गिरफ्तार किया है। एनआरआई से एक पिस्टल बरामद किया है, जो बिना लाइसेंस का है। सुखबीर पर हमला करने वाला आरोपी गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक का रहने वाला नारायण सिंह चौड़ा है। वह सिख संगठन दल खालसा का मेंबर है।

राज्यसभा में उठा किसानों का मुद्दा एमएसपी का वादा पूरा करने की मांग

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। किसानों व उनकी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा बुधवार को राज्यसभा में उठाया गया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के अन्य सभी कार्यों को स्थगित कर इस मुद्दे पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की।

हालांकि यह मांग स्वीकार नहीं की गई। इसके बाद सभापति ने विपक्ष से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को इस विषय पर बोलने का अवसर दिया। इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि धरती का भगवान अन्नदाता, उसके ऊपर लाठियां चल रही हैं। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य का जो वादा किया गया था, वह वादा नहीं निभाया जा रहा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि किसानों के संबंध में हमारी आवाज को संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग भी उठा रहे हैं।

उन्होंने राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम आपको धन्यवाद देते हैं कि आपने हमारी आवाज को उठाया है।

गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वयं एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रश्न किया था कि आखिरकार किसानों से वार्ता क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा था कि कृषि मंत्रीजी, हर पल आपके लिए महत्वपूर्ण है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं, और भारत के संविधान के तहत दूसरे सबसे बड़े पद पर विराजमान व्यक्ति के रूप में मैं आपसे आग्रह करता हूं कि कृपया मुझे बताइए, क्या किसान से कोई वादा किया गया था और वह वादा क्यों नहीं निभाया गया।

36 साल जेल में रहने के बाद 104 वर्षीय शख्स रिहा

महानगर संवाददाता

मालदा। पश्चिम बंगाल में मालदा के सुधारगृह में 36 साल तक सजा काटने के बाद 104 वर्षीय बुजुर्ग को रिहा कर दिया गया। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी। मालदा जिले में जन्मे रसिक्तचंद्र मंडल 1988 में की गई एक हत्या के दोषी हैं। उन्होंने जमीन विवाद को लेकर अपने भाई की हत्या की थी। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उन्हें बीच में एक साल के लिए जमानत पर रिहा किया गया था और जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें फिर से जेल में डाल दिया गया। वह अब बागवानी करेंगे और परिवार के साथ समय बिताएंगे।

महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों में भूकंप

जमीन से 40 किमी नीचे था केंद्र, 5.3 रही तीव्रता, 15 सेकंड तक धरती हिली

महानगर संवाददाता



हैदराबाद/मुंबई/रायपुर। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई। झटके सुबह 7.27 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे रहा। भूकंप के झटके 15 से 20 सेकंड तक लगे।

शुरुआती जानकारी के हिसाब से भूकंप में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। झटके महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर और गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में महसूस किए गए। इसके अलावा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुलुग, हैदराबाद, रंगारेड्डी, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम और कृष्णा जिलों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप के चलते कई घरों की दीवारों में दरारें आ गईं। लोगों ने घरों से बाहर, खुले मैदान में आकर खुद को सुरक्षित किया।

क्यों आता है भूकंप?

पृथ्वी की चार प्रमुख परतें हैं। इन्हें इनर कोर, आउटर कोर, मेंटल और क्रस्ट कहते हैं। पृथ्वी के नीचे मौजूद प्लेट्स घूमती रहती हैं, जिसके आपस में टकराने पर पृथ्वी की सतह के नीचे कंपन शुरू होता है। जब ये प्लेट्स अपनी जगह से खिसकती हैं तो भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। जहां प्लेट्स खसकती है, उस जगह पर सबसे ज्यादा भूकंप का असर रहता है।

भूकंप महसूस हो तो क्या करना चाहिए

अगर भूकंप के झटके तेज महसूस हो रहे हैं तो आप घर में मजबूत फर्नीचर, टेबल के नीचे बैठ जाएं और सिर पर हाथ रख लें। हल्के भूकंप के झटके हों तो घर की फर्श पर बैठ जाएं। अगर आप हाईराइज बिल्डिंग में रहते हैं तो भूकंप के झटके महसूस होने तक घर में ही रहें। जब भूकंप के झटके रुक जाएं तो बिल्डिंग के नीचे जाएं। जब आप नीचे चले जाएं तो बिल्डिंग से बाहर कहीं दूर जाकर खड़े हों, ताकि इमारत के गिरने पर आपकी जान को कोई नुकसान ना पहुंचे।

सलमान की शूटिंग में घुसा संदिग्ध युवक

क्रू को लॉरेंस बिश्नोई के नाम की दी धमकी

महानगर संवाददाता

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को एक बार फिर धमकी मिली है। बुधवार रात को मुंबई के दादर में एक अज्ञात शख्स उनकी फिल्म की शूटिंग एरिया में बिना परमिशन के घुसा। जब क्रू ने टोका तो उसने सलमान खान के सामने कहा कि बिश्नोई को बोलूं क्या। इसके बाद सलमान की सिक्योरिटी ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह मुंबई का ही रहने वाला है। दरअसल, सलमान खान को लॉरेंस गैंग की तरफ से कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। सलमान के घर पर लॉरेंस गैंग ने फायरिंग भी कराई थी। सलमान के करीबी और महाराष्ट्र कैबिनेट के मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी।

हमला घटना के बाद थाने के गेट किए बंद, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

अमृतसर के पुलिस थाने में ग्रेनेड धमाका, खिड़कियों के शीशे टूटे

महानगर संवाददाता

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में मजीठा में थाने के अंदर बुधवार की देर 10.05 बजे धमाका हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि थाने की खिड़कियों के शीशे टूट गए। ब्लास्ट पुलिस स्टेशन के गेट के पास खुली जगह में हुआ। घटना के बाद थाने के गेट बंद कर दिए गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार थाने के अंदर हैंड ग्रेनेड फेंका गया था। हालांकि अभी इसकी किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है।

धमाके की सूचना मिलते ही मजीठा के डीजीपी जसपाल सिंह ढिल्लो मौके पर पहुंच गए। घटना के वक्त थाने में कई मुलाजिम मौजूद थे। घटना में किसी तरह का नुकसान हुआ या नहीं, यह जानकारी नहीं मिल पाई। मामले की गंभीरता को भांपते हुए पंजाब पुलिस की बॉर्डर रेंज के डीआईजी सतिंदर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उधर अमृतसर रूरल पुलिस के एसएसपी चरणजीत सिंह ने कहा कि धमाके की आवाज आई है। पुलिस जांच कर रही है। इससे पहले बुधवार सुबह ही अमृतसर में गोल्डन टेंपल के बाहर पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को मारने की कोशिश की गई थी। इसके बाद से पूरे पंजाब में पुलिस हाईअलर्ट है।

छह दिन में चौकी-थाने में दूसरा धमाका

अमृतसर जिले में 6 दिनों के अंदर पुलिस चौकी और थाने में धमाके की ये दूसरी घटना है। 29 नवंबर की रात अमृतसर शहर की गुरबख्श नगर चौकी में धमाका हुआ था। इस चौकी को कुछ दिन पहले बंद किया जा चुका है। इसके अलावा अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर ईआईडी भी प्लांट किया गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण फटा नहीं। पुलिस को ये ईआईडी सुबह मिली थी। ये ईआईडी भी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी हैप्पी पासिया और गोपी नवांशहरिया ने रखवाई थी। सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर आए 2 युवक थाने के एक साइड पर ईआईडी रखते और उसका डेटोनेटर थाने के दरवाजे पर लगाते नजर आए थे। ताकि कोई थाने का दरवाजा खोले तो ब्लास्ट हो जाए।

आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 1 लाख करोड़ और चार टीमों की पहली बार 100 मिलियन डॉलर पार

टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स की वैल्यू सबसे ज्यादा, 1,033 करोड़ पहुंची

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे पॉपुलर टी-20 क्रिकेट लीग आईपीएल की टोटल ब्रांड वैल्यू पिछले साल के मुकाबले 13 फीसदी बढ़कर 12 बिलियन डॉलर यानी 1.01 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। ब्रांड वैल्यूएशन करने वाली कंपनी ब्रांड फाइनेंस की नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

2023 में पहली बार आईपीएल की टोटल ब्रांड वैल्यू 10 बिलियन डॉलर के पार गई थी। पिछले साल यह 10.7 बिलियन डॉलर (90,679 करोड़ रुपए) रही थी। वहीं 2009 में वैल्यूएशन 2 बिलियन डॉलर यानी 16,943 करोड़ रुपए रही थी। इंडियन प्रीमियर लीग साल 2008 में शुरू हुई थी। ब्रांड फाइनेंस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईपीएल की चार टीमों-चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स की ब्रांड वैल्यू भी पहली बार 100 मिलियन डॉलर (847 करोड़ रुपए) से ज्यादा हो गई है।

गुजरात टाइटंस की ब्रांड वैल्यू सबसे कम 5 फीसदी बढ़ी : वहीं राजस्थान रॉयल्स की ब्रांड वैल्यू 30 फीसदी, दिल्ली कैपिटल्स की 24 फीसदी, पंजाब किंग्स की 49 फीसदी और लखनऊ सुपर जायंट्स की 29 फीसदी बढ़ी है। गुजरात टाइटंस की ब्रांड वैल्यू सबसे कम 5 फीसदी ही बढ़ी है। ब्रांड फाइनेंस के मुताबिक, टॉप-5 आईपीएल टीमों में एक्सपेंशन यानी विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। इन टीमों में पॉपुलर फुटबॉल लीग-इंग्लिश प्रीमियर लीग, ला लीगा, बुंडेसलीगा, सीरी ए और लीग-1 की टॉप 5 टीमों के लेवल तक अपनी ब्रांड वैल्यू बढ़ाने की क्षमता है।

टॉप-5 आईपीएल टीमों की कंबाइन ब्रांड वैल्यू 4,667 करोड़ रुपए : टॉप-5 आईपीएल टीमों की कंबाइन ब्रांड वैल्यू 551 मिलियन डॉलर यानी 4,667 करोड़ रुपए है, यह फुटबॉल लीग की तुलना में काफी कम है। बुंडेसलीगा की टॉप-5 टीमों की कंबाइन ब्रांड वैल्यू 2.9 बिलियन डॉलर यानी 24,566 करोड़ रुपए है।

आईपीएल की 10 टीमों में सीएसके की ब्रांड वैल्यू सबसे ज्यादा

आईपीएल की 10 टीमों में सीएसके की ब्रांड वैल्यू सबसे ज्यादा है। चेन्नई की वैल्यू 52 फीसदी बढ़कर 1,033 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं ब्रांड वैल्यू के मामले में मुंबई दूसरे नंबर पर है, इसकी वैल्यूएशन 36 फीसदी बढ़कर 1,008 करोड़ रुपए पहुंच गई है। आरसीबी 991 करोड़ रुपए (+67 फीसदी) की ब्रांड वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है। वहीं केआरके 923 करोड़ रुपए (+38 फीसदी) की ब्रांड वैल्यू के साथ चौथे नंबर पर है। इस लिस्ट में एसआरएच पांचवें नंबर पर है।

सनराइजर्स हैदराबाद की ब्रांड वैल्यू में सबसे ज्यादा ग्रोथ : सभी टीमों में सनराइजर्स हैदराबाद की ब्रांड वैल्यू में सबसे ज्यादा ग्रोथ है। टीम की वैल्यूएशन 76 फीसदी बढ़कर 719 करोड़ रुपए हो गई है। यह लीग के बढ़ते इंटरनेशनल इंफ्लूएंस और फाइनेंशियल अचीवमेंट को दर्शाता है।

सेंसेक्स 110 अंक चढ़कर 80,956 पर बंद

महानगर संवाददाता

मुंबई। सेंसेक्स 4 दिसंबर को 110 अंक की बढ़त के साथ 80,956 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 10 अंक की बढ़त रही, ये 24,467 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में जीएच तेजी देखने को मिली है।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 20 में तेजी देखने को मिली है। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग और रियल्टी में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही। एचडएफसी लाइफ 2.59त्न की बढ़त के साथ निफ्टी का टॉप गेनर रहा। वही एयरटेल 2.33त्न की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा।

स्विगी का शेयर 3.04 फीसदी चढ़ा

बेहतर तिमाही नतीजे आने के बाद ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के शेयर में 15.25 रुपए (3.04 फीसदी) की तेजी देखने को मिली है। इसका शेयर 517.10 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 3 दिसंबर को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 597 अंक की तेजी के साथ 80,845 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 181 अंक की तेजी रही, ये 24,457 के स्तर पर बंद हुआ था।

सोना-चांदी में तेजी

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। सोना-चांदी के दाम में 4 दिसंबर को बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 96 रुपए बढ़कर 76,420 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,324 रुपए प्रति दस ग्राम थी।

चांदी के दाम में भी तेजी है। ये 370 रुपए बढ़कर 90,350 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी 89,980 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

जून तक 85 हजार रुपए तक जा सकता है सोना

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती की है। इससे गोल्ड ईटीएफ की खरीदारी बढ़ेगी। ऐसे में अगले साल 30 जून तक सोना 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

महाकुंभ में 3,000 करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी में कंपनियां

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहा है महाकुंभ

महानगर संवाददाता



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। 45 दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ में ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर भारतीय उद्योग जगत कम से कम 3,000 करोड़ रुपए खर्च करने जा रहा है। कंपनियों को हर 12 साल में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में भारी खपत का अवसर दिख रहा है। यह 13 जनवरी से शुरू हो रहा है और इसमें 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोका-कोला, आईटीसी, बिसलेरी, पारले, डाबर, पेटीएम और इमामी के साथ-साथ मोबिलिटी प्लेयर्स और ईवी कंपनियों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। सीआईआई की एक पिछली रिपोर्ट के अनुसार, 2013 में हुए पिछले महाकुंभ ने हवाई अड्डोंए होटलों के बुनियादी ढांचे में वृद्धि सहित कुल 12ए000 करोड़ रुपए का रेवेन्यू उत्पन्न किया था, जबकि 2019 के कुंभ मेले ने कुल 1.2 लाख करोड़ रुपए का राजस्व आया था। महाकुंभ के लिए विज्ञापन अधिकार हासिल करने वाली क्रेयॉन्स एडवरटाइजिंग के वाइस प्रेजिडेंट राज मोहंती ने कहा, हमारे फोन पर लगातार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सवाल आ रहे हैं। एफएमसीजी, फार्मा, लो-कॉस्ट मोबिलिटी प्रोवाइडर्स, ईवी और यूपीआई गेटवे की ओर से इसमें भारी रुचि दिखाई गई है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है, इसलिए ब्रांड अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक एक अधिकारी ने बताया कि कंपनियां मार्केटिंग पर खर्च दोगुना कर रही हैं, स्टॉल लगा रही हैं, डिस्ट्रीब्यूटर्स नियुक्त कर रही हैं और सप्लाई चेन तैयार कर रही हैं, आध्यात्मिक पैक लॉन्च कर रही हैं और यहां तक कि इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल कर रही हैं। नियमित स्टॉल के अलावाए इंटरैक्टिव बूथ, वर्चुअल रियलिटी एक्सपीरियंस जोन, इंस्टॉलेशन, ब्रांडेड लाउंज और एंगेजमेंट टचपॉइंट भी हैं। डाबर ने कहा कि वह उपभोक्ता संपर्क बढ़ाने के तरीकों पर काम कर रही है।

डाबर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा, हमने अपने अधिकांश पावर ब्रांड के लिए उपयोगकर्ताओं के साथ संपर्क को मजबूत करने के लिए कंज्यूमर एक्टिवेशन की एक सीरीज बनाई है। कंपनी कुंभ परिसर के अंदर स्वचालित टूथपेस्ट डिस्पेंसर के साथ दंत स्नान जोन स्थापित कर रही है। इसके आंवला और वाटिका ब्रांड घाटों पर महिला भक्तों के लिए 100 से अधिक ब्रांडेड चेंजिंग रूम स्थापित कर रहे हैं।

पार्किंग की व्यवस्था

मंगलदीप धूप, बिंगो चिप्स और यिप्पी नूडल्स सहित आईटीसी के ब्रांड भी कुंभ के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता और उद्देश्य आधारित पहल की योजना बना रहे हैं। कंपनियों ने यह भी कहा कि वे इस आयोजन में लॉजिस्टिक्स की चुनौतियों से निपटने के लिए योजनाएं बना रही हैं। पार्किंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर पार्क ऑटोमेटेड पार्किंग सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए आगे आई है। इसी तरह पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्पों के लिए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सेवा प्रदाताओं के साथ गठजोड़ पर काम चल रहा है।

अधिक स्वास्थ्यकारक है बहु-स्रोत खाद्य तेल

महानगर संवाददाता

मुंबई। बहु-स्रोत खाद्य तेल का उपयोग आम लोगों की पहली पसंद है, क्योंकि उनका मानना है कि, एकल-बीज परिष्कृत तेल की तुलना में बहु-स्रोत खाद्य तेल अधिक स्वास्थ्यकारक है। इसे अन्य प्रकार के तेल के साथ मिलाया गया है। बहु-स्रोत खाद्य तेल दो तेलों का मिश्रण होते है, तो एक ही स्वास्थ्यकारक तेल में एमयूएफए और पीयूएफए का समृद्ध स्रोत होता है। सफोला गोल्ड एक बहु-स्रोत खाद्य तेल है जो चावल की भूसी और सूरजमुखी के तेल का मिश्रण है, ये हृदय के स्वास्थ्य को अच्छा बनाने के लिए विकसित किया गया है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए आप चावल की भूसी के तेल और कुसुम के तेल के मिश्रण के साथ सफोला टोटल भी चुन सकते हैं। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए एकल-स्रोत तेलों की तुलना में इन दोनों तेलों का मिश्रण अधिक प्रभावी होता है।

कुछ बहु-स्रोत खाद्य तेल एमयूएफए और पीयूएफए में समृद्ध हैं। ये फैटी एसिड शरीर के लिए आवश्यक हैं। कुछ मिश्रण खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हृदय रोग के इलाज में सहायक होते हैं। बहु-स्रोत खाद्य तेल अगर विशिष्ट मिश्रणों के साथ ही कैंसर कोशिकाओं के इलाज में सहायक होते हैं। वे ट्राइग्लिसराइड्स और शरीर के वजन को भी कम करते हैं। बहु-स्रोत खाद्य तेल में हायर स्मोक प्वाइंट (उच्च धुआं बिंदु) भी एक कारक होता है, जो उन्हें हमारे स्वादिष्ट व्यंजनों को तलने के लिए आदर्श बनाते हैं।

कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025 के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक

महानगर संवाददाता

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने साल 2025 के लिए मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग-अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं।

कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह का कहना है कि बाजार में गिरावट उचित वैल्यूएशन पर मौजूद फंडामेंटली मजबूत कंपनियों में निवेश करने का अवसर है।

बाजार को आगे बढ़ाने के लिए अर्निंग ग्रोथ और पी/ई एक्सपेंशन के लिए सीमित अवसर के साथ, बहुत ज्यादा रिटर्न की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, साथ ही टिकने वाले व लॉन्ग टर्म ग्रोथ पर फोकस करना जरूरी है।

फाइनेंशियल सर्विसेज की बढ़ती पहुंच

फाइनेंशियल सर्विसेज (वित्तीय सेवाएं) एक डाइवर्स सेक्टर है, जिसमें सब-कैटेगरीज में अलग-अलग प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। बैंक क्रेडिट ग्रोथ और डिपॉजिट ग्रोथ के बीच अंतर कम हो रहा है, जिससे मार्जिन पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

कैपेक्स साइकिल रिवाइवल : भारत पहले से ही एक महत्वपूर्ण मल्टी-ईयर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) साइकिल में है, जिससे आर्थिक विकास (इकोनॉमिक ग्रोथ) को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अगले साल केंद्र सरकार और लिस्टेड कॉर्पोरेट खर्च बढ़ने का अनुमान है, जबकि राज्य का खर्च पिछड़ सकता है। प्राइवेट सेक्टर की अनुमानित लागत दशक के हाई लेवल 55,122 अरब रुपए पर है।

टेक्नोलॉजी- नए जमाने की सर्विसेज

क्लाउड सर्विसेज में खर्च बढ़ने से आईटी सर्विसेज पर खर्च में सुधार की उम्मीद है। भारत एआई, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटीज जैसी नए जमाने की सर्विसेज में अपनी पेशकश का विस्तार कर रहा है। कंजम्पशन और रूरल रिवाइवलः भारत के कंजम्पशन सेक्टर ने कोविड 19 के बाद मिला जुला सुधार दिखाया है, जिसमें प्रीमियम प्रोडक्ट अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि बड़े पैमाने पर कंजम्पशन पिछड़ गया है। शहरी क्षेत्रों ने अब तक रूरल कंजम्पशन से बेहतर प्रदर्शन किया है, हालांकि ग्रामीण इलाकों के खर्च में अब सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

फिक्स्ड इनकम इन्वेस्टमेंट खासकर लंबी अवधि में कम जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न प्रदान करते हैं।

हेल्थकेयर

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी के साथ हेल्थकेयर के खर्च में बढ़ोतरी होना तय है। जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, मेडिकल के खर्च में बढ़ोतरी का ट्रेंड देखने को मिलता है। फार्मास्यूटिकल्स और वैक्सीन का एक प्रमुख उत्पादक होने के नाते, भारत इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

आरबीआई ने यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट 5000 रुपए तक बढ़ाई

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने वालों के लिए खुशखबरी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट को बढ़ाकर 5,000 रुपए और प्रति लेन-देन सीमा को बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया है। इसका मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और ज्यादा बढ़ावा देना है, ताकि इसको व्यापक रूप से अपनाया जा सके। आरबीआई की ओर से जारी एक अधिसूचना के मुताबिक रिजर्व बैंक ने जनवरी 2022 में जारी 'ऑफलाइन ढांचे' में संशोधन किया है, जिसका उद्देश्य ऑफलाइन मोड में छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान को सुविधाजनक बनाना है। वर्तमान में ऑफलाइन भुगतान लेन-देन की ऊपरी सीमा 500 रुपए है, जबकि किसी भी समय भुगतान साधन पर ऑफलाइन लेन-देन की कुल सीमा 2,000 रुपए है। यूपीआई लाइट लेन-देन इस सीमा तक ऑफलाइन होते हैं कि अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक की जरूरी नहीं होती है, जबकि लेन-देन अलर्ट वास्तविक समय में नहीं भेजे जाते हैं। रिजर्व बैंक की ओर से जारी एक परिपत्र में कहा गया है, यूपीआई लाइट के लिए बढ़ी हुई सीमा 1,000 रुपए प्रति लेन-देन होगी।

भारतीय रुपया अब तक के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ, जो 84.74 पर था जो पहले के 84.6850 से और भी कमजोर था। रुपया व्यापक डॉलर की मांग और निरंतर अवमूल्यन की प्रवृत्ति से प्रभावित हुआ जबकि डॉलर-रुपया फॉरवर्ड प्रीमियम में भी गिरावट आई।

रुपया अपनी अधिकांश एशियाई समकक्ष मुद्राओं से लाभ प्राप्त करने में असमर्थ रहा जिनमें से चीनी युआन भी 0.2 फीसदी बढ़कर 7.28 पर पहुंच गया था, हालांकि मंगलवार को यह एक साल के निचले स्तर पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक मुंबई में शुरू हुई, जो 6 दिसंबर तक चलेगी। इस बैठक में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति निर्णय की घोषणा करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारतीय अर्थव्यवस्था विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही है, जैसे उम्मीद से कम जीडीपी वृद्धि, उच्च मुद्रास्फीति और उत्पादन स्तरों में गिरावट, जिससे आर्थिक दबाव बढ़ गया है।

वहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को डॉलर-रुपया स्वैप्स (खरीद-बेच) का संचालन किया, जिससे फॉरवर्ड प्रीमियम में गिरावट आई। 1 साल का डॉलर-रुपया इंप्लीड यील्ड चार महीने के न्यूनतम 1.95 फीसदी पर गिर गया, जो पिछले तीन सत्रों में लगभग 30 बेस पॉइंट कम हुआ है। साथ ही डॉलर इंडेक्स 0.1 फीसदी बढ़कर 106.5 पर था जबकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस महीने में दरों में कटौती की संभावना पर ध्यान केंद्रित था। फेड चेयर जेरोम पॉवेल के बयान पर भी बाजार की नजरें होंगी।

'लोग सरकारी पैसे लेने के लिए खाता खोलते हैं, पैसे निकालकर खाता भूल जाते हैं'

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने कहा कि कई बार खाताधारक खासकर वे खाताधारक जिन्होंने सरकारी कार्यक्रमों के तहत वित्तीय मदद हासिल करने के लिए खाते खोले हैं वे सीमित संख्या में लेनदेन करते हैं। खाते में पैसे जमा होने के बाद, अधिकतम केवल दो-तीन बार उससे पैसे निकाले जाते हैं, उसके बाद वह निष्क्रिय हो जाते हैं और उसे निष्क्रिय घोषित कर दिया जाता है।

चेयरमैन ने यह बयान, आरबीआई द्वारा बैंकों से निष्क्रिय या 'फ्रीज' किए गए खातों के तिमाही आधार पर केंद्रीय बैंक को प्रगति की रिपोर्ट देने को कहे जाने के कुछ दिन बाद दिया है। एसबीआई ने सप्ताहांत में निष्क्रिय खातों के खिलाफ विशेष अभियान की घोषणा भी की थी। हालांकि, देश के सबसे बड़े बैंक में निष्क्रिय खातों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि कि गैर-वित्तीय लेनदेन से भी खाता सक्रिय किया जा सकेगा, 'हमने इस मामले को आरबीआई के समक्ष उठाया है।' मौजूदा नियम एक निश्चित समयावधि में वित्तीय लेनदेन पर केंद्रित हैं, जिसके परिणामस्वरूप बहुत सारे खाते 'निष्क्रिय' के रूप में चिह्नित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई ग्राहक वास्तव में कोई गैर-वित्तीय लेनदेन करता है, तो यह इस बात का संकेत है कि वह बैंक खाते के बारे में 'जागरूक' है और इसलिए इसे सक्रिय खाते के रूप में चिह्नित किया जाता है।

अब आधार अनिवार्य नहीं!

ईपीएफओ ने पीएफ क्लेम को लेकर बदला नियम

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ क्लेम को लेकर नियम में बदलाव किया है। अब पीएफ क्लेम करने के लिए आधार अनिवार्य नहीं होगा, लेकिन यह सभी कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि कुछ खास कैटेगरी के मेम्बर्स के लिए है। यह छूट कुछ कैटेगरी के कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को आधार से लिंक करने की अनिवार्यता में छूट दी है। इस कदम से उन कर्मचारियों के लिए क्लेम करना आसान हो जाएगा, जिनके लिए आधार लेना मुश्किल काम है या यूं कहें उन्हें आधार जैसे डॉक्यूमेंट नहीं मिल सकते हैं।

किन कर्मचारियों को मिलेगी छूट

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत रजिस्टर्ड इंटरनेशनल कर्मचारी को इसके तहत छूट दी गई है। वह भी वे कर्मचारी जो भारत में काम करने के बाद अपने देश चले गए और आधार नहीं ले पाए। इसके अलावा, इसके तहत विदेशी नागरिकता प्राप्त भारतीय, जिन्हें आधार नहीं मिल सका है। स्थायी रूप से विदेश गए पूर्व भारतीय नागरिक और नेपाल और भूटान के नागरिकों को भी इसके तहत छूट दी गई है।

आधार के अलावा वैकल्पिक विकल्प

वहीं आधार की अनिवार्यता ईपीएफ और एमपी अधिनियम के तहत कवर किए गए उन कर्मचारियों के लिए भी नहीं रखी गई है, जो भारत के बाहर रहते हैं और आधार नहीं रखते हैं। इस बदलाव के लागू होने के साथ ही वे कर्मचारी भी ईपीएफओ के तहत क्लेम कर सकते हैं। इनके लिए एक अलग ऑप्शन रखा जाएगा।

इन डॉक्यूमेंट के तहत भी कर सकते हैं क्लेम

इन कैटेगरी के कर्मचारियों के लिए ईपीएफओ ने दूसरे डॉक्यूमेंट के जरिये पीएफ क्लेम निपटाने की अनुमति दी है। इसमें

वैरिफिकेशन डॉक्यूमेंट- पासपोर्ट, नागरिकता प्रमाणपत्र या अन्य आधिकारिक आईडी प्रूफ शामिल हैं। पैन, बैंक खाता विवरण और अन्य पात्रता मानदंडों के जरिए वैरिफिकेशन की जाएगी। 5 लाख से अधिक के क्लेम के लिए नियोक्ता से सदस्य की प्रामाणिकता को वैरिफिकेशन किया जाएगा।

क्लेम के लिए क्या है नियम

ईपीएफओ की ओर से बनाए गए नियम में कहा गया है कि किसी भी क्लेम की अधिकारियों को सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए। इसके बाद स्वीकृति अधिकारी-प्रभारी के माध्यम से ई-ऑफिस फाइल के जरिए मंजूरी जरूरी है।

वहीं कर्मचारियों को सलाह दी जाती है कि वे एक ही यूएएन नंबर बनाए रखें या पिछला सर्विस रिकॉर्ड एक ही यूएएन नंबर में ट्रांसफर कर दें। इससे क्लेम मिलने में आसानी होती है।

नीति आयोग ने किया 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रेल-जून) के लिए भारत के व्यापार सांख्यिकीय आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले ट्रेड वॉच क्वार्टरली का बुधवार को नई दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोग के सदस्यों डॉ. वीके सारस्वत एवं डॉ. अरविंद विरमानी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नीति आयोग ने एक बयान में बताया कि व्यापार संबंधी क्षेत्रों पर नजर रखने वाला यह प्रकाशन वैश्विक मांग-आपूर्ति परिप्रेक्ष्य, क्षेत्रीय प्रदर्शन और उभरते व्यापार अवसरों की अंतर्दृष्टि को समाहित करते हुए भारत की व्यापार स्थिति की समग्र तस्वीर प्रस्तुत करता है।

पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-अ में चेंज ऑफ लॉ का फायदा देने का मामला

विद्युत भवन में दिनभर चला किसानों का हंगामा

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजधानी जयपुर स्थित विद्युत भवन में बुधवार को प्रदेशभर के कई किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। किसान यहां पीएम कुसुम योजना के घटक-अ में चेंज ऑफ लॉ का फायदा देने की मांग कर रहे थे। किसान सौर ऊर्जा हितकारी समिति के बैनर तले विद्युत भवन में जुटे किसान अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक के कक्ष के बाहर धरना देने लगे। यहां इन्होंने कुसुम योजना के घटक-अ में स्वीकृत प्लांट के सभी किसानों को चेंज ऑफ लॉ का फायदा देने, चेंज ऑफ लॉ के तहत कस्टम ड्यूटी और बीसीडी (बेसिक कस्टम ड्यूटी) से वंचित किसानों को लाभ देने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा और समझाइश की, लेकिन किसान नहीं माने। इस दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़े-बड़े दावे कर रही हैं, लेकिन केंद्र की कुसुम योजना में प्लांट लगाने वालों की सुनवाई नहीं हो रही। हंगामा बढ़ता देख एमडी नथमल डिडेल किसानों से वार्ता के लिए पहुंचे और उन्हें आश्वासन दिया। फिर भी किसानों का कहना था कि कई प्लांट तैयार पड़े है, लेकिन उन्हें कमीशनिंग के आदेश नहीं दिए जा रहे। इस पर उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता करने की कही। इस दौरान सभी किसान विद्युत भवन के बाहर गार्डन में ही बैठे रहे। समिति से जुड़े नरेन्द्र सिंह कुड़की ने बताया कि देर शाम एसीएस ऊर्जा आलोक ने उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि किसानों की आय में बढ़ोतरी और आर्थिक विकास के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान (कुसुम) योजना चलाई जा रही है। योजना के घटक-अ के तहत किसान अपनी कम उपजाऊ-बंजर जमीन पर चयनित विद्युत सब स्टेशनों के निश्चित दायरे में सोलर संयंत्र लगाकर बिजली उत्पादित कर सकता है।

राजस्थान में मेडिकल ट्यूरिज्म को मिलेंगे नए आयाम

जल्द शुरू होंगे एमवीटी सेल और पोर्टल

महानगर संवाददाता

जयपुर। प्रदेश में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ाने के लिए जल्द मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी लाई जाएगी। पॉलिसी को अंतिम रूप देने से पहले बुधवार को इससे संबंधित हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने कहा कि राजस्थान को मेडिकल ट्यूरिज्म के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं। इस दिशा में जल्द ही मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी लाई जाएगी। सभी हितधारकों के साथ चर्चा कर इसे अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि नीति के अनुरूप मेडिक वैल्यू ट्रेवल से संबंधित योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए शीघ्र ही एमवीटी सेल बनाई जाएगी। साथ ही, एमवीटी पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास किया जा रहा है। विश्व स्तरीय संस्थानों का निर्माण यहां हो रहा है। होलिस्टिक एप्रोच के साथ ऐलोपैथी एवं आयुष चिकित्सा तथा वैलनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान से प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश होने जा रहा है। इससे राजस्थान मेडिकल ट्यूरिज्म की दिशा में नई ऊंचाइयां छुएगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में भी पोर्टेबिलिटी का प्रावधान होने से मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा मिलेगा। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने कहा कि निजी चिकित्सा संस्थान इस पॉलिसी के माध्यम से अपनी सेवाओं का विस्तार कर प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म बढ़ाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए नियमों को अधिक सुगम व निवेश अनुकूल बनाया जाए। इस अवसर पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, जोधपुर एम्स के प्रेसिडेंट डॉ. एसएस अग्रवाल, जेएनयू अस्पताल, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, राजस्थान हॉस्पिटल, भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, आईआईएचएमआर, इटरनल हॉस्पिटल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न निजी चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मेनमरूवतूर स्टेशन पर ट्रेनों का होगा ठहराव

जयपुर (मसं.)। रेलवे द्वारा इरूमुदि-थाईपूसम त्यौहार को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए दो जोड़ी ट्रेनों को मेनमरूवतूर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 20481 भगत की कोठी (जोधपुर) - तिरूच्चिरापल्लि ट्रेन 18 दिसम्बर से 5 फरवरी 2025 तक भगत की कोठी से प्रस्थान करेगी, वह मेनमरूवतूर स्टेशन पर 11.20 बजे आगमन कर 11.22 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20482 तिरूच्चिरापल्लि-भगत की कोठी (जोधपुर) 21 दिसम्बर से 8 फरवरी 2025 तक तिरूच्चिरापल्लि से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मेनमरूवतूर स्टेशन पर 11.08 बजे आगमन और 11.10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22632 बीकानेर-मदुरै रेलसेवा 15 दिसम्बर से 9 फरवरी 2025 तक बीकानेर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मेनमरूवतूर स्टेशन पर 11.38 बजे आगमन और 11.40 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22631 मदुरै-बीकानेर 19 दिसम्बर से 6 फरवरी 2025 तक मदुरै से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मेनमरूवतूर स्टेशन पर 5.53 बजे आगमन और 5.55 बजे प्रस्थान करेगी।

रोडवेज में बेटिकट यात्रा पर लगेगी लगाम, वसूलेंगे दस गुना जुर्माना

जयपुर (मसं.)। रोडवेज प्रशासन ने बेटिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर भी लगाम लगाने की तैयारी कर दी है। इस संबंध में राजस्थान रोडवेज के एमडी पुरुषोत्तम शर्मा ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं। अब बेटिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से टिकट राशि का 10 गुना जुर्माना वसूल किया जाएगा, जो अधिकतम दो हजार रुपए तक होगा। इसके साथ ही यातायात निरीक्षकों को भी प्रतिमाह 36 हजार रुपए जुर्माना वसूल करने का टारगेट दिया गया है, जो कि पहले 3 बेटिकट यात्री कार्रवाई तक सीमित था।

हज यात्रा ट्रेनर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 तक

महानगर संवाददाता

जयपुर। हज यात्रा-2025 में चयनित हज यात्रियों को हज अरकान, व्यवस्थागत निर्देशों एवं संबंधित गतिविधियों की जानकारी देने के लिए ट्रेनर्स की ट्रेनिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र 13 दिसम्बर तक आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट ttps://haj-committee.gov.in पर उपलब्ध है।

राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी अबु सुफियान चौहान ने बताया कि ट्रेनर के आवेदन के लिए अभ्यर्थी के लिए कक्षा 12वीं अथवा समकक्ष पास होना तथा सूचना प्रोद्यौगिकी का ज्ञान आवश्यक है। आवेदक कम से कम एक बार हज किया हो, पिछले 5 वर्ष के दौरान हज करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। आवेदक के खिलाफ न्यायालय में कोई अपराधिक मामला दर्ज न हो। वह अंग्रेजी, उर्दू, हिन्दी एवं स्थानीय भाषा में वार्तालाप करने में दक्ष हो तथा उसे हज, उमरा के अरकान एवं यात्रा संबंधित सभी गतिविधियों का पूर्ण ज्ञान हो। आवेदक का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना तथा प्रशिक्षण कार्य में सक्षम होना अनिवार्य है।

आवेदक को हज सुविधा ऐप पर कार्य करने का ज्ञान आवश्यक है। आयु सीमा 30 नवम्बर, 2024 तक 25 से 60 वर्ष रखी गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में पास अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर अंतिम चयन किया जाएगा।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोग्राफी मशीन जब्त

जयपुर (मसं.)

जयपुर के गोविन्दगढ़ में पीसीपीएनडीटी टीम ने भोमियों की ढाणी, ग्राम अनन्तपुरा के एक खेत में पड़ी हुई अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन जब्त की है। राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भोमियों की ढाणी डॉ. बी.एल. मील हॉस्पिटल परिसर स्थित खेत में एक कट्टे में अवैध पोर्टेबल मशीन पड़ी होने की सूचना मिली। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी ब्यूरो डॉ. हेमन्त जाखड़ ने मय टीम मौका मुआयना किया। मौके पर ही संबंधित उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय को बुलाया। इसके बाद टीम ने मौके से अपंजीकृत अवैध पोर्टेबल मशीन जब्त कर ली है। उन्होंने बताया कि इस अवैध मशीन के बारे में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

गृह रक्षा संगठन का 62वां रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

महानगर संवाददाता

जयपुर। गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को संसार चन्द्र रोड स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में सवाई मान सिंह हॉस्पिटल, शान्ति ब्लड सेन्टर व एन.आई.ए के तत्वाधान में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र के अधिकारियों, कर्मचारियों और होमगार्ड स्वयं सेवकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर में कमांडेंट सुमन ढाका ने बताया कि एन.आई.ए की टीम ने स्वंयसेवकों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच की। शिविर में कुल 140 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों की स्वास्थ्य चिकित्सा जांच भी की गई।

पांच करोड़ से ज्यादा युवा और महिला नशे की लत में डूबे : मदन राठौड़

जयपुर (मसं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बुधवार को राज्यसभा में देश के युवाओं और महिलाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति का मुद्दा उठाया। राठौड़ ने राज्यसभा के शून्यकाल में बच्चों और युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति जैसे गंभीर विषय पर सदन का ध्यान आकर्षण किया। उन्होंने कहा कि देश के 372 जिलों में 10.47 करोड़ से अधिक लोग नशे से प्रभावित है। इसमें विशेष रूप से 3.34 करोड़ युवा और 2.22 करोड़ महिला नशे की प्रवृत्ति से प्रभावित हैं। यह संख्या बेहद चिंतनीय है। राठौड़ ने बताया कि एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक देश में 10 से 17 वर्ष आयु समूह के करीबन 1.5 करोड़ बच्चे और किशोर अल्कोहल, अफीम, कोकीन, भांग सहित अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। देश के बच्चों में बढ़ती नशे की लत एक गंभीर समस्या बन चुकी है।

नशे की लत में नौनिहाल : राठौड़ ने सदन से मांग की कि बच्चों में नशे की रोकथाम के लिए प्रत्येक माह एक विशेष तलाशी अभियान चलाए जाने के कार्य योजना बनाई जाए। इस के साथ ही नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए।

स्पीकर बिरला के जन्मदिन पर 5244 यूनिट रक्तदान

सेवा दिवस के रूप में मनाया बिरला का जन्मदिन

महानगर संवाददाता

जयपुर/कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का जन्मदिवस बुधवार को प्रदेशभर में सेवा दिवस के रूप में मनाया। कोटा-बून्दी संसदीय क्षेत्र में रक्तदान शिविर व अन्य सामाजिक सेवा कार्यक्रमों में स्पीकर बिरला के दीर्घायु की कामना की। स्पीकर बिरला की धर्मपत्नी अमिता बिरला ने बताया कि 50 से अधिक स्थानों पर आयोजित शिविरों में कुल 5244 यूनिट रक्तदान हुआ। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर निशुल्क भोजन, कम्बल वितरण, पौधारोपण जैसे अनेक सेवा कार्य सम्पन्न हुए।

पत्नी अमिता ने नेत्रदान का लिया संकल्प : लोक सभा अध्यक्ष के कोटा स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। डॉ. अमिता बिरला ने भी नेत्रदान का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में 'सेवा' हमेशा हमारे संस्कारों का हिस्सा रही है।

कई स्थानों पर 2001 यूनिट रक्तदान : उत्तर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा के नेतृत्व में 18 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 2001 यूनिट रक्तदान हुआ। वहीं, भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा के नेतृत्व में राड़ी के बालाजी स्थित मंदिर में आयोजित शिविर में कुल 447 यूनिट रक्तदान हुआ। साथ ही भाजपा कुन्हाड़ी मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्तू बालिता व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह कानावत के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 301 यूनिट रक्तदान हुआ।

कोटा दक्षिण क्षेत्र में 'प्रभुजी' को कराया भोजन: विधायक संदीप शर्मा ने विज्ञान नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ अपना घर आश्रम में निवास कर रहे प्रभुजी की सेवा कर भोजन कराया। परिसर में पौधारोपण किया गया।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 338/2024

विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी-नाम-रतन लाल बैरवा पुत्र स्व. भैरूराम जाति बैरवा निवासी-ग्राम पालडी परसा पोस्ट देवलिया त. सांगानेर जि. जयपुर मृतक भैरूराम की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक 17.12.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम भैरूराम पुत्र स्व. गंगाराम जाति बैरवा निवासी- ग्राम पालडी परसा, देवलिया हरचंदपुरा, सांगानेर, जयपुर, का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 17 माह 12 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 06 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
862/7.11.24
मुहर
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय,
जयपुर महानगर द्वितीय

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, GAURI SHANKAR JHAJHARIA S/O RATTAN SINGH JHAJHARIA R/O H. NO.- 4/254, SFS, SHIPRA PATH, NEAR GALAXY CINEMA, MANSAROVAR, JAIPUR, RAJASTHAN-302020 declare that name of mine and my father have been wrongly written as GAURI SHANKAR and RATTAN SINGH in my 10th Class Educational documents and in my service record. The actual name of mine and my father are GAURI SHANKAR JHAJHARIA and RATTAN SINGH JHAJHARIA respectively which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

GAURI SHANKAR JHAJHARIA

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

व.म.बि.इंजी. (टीआरडी), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **एनआईटी संख्या:** ईएल-टीआरडी-जेपी-2024-25-09 आर, **कार्य का नाम:** लेफ्ट ओवर इलेक्ट्रिफिकेशन वर्क ऑफ लाइन-1 टू 4, 11 टू 17 एण्ड फीडर वायर वर्क इन फुलेरा यार्ड, फुल वायरिंग ऑफ लाइन-1 ऑफ गुड्स शेड इन कनकपुरा यार्ड एण्ड टॉप एन्ड वायरिंग ऑफ लाइन-3 इन शिवदासपुरा -पदमपुरा यार्ड ऑफ जयपुर डिवीजन, **अनुमानित लागत (रु):** 4,15,22,518.77, **बिड सिक्युरिटि राशि (रु):** 3,57,600.00, **निविदा खोलने की तिथि:** 27.12.2024. **नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे बाद, **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in

1394-PS/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर **सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक : जविप्रा/जोन-6/2024/डी-2765 दिनांक : 20.11.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुर्गेश कुमार, श्री ओमप्रकाश, श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री निर्भयराम द्वारा समिति द्वारा जारी दस्तावेज, अपंजीकृत इकरारनामा, अपंजीकृत वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री छत्रपति शिवाजी गृ. नि.स.स. की योजना संगम कालोनी-ए के भूखण्ड संख्या ए-35 क्षेत्रफल 375.00 व.ग. का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का आवटन पत्र श्री अलीमुदीन पुत्र श्री सुलेमान व्यापारी के पक्ष में जारी किया गया है।
अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपात्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा योजना संगम कालोनी-ए के भूखण्ड संख्या ए-35 का पट्टा श्री दुर्गेश कुमार, श्री ओम प्रकाश, श्री महेन्द्र कुमार के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-06

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नंबर 285/2024
चूंकि **श्री मनोज कुमार चौधरी निवासी प्लॉट नं. पी-2, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत **'सुमित्रा सिंह नहर सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट पी-2, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर** ने राजस्थान के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 3.12.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-07.02.25
5646/03.12.24
मुहर
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नंबर 78/2024
चूंकि श्री कैलाश चन्द्र लखेरा अध्यक्ष नं पंजीकृत प्रन्यास श्री लखेरा समाज धर्मशाला एवं पुण्यार्थ विकास प्लॉट नं. 17, श्याम नगर स्कीम नंबर-2, खातीपुरा रोड, झोटवाडा जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 98 जयपुर 2010 के संबंध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कर नवीन सदस्यों के नाम कार्यालय रिकॉर्ड में दर्ज अभिलेख करने निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03.12.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-07.01.25
5644/03.12.24
मुहर
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक एवं सदस्य सचिव मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
हरिबक्श कांवटिया चिकित्सालय शास्त्री नगर, जयपुर
(सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर से सम्बंद्ध)
क्रमांक का.चि/स्टोर/ नीलामी/2024/143 **दिनांक: 2.12.24**

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्था के नकारा / अनुपयोगी / अप्रचलित कालातीत सामानों (उपकरण, औजार, फर्नीचर आदि) का 'जिस स्थिति में है, उसी स्थिति' में संस्था के परिसर में दिनांक 05.12.2024 को दोपहर 12:00 बजे से नीलामी द्वारा निस्तारण किया जावेगा। सामानों का अनुमानित पुस्तक मूल्य 47,64,263 रू है। इच्छुक बोलीदाता पुस्तक मूल्य की 2 प्रतिशत अर्थात् 95300 रू (अक्षरे राशि रू पिचानवे हजार तीन सौ मात्र) अमानता राशि नगद / डीडी **सदस्य सचिव मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी हरिबक्स कांवटिया चिकित्सालय, जयपुर** के पक्ष में दिनांक 05.12.2024 को प्रातः 11:30 बजे से पूर्व जमा करवाकर नीलामी में भाग ले सकते है। सामानों का अवलोकन कार्यालय समय में किया जा सकता है। अन्तिम बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नीलामी समिति का होगा।

UBN No.-SMS2425GSOB00312
डीआईपीआर/सी/12331/2024 **चिकित्सा अधीक्षक/सदस्य सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत, बिलनियासर, पंचायत समिति नोखा
क्रमांक :-ई-निविदा/2024-25/187-191 **दिनांक:- 04/12/2024**
(ई-निविदा सूचना /2024-25)

पंचायत समिति नोखा की ग्राम पंचायत बिलनियासर में प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके कौशल एवं उत्कृष्ठता बढ़ाने हेतु रेसिंग साईकिलिंग क्रय (bycycle Argon 18E 119tri including carbon wheels) हेतु सक्षम स्तर / राजकीय विभाग से तथा वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी में पंजीकृत फर्मो से बोली प्रकिया दिनांक 10.12.2024 सांय 6.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है व दिनांक 11.12.2024 दोपहर 3.00 बजे खोली जाएगी। कार्य का विस्तृत विवरण कार्यालय ग्राम पंचायत बिलनियासर एवं विभागिय वेबसाइट https://sppp. rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN NO.:- 1. PCP2425GSOB00236

सरपंच
ग्राम पंचायत बिलनियासर
पं.स. नोखा (बीकानेर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिलनियासर
पं.स. नोखा (बीकानेर)

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/उत्तर मध्य रेलवे/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई- निविदा सूचना संख्या: झाँसी-इंजी-जी.एस.यू.-2024-24	
कार्य का नाम : झाँसी डिवीजन: फिजीबिलिटी स्टडी सर्वे एण्ड प्रीपेरेशन ऑफ डी.पी.आर. फॉर कन्सट्रक्शन ऑफ आर.ओ.बी./आर.यू.बी. इन लियू ऑफ 25 नम्बर लेवल क्रॉसिंग।	
अनुमानित लागत (₹): ₹ 1,43,15,994.00	**अमानत राशि (₹):** ₹ 2,21,600.00
निविदा बन्द होने की तिथि : 24.12.2024	
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह	

(1) निविदा दिनांक **24.12.2024** को **10:45** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे। **2077/24 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: T_24-25_Furnishing/Notice **दिनांक: 02.12.2024**

ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कोच एम.एल. आर कारखाना, झांसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आंमत्रित की जाती हैं।

निविदा संख्या: T_24-25_FURNISHING	**मात्रा:** एक कार्य	
कार्य का विवरण: सीएमएलआर वर्कशॉप झांसी में कार्य के दायरे के अनुसार आईसीएफ और एलएचबी प्रकार के बीजी कोचों के पीओएच/एसएस- II / एसएस-III के दौरान जीएससीएन, जीएस, एसएलआर और जीएससीजेड कोचों की फर्निशिंग गतिविधियो को पूरा करना।		
निविदा मूल्य: ₹ 100106238.93 (₹ दस करोड़ एक लाख छः हजार दो सौ अड़तीस एवं पैसे तिरानबे मात्र)		
कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 माह	**बयाना राशि:** ₹ 650500/-	**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0/-

1. निविदा दिनांक 03.01.2025 को 15:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन /परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **2075/24(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य ओम प्रकाश शर्मा ने प्लाट नम्बर डी-19 (दक्षिणी हिस्सा), योजना डी-11, रोड नम्बर 14, जोडला, सीकर रोड, जयपुर क्षेत्रफल 61.35 वर्गगज को मैसर्स एम एम कन्स्ट्रक्शन्स से खरीद कर उक्त प्लाट पर एच.डी. एफ.सी.लि. से ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति/संस्था या जनसाधारण को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से सात दिन में अद्योहस्ताक्षकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति मय साक्ष्य प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

Date: 04.12.2024 **Surender Singh Shakhawat**
Advocate
Mob. 9983155555, 7791855555

Ref:- R/230/24 Date- 04.12.2024

आम सूचना

सर्व सूचित रहे राजस्व ग्राम सांगानेर पटवार हल्का सांगानेर स्थित आराजियात खाता संख्या नया 433 के खसरा नम्बर 1676 रकबा 0.3800 हैक्टेयर में से हिस्सा 1/42 सम्पूर्ण के खातेदार राजेश पुत्र स्वं नाथू जाति कुमावत निवासी मुहाना मोड़ के पास सिरोहियों की तलाई सांगानेर से मेरे अभिभाष्य श्री ग्यारसीलाल पुत्र स्वं नोलाराम निवासी ग्राम मुहाना सांगानेर जयपुर ने जरिये रजि. विक्रय पत्र खरीद कर ली है ओर उक्त विक्रय भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति का मेरे अभिभाष्य के साथ कोई लेना देना शेष नहीं रहा है ओर यदि किसी का कोई लेना देना हो तो उसके लिए विक्रेता राजेश जिम्मेदार है तथा विक्रेता राजेश का यदि किसी व्यक्ति से कोई संव्यवहार हो तो वह मेरे अभिभाष्य के हितों के प्रति शून्य व निष्प्रभावी होगा।

ओमप्रकाश रंगजीका (एडवोकेट)
मो. 9414279691

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
पंजीयन क्रमांक-194781
क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-9/2024/डी-8669 **दिनांक: 25.11.2024**
सार्वजनिक विज्ञप्ति

निजी खातेदारी की योजना नंदन रेजिडेन्सी के भूखण्ड संख्या 8 क्षेत्रफल 269.41 वर्ग गज की लीजडीड दिनांक 30.08.08 को श्री अभय कुमार भूरा पुत्र श्री बालचन्द भूरा के नाम जारी की गयी थी। तत्पश्चात श्री अभय कुमार भूरा द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 14.12.23 को श्रीमती दीपिका रामपुरिया पत्नी श्री नितिन रामपुरिया को किया गया हैं। तत्पश्चात श्रीमती दीपिका रामपुरिया द्वारा उक्त भूखण्ड में से दक्षिणी हिस्सा क्षेत्रफल 200.41 वर्ग गज का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.07.24 को श्री आदित्य मिश्रा पुत्र श्री गौरी शंकर मिश्रा को किया गया हैं। तत्पश्चात श्री आदित्य मिश्रा द्वारा उक्त भूखण्ड का रजिस्टर्ड मु. आम श्री सचिन अग्रवाल पुत्र श्री श्रवण कुमार को किया गया हैं प्रकरण उपविभाजन हेतु आवेदित है। अंतः उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AMGI Automobiles Mass Code 1938 पहले प्रोपराईटर फर्म थी अब यह पार्टनरशीप फर्म मनीष गोगिया और कैलाश कुमावत के बीच 51 और 49 प्रतिशत शेयर पर की गई है। यह पहले एयरपोर्ट सर्किल सांगानेर पर थी। अब डिग्गी रोड पर चालू की गई है। Cont.: 9828797115

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-7/2024/डी-1836 **दिनांक: 24.10.2024**
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संजू कंवर पत्नी श्री उम्मेद सिंह द्वारा श्री सीताराम वर्मा के पक्ष में जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड, साईट प्लान, पंजीकृत विक्रय पत्र की प्रति के आधार पर जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना-विधानसभा सचिवालय समूह आवास योजना विस्तार, जयपुर के भूखण्ड संख्या-158 का नाम हस्तान्तरण व लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा अपने पक्ष में जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन संख्या 190144 किया गया है। उक्त दस्तावेजात् के आधार पर भूखण्ड संख्या-158 योजना-विधानसभा सचिवालय समूह आवास योजना विस्तार, जयपुर का नाम हस्तान्तरण व लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा आवेदिका के पक्ष में जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218डी, में दर्ज करावें। 07 दिवस की अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिका के पक्ष में नियमानुसार जाँच पश्चात् नाम हस्तान्तरण पत्र व लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

उपायुक्त जोन -7 जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

संक्षिप्त समाचार

दस साल की मासूम से रेप के मामले में आखिरी सांस तक जेल, 60 हजार का जुर्माना लगाया

पत्नी के सामने तीन दिन तक किया था दुष्कर्म, फरार महिला का जारी किया वारंट

महानगर संवाददाता

अजमेर। जिले की पॉक्सो कोर्ट ने 10 साल की मासूम से रेप के 2 साल पुराने मामले में आरोपी को आखिरी सांस तक जेल की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी की पत्नी को फरार घोषित कर स्थाई वारंट भी जारी किया है। आरोपी पर 1 लाख 60 हजार का जुर्माना भी लगाया है। पति-पत्नी ने मिलकर जंगल से मासूम का किडनैप किया था। इसके बाद गुजरात ले जाकर पत्नी के सामने ही पति ने 3 दिन तक उसका रेप किया था। सरकारी वकील रूपेंद्र परिहार ने बताया कि पॉक्सो कोर्ट के जज राजीव कुमार बिजलानी ने बुधवार को राजसमंद निवासी युवक को आखिरी सांस तक जेल की सजा सुनाई है। मामले में ट्रायल के दौरान आरोपी की पत्नी फरार हो गई थी, जिसे कोर्ट ने फरार घोषित कर स्थाई वारंट जारी किया है। मामले में 20 गवाह और 25 दस्तावेज पेश किए गए थे। जज ने प्रतिकर स्कीम के तहत पीड़िता को 6 लाख रुपए दिलाने का आदेश दिया। सरकारी वकील रूपेंद्र परिहार ने बताया कि अजमेर के मसूदा थाने में अक्टूबर 2022 में नाबालिग के पिता ने मुकदमा दर्ज करवाया था, जिसमें बताया कि 10 वर्षीय बेटी जंगल में टॉयलेट के लिए गई थी, लेकिन वह वापस घर नहीं पहुंची। तलाश करने पर पता चला कि गांव में रहने वाले व्यक्ति के घर पर आए रिश्तेदार और उसकी पत्नी भी गायब थे। पति-पत्नी पर शक जताते हुए पिता ने मुकदमा दर्ज करवाया था। परिहार ने बताया कि आरोपी नाबालिग पीड़िता को कामलीघाट कोलकाता में छोड़कर फरार हो गए थे, वहीं से पुलिस ने पीड़िता को दस्तयाब किया था।

अजमेर-राजसमंद होते हुए ले गए थे अहमदाबाद

पीड़िता ने कोर्ट में दिए बयानों में बताया था कि वह उस दिन जंगल में टॉयलेट के लिए गई थी। युवक और उसकी पत्नी उसे मिले और डरा धमकाकर किडनैप कर अजमेर के जवाजा ले गए थे। वहां से उसे राजसमंद के भीम ले गए, जहां उसे एक दिन रखने के बाद दूसरे दिन बस से अहमदाबाद ले गए थे। तीन दिन तक अहमदाबाद में किराए के कमरे में आरोपी ने पत्नी के सामने उसके साथ रेप किया था। परिहार ने बताया कि कोर्ट ने मामले पर टिप्पणी की और कहा कि इस प्रकार की घटना एक गंभीर प्रकृति का अपराध है। इसमें किसी भी प्रकार की नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

भैंस किसकी, सबूत के लिए उसके बच्चों को थाने बुलाया

जोधपुर (मसं.)। शहर के पुलिस थाने में तीन दिन तक 3 भैंस बंधी रही। जब एक व्यक्ति ने ये दावा किया कि ये भैंस उसकी है तो पुलिस ने भैंस के बच्चों को थाने में लाने का कहा। मालिक ने ये शर्त भी पुलिस की मान ली और भैंस के बच्चों को लेकर थाने पहुंचा। जब इन्होंने भैंस का दूध पीना शुरू किया तो पुलिस को विश्वास हो गया कि ये भैंस दावा करने वाले व्यक्ति की है। ये अनूठा मामला है जोधपुर कमिश्नरेट के बनाड़ थाने का। बनाड़ थाना एएसआई सुभाष विश्नोई ने बताया कि वे बनाड़ हाईवे पर रात को टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान मोहम्मद शरीफ तीन भैंस गाड़ी में ले जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को शक होने पर उसे रोककर इन भैंसों के बारे में पूछा, लेकिन वह जवाब नहीं दे पाया। इस पर टीम तीनों भैंसों को थाने लेकर आ गई और वहां बांध दिया। मोहम्मद शरीफ को अगले दिन नाम, पते और अन्य डॉक्युमेंट लेकर थाने में बुलाया। जब कोई नहीं आया तो पुलिस ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। इस वीडियो में पुलिस ने बताया कि थाने में ये तीन भैंस बंधी हुई है, जिसकी भी है वह इसे ले जाए, लेकिन इन भैंसों को लेने कोई नहीं आया। एएसआई ने बताया कि भैंस सही मालिक तक पहुंचे, इसके लिए मोहम्मद शरीफ भैंसों के बच्चों को लेकर थाने आया। यहां जैसे ही उसने बच्चों को छोड़ा वे अपनी मां के पास दूध पीने के लिए दौड़ गए। इस पर पुलिस को भी विश्वास हो गया कि ये भैंस मोहम्मद शरीफ की है।

कॉमर्स कॉलेज के पूर्व महासचिव विश्वजीत ने किया सुसाइड

महानगर संवाददाता

उदयपुर। शहर के सवीना थाना क्षेत्र में गवर्नमेंट कॉमर्स कॉलेज के महासचिव रहे एक युवक ने सुसाइड कर लिया। घटना के समय वह घर पर अकेला था। मौत से पहले युवक विश्वजीत ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी पोखरना से बात की थी। सन्नी ने बताया कि उसकी बातों से ऐसा नहीं लगा कि वो सुसाइड कर लेगा। सविना थाने के एएसआई नवीन ने बताया कि मृतक की नानी शहर के देवाली इलाके में रहती है। उनकी तबीयत खराब थी तो उनसे मिलने के लिए विश्वजीत के पिता अमरजीत सिंह शक्तावत परिवार के साथ देवाली गांव गए हुए थे। जब घरवाले वापस लौटे तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं खोला तो उन्होंने गेट तोड़ दिया। यहां बेटे को फंदे से लटकते हुए देख घरवालों के होश उड़ गए। विश्वजीत को पास के ही निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। विश्वजीत के दोस्त सन्नी पोखरना ने बताया कि उससे मेरी फोन पर बात हुई थी। जब सुसाइड का पता चला तो विश्वास ही नहीं हुआ कि वह ऐसा कर सकता है। वहीं सविना थाने के एएसआई ने बताया कि विश्वजीत से एक महीने पहले उनकी मुलाकात हुई थी। उनके इलाके में लेपर्ड आने की सूचना विश्वजीत ने ही दी थी। मौके पर जब हम गए तो विश्वजीत ने काफी मदद की और टीम को सीसीटीवी भी उपलब्ध करवाए थे। सुसाइड क्यों किया इसके कारणों की जांच की जा रही है। विश्वजीत सिंह मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के संगठक कॉमर्स कॉलेज के महासचिव था। पिता उदयपुर में ही सीए इंस्टीट्यूट में जॉब करते हैं।

खाना खाकर टहल रहे परिवार को कार ने रौंदा

झुंझुनूं (मसं.)। जिले के रीको स्थित कच्ची बस्ती के पास एक तेज रफ्तार कार ने एक परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में दारा सिंह, उनकी पत्नी सीता, बेटी अंजली और ज्योति घायल हो गए। घायलों को भगवान दास खेतान अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चारों का इलाज चल रहा है। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर कार लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रीको स्थित पुलिस लाइन के सामने वार्ड नंबर 12 के रहने वाले दारा सिंह का परिवार खाना खाकर घर के पास ही घूम रहा था, उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे का सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है। इस संबंध में घायल दारासिंह के भाई रवि ने कोतवाली थाने में कार ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करवाया है। रवि ने बताया कि रात को उसका भाई दारासिंह, भाभी सीता और भतीजी अंजली और ज्योति कच्ची बस्ती के पास रोड से 7-8 फीट दूरी पर खड़े थे। अचानक तेज रफ्तार से ब्लैक रंग की कार आई और उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी को लेकर फरार हो गया। घायलों को तुरंत प्रभाव से झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली थाने के एसआई सुरेश रोनल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने मामला दर्ज करवाया है, जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रेकी कर ट्रक चोरी करने वाले बदमाशों की तलाश, कबाड़ गोदाम में कटने से पहले बचाया

पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर पकड़ा चोरी का ट्रक, दो खरीदार गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

जयपुर। शहर की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने चोरी हुए ट्रक को पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित खनौरी कस्बे से बरामद कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को एक कबाड़ गोदाम से कटने से पहले ही बचा लिया। वहीं पुलिस ने ट्रक को खरीदने वाले मुजफ्फर नगर यूपी के रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ट्रक को खनौरी बॉर्डर पंजाब में कबाड़ में कटवाने की तैयारी में थे। ट्रक चोरी करने वाले बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है। डीसीपी वैस्ट अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा इलाके से कुछ बदमाशों ने एक ट्रक चोरी कर लिया था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि ट्रक चोरी करने में बड़ी गैंग शामिल हैं, जो कार से इलाके में रेकी करने वाले बाद ट्रक चोरी करके ले गए। शाहजहांपुर टोल प्लाजा तक दोनों गाड़ियां आगे-पीछे जाती हुई दिखाई दीं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार के नंबर मिलने पर कार मालिक की तलाश की गई। जिस पर पता चला कि इन बदमाशों ने किसी अन्य कार के नम्बर इस पर लगाए हुए हैं। वर्कशॉप के गेट पर ताला लगा होने पर पुलिस टीम ने संबंधित थाने पर सूचना दी। स्थानीय पुलिस जाब्ता बुलाकर वर्कशॉप से ट्रक बरामद कर चोरी का ट्रक खरीदने वाले दो बदमाश मोहम्मद साजिद अली पुत्र अता मोहम्मद निवासी गांव शेरपुर प्राथमिक पाठशाला न. 1 के पास पुलिस थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर उत्तरप्रदेश और अहमद रियाज पुत्र शब्बीर हसन निवासी बिजली घर के पास नया शहाबुदीनपुर न्याजपुरा माजरा पुलिस थाना कोतवाली जिला मुजफजरनगर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया।

कबाड़ मार्केट में चैक किए एक-एक वर्कशॉप

पुलिस टीम ने फिर मेवात क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज, ट्रक और कार की जांच करना शुरू किया। जिस पर पुलिस को जानकारी मिली की पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी कस्बे में चोरी के वाहन खरीद कर कबाड़ में काटे जा रहे हैं। इस पर टीम मेवात क्षेत्र से रवाना होकर खनौरी जिला संगरूर पहुंची और कबाड़ मार्केट में एक-एक वर्कशॉप बड़े गोपनीय रूप से चैक किए तो चोरी हुआ ट्रक एक बाड़े में खड़ा मिला, जिस के बाहर गेट पर ताला लगा हुआ था।

कार-कंटेनर की टक्कर में 5 लोगों की मौत, दो घायल

महानगर संवाददाता

चूरू। चूरू-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर सरदारशहर में देर रात कंटेनर और टाटा सफारी गाड़ी की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई। कंटेनर ड्राइवर समेत 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को बीकानेर रेफर किया गया है। कार सवार लोग गाड़ी में बुरी तरह फंस गए थे, उन्हें निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। 2 घंटे की मशक्कत के बाद घायलों को निकाला जा सका। थानाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि टाटा सफारी गाड़ी में सवार सभी लोग सरदारशहर से हनुमानगढ़ की ओर जा रहे थे। हनुमानगढ़ रोड मेगा हाईवे पर बुकनसर फांटा के पास हनुमानगढ़ की ओर से आ रहे कंटेनर से सफारी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर डीएसपी रामेश्वर लाल भी मौके पर पहुंचे। भिड़ंत के कारण सफारी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर सरदारशहर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से 2 घंटे की मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत पुलिस की गाड़ी से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सभी घायलों को सरदारशहर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां 5 लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इनमें सफारी गाड़ी में सवार राणासर बीकानेर निवासी कमलेश पुत्र भंवरलाल भार्गव, राकेश पुत्र लालाराम भार्गव, राजासर बीकानेर निवासी पवन पुत्र रतनलाल भार्गव और सीकर के रहने वाले धनराज शामिल हैं।

दो गंभीर घायल बीकानेर रेफर

कंटेनर ड्राइवर रतनगढ़ निवासी किशोर सिंह राजपूत, डूंगरगढ़ के रीड़ी निवासी नंदलाल पुत्र किशनलाल भार्गव और रामलाल पुत्र गिरधारीलाल भार्गव को गंभीर हालत में हायर सेंटर बीकानेर रेफर किया गया है। इस दौरान रास्ते में नंदलाल ने दम तोड़ दिया, जिसका शव बीकानेर के पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। वहीं चार शवों को सरदारशहर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया है।

कॉलेज के युवाओं को गांजा सप्लाई करने वाला तस्कर पकड़ा

ओडिशा से जोधपुर मंगवाई थी 4.30 करोड़ की खेप, स्कॉर्पियो करती थी एस्कॉर्ट

महानगर संवाददाता

जोधपुर। एनसीबी ने राजस्थान में 4.30 करोड़ रुपए की गांजे की खेप मंगाने वाले तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। इस खेप को ओडिशा से जोधपुर पहुंचाने के लिए तस्कर ने 3 आरोपियों से 8 लाख रुपए में डील की थी। ओडिशा से नशे की खेप लेकर आ रही पिकअप को काले रंग की स्कॉर्पियो एस्कॉर्ट करते हुए चलती थी। वह इस नशे की खेप को जोधपुर के बड़े कॉलेजों और युवाओं को सप्लाई करने वाला था।

एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि एनसीबी इस मामले में पहले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। एनसीबी के हाथ लगा सरगना मेहाराम बिश्नोई करवड़ थाना क्षेत्र विनायपुरा का निवासी है। जांच में जोधपुर में ओडिशा से आ रही नशे की खेप को लेकर बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। जोनल डायरेक्टर घनश्याम ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में मालूम चला है कि आरोपी मेहाराम साल 2004 से गांजे की तस्करी में लिप्त है। इसी ने ओडिशा से गांजे की खेप मंगाने के लिए लाखों रुपए का बंदोबस्त किया था। मेहाराम ने इसे लाने के लिए 8 लाख से अधिक की राशि गांजे की सप्लाई के लिए लगाई थी। उसने तस्कर राकेश साई और बलदेव को पैसा दिया था। राकेश साई और बलदेव ओडिसा से गांजा लेकर जोधपुर आए थे। यह दोनों पहले से ही एनसीबी की गिरफ्त में हैं। मेहाराम इस नशे की खेप को जोधपुर में नागौर रोड पर स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान जोधपुर में स्टूडेंट्स को बेचता था।

पिकअप में मिली थी करोड़ों रुपए की ड्रग्स

एनसीबी जोधपुर की टीम ने इसी साल 24 मई को फिटकासनी जोधपुर स्थित गोरा होटल के पास एक महिंद्रा पिकअप वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 71 पैकेट गांजा बरामद किया था। इसके बाद की कार्रवाई में 99 अतिरिक्त पैकेट भी जब्त किए गए। इस प्रकार कुल 865 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 4.30 करोड़ आंकी गई। इस कार्रवाई में पिकअप ड्राइवर अनिल कुमार निवासी बिश्नोइयों की ढाणी मोगड़ा कला जोधपुर को गिरफ्तार किया था।

अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रैलिंग को तोड़ते हुए पलटी कार

बेटी की शादी कर लौट रहे मां-बेटे की हादसे में मौत

महानगर संवाददाता

बौंली। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में मां और बेटे की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार गुड़गांव निवासी 30 वर्षीय यशवर्धन चतुर्वेदी और उनकी 55 वर्षीय मां बीना देवी चतुर्वेदी कार से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सवाई माधोपुर की ओर से बौंली की ओर होते हुए गुड़गांव जा रहे थे। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बाद बौंली के समीप चेनेज 252 के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रैलिंग को तोड़ते हुए पलट गई।

सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस चालक उस्मान खान एवं अन्य ने कार में फंसे हुए दोनों को बड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। पुलिस भी मौके पर पहुंची। अस्पताल में चिकित्सकों ने बीना देवी को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल यश का प्राथमिक उपचार कर जयपुर रेफर कर दिया, जिसे 108 एंबुलेंस में ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं। सूचना पर पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक रामबाबू गुर्जर अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को हादसे की सूचना दी।

पूरे परिवार पर टूटा गमों का पहाड़

गुड़गांव निवासी त्रिपुरारी (अतुल) चतुर्वेदी अपनी बेटी की शादी करने के लिए परिवार सहित कोटा आए थे, जहां पर 1 दिसंबर को पूरे धूमधाम के साथ शादी समारोह आयोजित किया गया। वैवाहिक रस्में पूरी करने के बाद सभी रिश्तेदार 3 दिसंबर को विदाई के बाद रवाना हो गए। बुधवार सुबह अतुल चतुर्वेदी की पत्नी बीना देवी और बेटा यश कार से गुड़गांव के लिए रवाना हुए। कार को यश चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार जिस तरह से असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराते हुए रैलिंग को तोड़कर पलटी, उसे देखते हुए प्रथमदृष्टया यह माना जा रहा है कि कार चलाते समय चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ है।

जमीन विवाद में हत्या करने के मामले में 8 दोषियों को उम्रकैद

दौसा (मसं.)। जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या के मामले में सिकराय एडीजे कोर्ट ने 8 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही इसी मामले में दूसरे पक्ष के प्रकरण में फैसला देते हुए एक अन्य दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। घटनाक्रम दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के चांदेरा गांव में जून 2017 का है। एक पक्ष के बुधराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 19 बीघा 8 बीस्वा भूमि खातेदारी में पिता रेवड़मल के नाम से दर्ज है और वर्षों से जुताई-बुवाई करते आ रहे हैं। इस भूमि पर उनके गांव के ही भरोसी व शिवराम आदि जबरन कब्जा करना चाहते है। 21 जून 2017 को वह अपने पिता रेवड़मल, मां, पत्नी व भाभी के साथ बाजरे की बुवाई करने खेत पर गए थे कि दूसरे पक्ष के एक दर्जन लोगों ने एकराय होकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

कार्रवाई राजस्थान सहित तीन राज्यों में हत्या, लूट, फिरौती व जानलेवा हमले के 21 मामले दर्ज

मूसेवाला हत्याकांड में शामिल हिस्ट्रीशीटर जोकर भटिंडा जेल से गिरफ्तार

जेल से मैंडल माया के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए तलाशता था टार्गेट

महानगर संवाददाता

जयपुर। शहर की संजय सर्किल थाना पुलिस भटिंडा जेल से हार्डकोर अपराधी राजेन्द्र उर्फ जोकर को गिरफ्तार कर जयपुर लाई है। जोकर सिद्धु मूसेवाला हत्याकांड में भी शामिल रहा है। आरोपी जोकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए जेल से रंगदारी के लिए मैंडल माया के माध्यम से टारगेट तलाश करता था। मैंडल माया भटिंडा जेल में जाकर टार्गेट की जानकारी आरोपी को दिया करता था। पूछताछ में मैंडल माया ने बताया कि जयपुर के एक व्यापारी को जोकर ने ही जान से मारने की धमकी दी थी। जोकर के खिलाफ हरियाणा, पंजाब व राजस्थान में हत्या, लूट, फिरौती व जानलेवा हमले के 21 मामले दर्ज हैं। डीसीपी नॉर्थ राशी डोगरा ने बताया कि लॉरेन्स बिश्नोई, रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ गैंग की ओर से आए-दिन व्यापारियों को धमकी देकर फिरौती के लिए आने वाली कॉल्स को गम्भीरता से लेते हुए विशेष टीम बना कर इस पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने योगेश सैनी, मोहम्मद अकिल मंसुरी, हरेन्द्र बिशनोई उर्फ राकेश व दीपक सैन निवासी हरियाणा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक पिस्टल एक देसी कट्टा, एक मैग्जीन व 5 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए थे।

गैंग में शामिल लोगों को देता था टास्क

डीसीपी ने बताया कि यह बदमाश रोहित गोदारा द्वारा धमकाए व्यापारी पर गोली चलाने के उद्देश्य से आए थे, जिन्हें वारदात से पहले ही सीआई संजय सर्किल हरिओम सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। इनसे हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने दीपक सैन, सीमा उर्फ रेणु उर्फ माया मल्होत्रा, हरेन शैलेष भाई सरबदडिया उर्फ डेविल राजा, सचिन वर्मा को भी गिरफ्तार किया। इन सभी के कब्जे से अब तक कुल 3 देशी कट्टे, एक पिस्टल मय मैगजीन व 7 कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि जयपुर के व्यापारियों को फिरोती के लिए धमकी देने के लिए नंबर उपलब्ध करवाने, युवकों को सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़कर माइंड वॉस कर गिरोह में शामिल करने और गैंग में अन्य प्रदेश के लोगों को शामिल कर उनको अलग-अलग टास्क देने संबंधी काम राजेन्द्र उर्फ जोकर जेल में रहते हुए किया करता था। जिस पर टीम ने राजेन्द्र उर्फ जोकर पुत्र दलबीर सिंह निवासी गांव मुगलपुरा हिसार हरियाणा को भटिंडा जेल से गिरफ्तार किया गया है।

रंगदारी के लिए सट्टेबाजों व व्यापारियों को देता था धमकी

राजेन्द्र जोकर के नाम से मशहूर है और इसका रोहित गोदारा, सम्पत नेहरा, शुभम उर्फ बिगनी, गोल्डी बराड आदि से सीधा संबंध है। जोकर इस गैंग का महत्वपूर्ण व सक्रिय सदस्य है। ये ही गैंग के के लिए टारगेट ढूंढने, सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को गैंग से जोड़ने और उनसे अवैध मादक पदार्थ व अवैध हथियार मंगवाने और डिलेवरी करने संबंधी कार्य को अंजाम देता है। विभिन्न प्रदेशों के सट्टेबाजों, बड़े व्यापारियों, फिल्म स्टार आदि के नम्बर प्राप्त कर उनको गोल्डी बराड या रोहित गोदारा में से किससे धमकी दिलवाना है, फिरोती की रकम कहा पहुंचाना है, नहीं देने पर पुनः उन पर किससे फायरिंग करवानी है, फिरोती से प्राप्त रकम का निस्तारण करना और रोहित गोदारा द्वारा दी गई धमकी को क्रियान्वित करवाने का कार्य जोकर ही करता है।

संक्षिप्त समाचार

उप्र सीएम से महाकुंभ में राजस्थान पैवेलियन के लिए भूखंड आवंटन का अनुरोध

राजस्थान के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री की पहल

महानगर संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की जनता की धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक परंपरा के संरक्षण के लिए कृतसंकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार आस्था धामों के विकास और वरिष्ठ जनों को तीर्थ यात्रा करवाने जैसे कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ में राजस्थान के श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्थक पहल की है। शर्मा ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कुंभ मेला स्थल के निकट राजस्थान का एक पैवेलियन स्थापित करने के लिए भूखंड आवंटित करने का आग्रह किया है। ये पैवेलियन स्थापित होने से राजस्थान के लाखों श्रद्धालुओं के विश्राम, जलपान तथा चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि उत्तरप्रदेश सरकार का सहयोग राजस्थान के श्रद्धालुओं के महाकुंभ के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ ही देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपरा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन 12 को

जयपुर (मसं.)। राजस्थान में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में 12 दिसंबर को खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राजस्थान के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश में खेलों के विकास को नई ऊंचाइयां मिल रही हैं। 'खेलो इंडिया' जैसी योजनाओं से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है, और राजस्थान में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को अमर जवान ज्योति, जयपुर से सुबह 8 बजे 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हरी झंडी दिखाकर करेंगे। साथ ही इस अवसर पर पेरिस ओलंपिक-2024 और एशियन गेम्स-2023 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 'विकसित भारत' और 'विकसित राजस्थान' के सपने को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वर्तमान में संचालित इकाइयों को संयुक्त उद्यम में देने का विरोध

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक सीएमडी देवेंद्र श्रृंगी एवं निगम के उच्च अधिकारियों के साथ हुई। बैठक में संघर्ष समिति ने वर्तमान में संचालित इकाइयों को संयुक्त उद्यम में देने का विरोध किया, चूंकि उसके लिए अतिरिक्त निवेश की जरूरत नहीं है। वहीं प्रदेश की बिजली मांग को देखते हुए नई उत्पादन इकाइयों की स्थापना जेवी के माध्यम से करने पर सहमति जताई, लेकिन हिस्सेदारी के अनुसार निगम कर्मचारी एवं अभियंता लगाने की मांग की। राजस्थान विद्युत उत्पादन संघर्ष समिति के संयोजक रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि सरकार की घोषणा के बाद भी निगम में आज तक जीपीएफ कटौती कर पुरानी पेंशन लागू नहीं होने पर नाराजगी जाहिर भी जताई गई। इसके बाद संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक को उत्पादन निगम के वर्तमान स्वरूप से छेड़छाड़ नही करने एवं कर्मचारियों के हितों के स्पष्ट प्रारूप की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर समिति ने आंदोलन तेज करने का फैसला किया। साथ ही पांचों विद्युत निगमों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को समर्थन देकर मजबूती के साथ लड़ाई लड़ने की बात कही।

शहर के आदर्श नगर, पुलिस कमिश्नरेट, शास्त्री नगर शीर्ष तीन प्रदूषित इलाकों में शामिल

ग्रीनपीस इंडिया रिपोर्टः जयपुर की एयर क्वालिटी हुई खराब

महानगर संवाददाता

जयपुर। ग्रीन पीस इंडिया द्वारा जारी की गई एक नई रिपोर्ट 'उत्तर भारत से परे : सात प्रमुख भारतीय शहरों में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) प्रदूषण और स्वास्थ्य जोखिम' में जयपुर में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के प्रदूषण के खतरनाक स्तर का खुलासा हुआ है।

ग्रीनपीस इंडिया में क्लाइमेट जस्टिस कैम्पेनर सेलोमी गार्नियाक ने कहा कि यह रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण सत्य को पेश करती है। वायु प्रदूषण दिल्ली या उत्तर भारत तक सीमित नहीं है। भारत के शहरों में उच्च नाइट्रोजन डाइऑक्साइड स्तरों में परिवहन क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान है। जैसे-जैसे शहर बढ़ते हैं, निजी वाहनों के बढ़ने से हवा की गुणवत्ता खराब होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे में पड़ता है। इससे निपटने के लिए हमें एक स्थाई, कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की और बुनियादी बदलाव की आवश्यकता है। स्वच्छ, अधिक सुलभ पारगमन विकल्पों में निवेश करना केवल एक पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं है, यह एक तत्काल सार्वजनिक स्वास्थ्य अनिवार्यता है। सरकार को स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ गतिशीलता समाधानों को प्राथमिकता देनी चाहिए। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड एक लगभग अदृश्य जहरीली गैस है, जो ट्रैफिक और ईंधन जलाने से निकटता से जुड़ी हुई है, जो शहरी क्षेत्रों में आम है। इसका मतलब है कि वाहन और जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न होती ऊर्जा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

शहर की 2023 की वार्षिक औसत नाइट्रोजन डाइऑक्साइड सांद्रता सभी छह सीएएक्यूएम (कंटीन्यूअस एम्बेन्ट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन) पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वास्थ्य आधारित दिशानिर्देश से अधिक हो गई। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड की उच्चतम वार्षिक औसत वाला स्टेशन आदर्श नगर था, जिसने कम कठोर भारतीय राष्ट्रीय मानक का भी उल्लंघन किया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की सिफारिश

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिश है कि हवा में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड की वार्षिक औसत सांद्रता 10 µg/m3 से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि एनएएक्यूएस द्वारा सिफारिश की गई वार्षिक औसत 40 µg/m3 है। तीन स्टेशन (आदर्श नगर, पुलिस कमिश्नरेट, शास्त्री नगर) में वर्ष के 60 फीसदी से अधिक समय में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड की सांद्रता इस दिशानिर्देश से अधिक पाई गई। आदर्श नगर स्टेशन ने डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देश से 277 दिन अधिक दर्ज किए। आदर्श नगर स्टेशन पर भी कम कड़े भारतीय राष्ट्रीय मानक से 20 दिन अधिक दर्ज किए गए।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करना जरूरी

जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों में वायु प्रदूषण संकट से निपटने के लिए, ग्रीनपीस इंडिया एक क्षेत्र-विशिष्ट दृष्टिकोण की सिफारिश करता है। इसमें एनएएक्यूएस को अपडेट करना, प्रदूषण से संबंधित स्थितियों के निदान के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करना, स्वास्थ्य सलाहकार प्रणाली लागू करना और कमजोर समूहों (बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बाहरी श्रमिकों और पहले से मौजूद स्थितियों वाले लोगों) के लिए हस्तक्षेप को प्राथमिकता देना शामिल है।

विधानसभा अध्यक्ष ने डिजिटल कार्य का किया अवलोकन

गुलाबी नगरी में सदन दिखेगा गुलाबी, सीटों का रंग बदला

31 दिसंबर तक कार्य पूरे करने के निर्देश

महानगर संवाददाता

जयपुर। राज्य विधानसभा आने वाले सत्र में नए रूप में दिखाई देगी। विधानसभा की फ्लोरिंग और विधायकों की सीटों का रंग जो अब तक हरा हुआ करता था, उसे गुलाबी कर दिया गया है। इसके साथ ही हर सीट पर एक आईपैड भी लगाया जा रहा है। इसके साथ ही एक लैपटॉप और प्रिंटर विधायकों को उनके आवास के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना में 12.61 करोड़ की राशि व्यय होगी। इस राशि में 60 प्रतिशत केंद्र सरकार एवं 40 प्रतिशत भागीदारी राज्य सरकार की होगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा गुलाबी नगरी में है और इसका सदन अब गुलाबी ही दिखाई देगा। देवनानी ने सदन में चल रहे कार्य की प्रगति का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और विधानसभा सदन व विधानसभा सचिवालय को डिजिटल किए जाने वाले कार्य 31 दिसंबर तक आवश्यक रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा का आने वाला सत्र पेपर लैस होगा। उन्होंने कहा कि नए सत्र में राजस्थान विधानसभा का सदन नए रूप में दिखाई देगा। विधानसभा के सदन में सदस्यों की सीटों पर कम्प्यूटर उपकरण स्थापित करने और सदन को पेपर लैस किए जाने वाला नेवा प्रोजेक्ट अंतिम चरण में है।

देवनानी ने बताया कि विधानसभा में नेवा सेवा केंद्र (ई लर्निंग कम ई-फैसिलेशन सेंटर) की स्थापना का स्थान निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत विधायकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को नेवा मॉडयूल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सामग्री अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी। विधायकों को ऑनलाइन कार्य करने के लिए सदन में भी मौके पर तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

विधानसभा सदन व सचिवालय हो जाएंगे पेपरलैस

नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) से राजस्थान विधानसभा का सदन और सचिवालय डिजिटल हो रहा है। इससे विधानसभा सदन व सचिवालय की कार्यवाही पेपरलैस हो जाएगी। इस ई-विधान एप्लीकेशन से राज्य विधानसभा के सदस्यों और अधिकारियों को कार्य करने में आसानी होगी। इस एप्लीकेशन के तहत विधानसभा के सदन से संबंधित विधेयक, रिपोर्ट्स आदि की जानकारी मीडिया, अनुसंधानकर्ता और आम नागरिक भी आसानी से देख सकेंगे। ई-विधान एप एन्ड्रॉयड और आईओएस दोनों तरह के मोबाइल पर चल सकेगा। यह एप ई-बुक और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। नेवा के तहत सदन की कार्यवाही विवरण, सदन में रखे जाने वाले पेपर्स, विधेयक से संबंधित जानकारी, समितियों की रिपोर्ट, प्रश्न और उनके जवाब, बुलेटिन, कार्यवाही विवरण, डिजिटल लाइब्रेरी, सूचनाएं और सदस्यों से संबंधित जानकारी एक ही एप्लीकेशन में उपलब्ध होगी।

कार्य की लगातार की जा रही समीक्षा

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि विधानसभा को डिजिटल करने की इस महत्वपूर्ण परियोजना की वे लगातार समीक्षा कर रहे हैं। गत माह चार देशों की यात्रा के दौरान भी उन्होंने प्रतिदिन इस कार्य की रिपोर्ट ली। उन्होंने विदेश यात्रा दौरान प्रतिदिन इस कार्य का ऑनलाइन निरीक्षण भी किया।

विधानसभा अध्यक्ष से पंजाब विधानसभा की समिति सदस्यों ने की मुलाकात

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से बुधवार को पंजाब विधानसभा की सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के सभापति सरदार देविंदरजीत सिंह सहित समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा की समितियों को सक्रिय किया जा रहा है। यहां समितियों की बैठकें प्रत्येक माह में 15 दिन करवाई जा रही हैं। साथ ही समितियों के कार्यों और रिपोर्ट्स की समीक्षा भी उनके स्तर पर की जा रही है। यह समिति जयपुर, उदयपुर और अजमेर का अध्ययन भ्रमण 7 दिसम्बर तक करेगी।

शिक्षा के साथ कौशल विकास जरूरीः बागड़े

16वें प्रकृति अंतरराष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

महानगर संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास से जुड़ी है। इसमें शिक्षा के डिजिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने वृत्तचित्रों को शिक्षा का प्रभावी माध्यम बताते हुए दृश्य-श्रव्य माध्यम के जरिए शिक्षा के प्रभावी प्रसार का आह्वान किया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े बुधवार को जोधपुर में 16वें प्रकृति अंतरराष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव के शुभारंभ के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक-दूसरे से संवाद जरूरी है। इससे अर्जित ज्ञान और विचारों का आदान-प्रदान होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा में प्रभावी प्रस्तुतिकरण ही महत्वपूर्ण है। सीईसी के माध्यम से शिक्षा के डिजिटाइजेशन की नई राहें खुली हैं। इससे आने वाले समय में भारत देश और तेजी से शिक्षा की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने वृत्तचित्रों को शिक्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए उच्च शिक्षा में इसके प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने वृत्तचित्रों के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि वृत्तचित्र निर्माण में भारत आरंभ से ही अग्रणी रहा है। वृत्तचित्रों से प्रभावी संदेश जाता है और इसका जितना अधिक शिक्षा में उपयोग होगा, देश का सतत विकास होगा।

सीईसी के डायरेक्टर प्रोफेसर जेबी नड्डा ने कहा कि सीईसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अंतर-विश्वविद्यालय केंद्रों में से एक है। यह उच्च शिक्षा स्तर पर डिजिटल शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल सामग्री प्रारूपों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ एशिया के सबसे बड़े डिजिटल शिक्षा प्रसार प्लेटफार्म के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1997 से सीईसी देश में आईसीटी आधारित शिक्षण वातावरण बनाने के लिए हर साल इस प्रकृति फिल्म महोत्सव का आयोजन करता आ रहा है। यह महोत्सव जिज्ञासा और रचनात्मक दिमागों के साथ जुड़ने के लिए नए विचार सामने लाता है।

राजस्थान रोडवेज के दिल्ली आगार ने अर्जित की इतिहास की सर्वाधिक आय

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान रोडवेज के दिल्ली आगार ने नवंबर माह में 3.45 करोड़ रुपए की आय अर्जित करते हुए अब तक के इतिहास की सर्वाधिक बुकिंग आय का रिकॉर्ड बनाया है। दिल्ली आगार के मुख्य प्रबंधक पुलकित कुमार ने बताया कि दिल्ली आगार ने नवंबर में 3.45 करोड़ रुपए की आय अर्जित कर अक्टूबर 2024 की 2 करोड़ 67 लाख रुपए आय की तुलना में 78 लाख रुपए अधिक आय अर्जित की है।

पुलकित ने बताया कि हाल ही 17 अक्टूबर से रोडवेज की चेयरमैन शुभ्रा सिंह के प्रयासों से रोडवेज प्रबंधन ने नई दिल्ली-जयपुर मार्ग पर 8 नई डीलक्स एसी बसों का संचालन शुरू किया है, जिससे दिल्ली आगार की बुकिंग आय में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि इन नवीन बसों के संचालन से वर्तमान में नई दिल्ली-जयपुर मार्ग पर निजी एसी बस ऑपरेटर्स के साथ काफी प्रतिस्पर्धा के बावजूद राजस्थान रोडवेज इस मार्ग पर अपनी डीलक्स वाहनों की उपस्थिति को बनाए रखते हुए नवंबर में अच्छा यात्री भार अर्जित करने में सफल रहा है। इसके परिणामस्वरूप नवंबर में दिल्ली आगार ने केवल वॉल्वो वातानुकूलित डीलक्स बसों से 50 लाख रुपए आय अर्जित की है, जो सितंबर की तुलना में 25 लाख रुपए अधिक है। मुख्य प्रबंधक ने बताया कि गत 15 सितंबर से डीटीआईडीसी प्रशासन और दिल्ली सरकार द्वारा आईएसबीटी सराय काले खां एवं कश्मीरी गेट पर बसों के प्लेटफॉर्म पर रुकने का समय 70 मिनट से घटाकर 25 मिनट कर दिया था, जिसके कारण अब निगम वाहनों को सवारी बैठाने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इसके बावजूद इसके दिल्ली आगार के बुकिंग स्टाफ की मेहनत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण आगार ने रिकॉर्ड बुकिंग आय अर्जित की।

कार्रवाई जेडीए ने अठारह बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

विप्र विहार आवासीय योजना में भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

महानगर संवाददाता

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर दो नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया। साथ ही ग्राम ग्वार ब्राह्मणान में जविप्रा की आवासीय योजना विप्र विहार के भूखंडों के ब्लॉक, पार्क, सुविधा क्षेत्र की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम फतेहपुरा से संस्कृत कॉलेज जाने वाली रोड, तहसील चाकसू जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपांतरण करवाए भूमि को समतल कर 'भैरव सिटी' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, सीमेंट के ट्री गार्ड, प्लॉटों की चारदीवारी, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही जेसीबी व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिमलिया से तितरिया जाने वाली रोड पर वीर रिसॉर्ट के सामने, जिला जयपुर में करीब 8 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर मिट्टी-ग्रेवल, सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना मिलने पर अतिक्रमण ध्वस्त किए। इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ग्वार ब्राह्मणान, तहसील सांगानेर में जविप्रा की आवासीय योजना विप्र विहार के भूखंडों के ब्लॉक, पार्क, सुविधा क्षेत्र की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बनाए गए टीनशेडनुमा कोठरिया, चारदीवारी अन्य अवैध निर्माण कब्जा-अतिक्रमण को ध्वस्त कर जविप्रा के भूखंडों, पार्क व सुविधा क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। ये कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर की गई।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25